बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 13 मई 2024
वर्ष 5, अंक 48, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके 15

संजय दत्त पर फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी 16



## बदरीनाथ धाम के खुले कपाट

**देहरादून।** बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को शुभ मुहूर्त पर सुबह छह बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोल दिए गए। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना कर सबके लिए मंगलकामना की।

**लोकसभा चुनाव का चौथा चरण आज : इस चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर वर्चस्व बनाए रखने को जूझेगी भाजपा**

# अखिलेश की प्रतिष्ठा और टेनी की छवि का इम्तहान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की जिन 13 सीट पर सोमवार को मतदान है उनमें से सभी पर 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी। इस चरण में कन्नौज सीट से उम्मीदवार मुख्य विपक्षी दल के नेता अखिलेश यादव की प्रतिष्ठा तो वहीं खीरी सीट पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की छवि का इम्तहान होना है। पिछले चुनाव में कन्नौज सीट सपा से भाजपा ने छीन ली थी। खीरी में लखीमपुर कांड से विवादित हुए अजय टेनी को आगे कर भाजपा को भी अग्निपरीक्षा देनी होगी।

कई सीटों पर कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी सत्तापक्ष के उम्मीदवारों को टक्कर दे रहे हैं। ऐसे में सभी सीटों को जीतना भाजपा के लिए चुनौती है।

कन्नौज, खीरी और उन्नाव में भाजपा के लिए चुनौती ज्यादा दिखती है। सपा 1998 से लगातार कन्नौज से जीत रही थी लेकिन, 2019 में भाजपा ने उसका विजय रथ रोक दिया था। भाजपा ने यहां फिर सुब्रत पाठक को ही सामने किया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को पराजित किया था। इस बार पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव खुद चुनाव मैदान में हैं। लखीमपुर खीरी सीट पर भाजपा ने एक बार फिर अजय मिश्रा टेनी पर भरोसा जताया है। टेनी पिछले लोस चुनाव 2019 में जीतने के बाद केन्द्र सरकार में गृह राज्य मंत्री बने। 2020-21 हुए किसान आंदोलन के समय से सबसे विवादित चेहरों में शामिल रहे हैं। इस नजरिए से उनके लिए हैट्रिक लगाना एक बड़ी चुनौती है। सपा ने पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा और बसपा ने अंशय कालरा को उतारकर अजय मिश्र की घेराबंदी की है।

उन्नाव से मौजूदा सांसद साक्षी महाराज को भाजपा ने फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके मुकाबले यहां कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल हुई अन्नू टंडन को सपा से प्रत्याशी बनाया गया है। अन्नू टंडन के साथ यहां इस बार कांग्रेस और सपा दोनों का जहां वोटबैंक है। वहीं, बसपा से अशोक पांडेय मैदान में हैं।



### इन सीटों पर आज मतदान

चौथे चरण में सोमवार को जिन 13 सीटों पर मतदान है उनमें शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर, कन्नौज, अकबरपुर और बहराइच शामिल हैं। इन लोस सीट पर कुल 130 उम्मीदवार मैदान में है।

- **भाजपा ने 2019 में उन सभी 13 सीटों पर जीत हासिल की थी जहां आज मतदान**
- **कन्नौज से सपा प्रमुख अखिलेश यादव और खीरी में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र मैदान में**

# 4 जून के बाद प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेंगे : योगी

## मुख्यमंत्री ने कहा-माफिया की संपत्ति जब्त कर गरीबों को करेंगे आवंटित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही चार जून के बाद हमारी सरकार प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेगी। इसके लिए बकायदा एक कट-ऑफ तारीख दी जाएगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक माफिया द्वारा अर्जित संपत्तियों को जब्त करके उसे गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों और दिव्यांगों के घरों के लिए आवंटित कर दिया जाएगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार रात एक निजी टीवी चैनल से साक्षात्कार के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया की अवैध जमीनों पर अस्पताल और स्कूल बनाए जाएंगे। पहले चरण में माफिया को टारगेट किया जाएगा और दूसरे चरण में उनके गुर्गों की संपत्तियां भी जब्त की जाएंगी। इसके लिए हमारी कार्य योजना भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने के आरोपों पर कहा कि ये उस महाभारत परिवार के एक और काका श्री हैं। जब द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था, तो दुर्योधन और दुशासन के सामने हर कोई चुप था। जैसी करनी वैसी भरनी चाहे वह आजम खां हों या कोई माफिया सरगना।



अमेठी में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी साथ में पार्टी प्रत्याशी स्मृति ईरानी। ● अमृत विचार

### राहुल पर तंज : फिर वे गाएंगे-चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि 4 जून के बाद इनको पूछने वाला कोई नहीं होगा। ये गाएंगे, ''चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना''। योगी ने कहा कि राहुल मुझसे लिखित में ले सकते हैं कि उनका गठबंधन उप्र. में सभी सीटें हार जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा राहुल गांधी का पुराना रिकार्ड रहा है कि जब भी उन पर कोई संकट आता है तो वह देश छोड़कर चले जाते हैं।

### अमेठी में बोले योगी - भूल से भी कांग्रेस को वोट गया तो लगेगा गो हत्या का पाप

**गौरीगंज (अमेठी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी के गौरीगंज में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रविवार को कहा कि जनता साफ-साफ कह रही है जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे, देश में तीसरी बार फिर भाजपा की सरकार बनाएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचते ही जनसमूह से जय श्रीराम और बुलडोजर बाबा जिंदाबाद का उद्घोष हुआ। अपने उद्बोधन में योगी ने कांग्रेस पर गो हत्यारों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। कहा कि ऐसे में अगर भूल से भी हमारा वोट कांग्रेस को गया तो हमें गो हत्या का पाप लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, जब हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को चक्कर आने लगता है।

### वे चाहेंगे कि मुसलमान लुंगी पहनें और दौड़ें

एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा कि जो भी दंगा करेगा उस पर डंडा तो चलेगा ही। प्रदेश में दंगा करने वालों को सात पीढ़ी तक जुर्माना भरना होगा। वहीं, कुछ इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा गजवा-ए-हिंद के बारे में बोलने पर योगी ने कहा, कयामत के दिन तक गजवा-ए-हिंद नहीं होने वाला है। भारत, भारत ही रहेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग हमारे समाज का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं, वे कभी मुसलमानों के हितैषी नहीं हो सकते। वे हमेशा चाहेंगे कि मुसलमान लुंगी पहनें और दौड़ें।

### एक नजर

#### मिर्जापुर से रमेश बिंद और रॉबर्ट्सगंज से छोटेलाल बने सपा उम्मीदवार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मिर्जापुर सीट पर भाजपा सांसद रमेश बिंद को सपा का उम्मीदवार बनाया है। रमेश बिंद भदोही से सांसद हैं। यहां रमेश बिंद के सामने एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल चुनाव मैदान में हैं। रॉबर्ट्सगंज से छोटेलाल खरवार को सपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। छोटेलाल ने 15 दिन पहले ही सपा का दामन थामा है। उनका रॉबर्ट्सगंज सीट पर मुकाबला वर्तमान सांसद पकौड़ी लाल की बहू रिंकी कोल से होगा। मिर्जापुर उप्र. की दूसरी सीट होगी जहां दो मौजूदा सांसदों के बीच मुकाबला है। बुलंदशहर में भी दो मौजूदा सांसदों के बीच टक्कर है।

#### झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए 14 मई को तलब किया है। संघीय एजेंसी ने पिछले सप्ताह आलम के निजी सचिव संजीव लाल (52) और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम (42) को उनसे जुड़े एक फ्लैट से 32 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि 70 वर्षीय आलम को बयान दर्ज कराने के लिए मंगलवार को रांची में ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

# संदेशखालि : प्रताड़ित महिलाओं को धमका रहे टीएमसी के गुंडे

बैरकपुर/हुगली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर 'वोट बैंक' की राजनीति का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 'गुंडे' दोषियों को बचाने के लिए संदेशखालि की प्रताड़ित महिलाओं को धमकी दे रहे हैं।

संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आने के बाद भाजपा और टीएमसी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जोरों पर है। राहुल गांधी का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री ने दावा किया कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को देशभर में अपने 'शहजादे' की उम्र से भी कम सीट मिलेगी। मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शासन में राज्य में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक बन गए हैं। कहा कि जब तक मोदी है, कोई भी सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) रद नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि हम सभी ने देखा है कि तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों और माताओं के साथ क्या किया। टीएमसी के गुंडे अब संदेशखालि में महिलाओं को धमकी दे रहे हैं क्योंकि मुख्य अपराधी का नाम शाहजहां शेख है। टीएमसी संदेशखालि के दोषियों को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उनकी टिप्पणी सोशल मीडिया पर सामने आए कई कथित वीडियो की पृष्ठभूमि में आई, जिनमें दावा किया गया है कि भाजपा के एक स्थानीय नेता ने संदेशखालि की कई महिलाओं से सादे कागजों पर हस्ताक्षर करवाए।



- **प्रधानमंत्री मोदी बोले-दोषियों को बचा रही तृणमूल कांग्रेस**
- **जनसभा में बोले-जब तक मोदी है सीएए को कोई रद नहीं कर सकता**
- **कांग्रेस को अपने 'शहजादे' की उम्र से भी कम सीट मिलेगी**

### संदेशखालि के बारे में झूठ बोल रहे प्रधानमंत्री : ममता



**बारासात।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संदेशखालि के बारे में लगातार झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को सवाल किया कि वह राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोपों पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं और उनसे इस्तीफा देने के लिए क्यों नहीं कहा जा रहा है। उत्तर 24 परगना के अमदंगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री को शर्म आनी चाहिए कि संदेशखालि के बारे में भाजपा की साजिश उजागर हो गई है। अमदंगा बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है।

### एक और वीडियो : 70 महिलाओं को रुपये देने का दावा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बहुचर्चित संदेशखालि घटना के संबंध में एक और कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें एक स्थानीय भाजपा नेता यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दो-दो हजार रुपये दिए गए हैं। शाहजहां शेख पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने और ग्रामीणों की भूमि हड़पने का आरोप है। कथित वीडियो 45 मिनट से ज्यादा का है, जिसमें संदेशखालि मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल जैसे दिखने वाले एक व्यक्ति ने प्रश्नकर्ता को यह बात कही।

# जाति जनगणना के जरिये देश का एक्स-रे करेगी कांग्रेस : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी जाति आधारित जनगणना के जरिये देश का 'एक्स-रे' करेगी।

उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसे टेम्पो वाले अरबपतियों से मिले 'नोटों को गिन' रही है तब उनकी पार्टी समानता सुनिश्चित करने के लिए जाति आधारित जनगणना कराएगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी की उन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिनमें कहा गया है कि कांग्रेस को अडाणी और अंबानी से टेम्पो में भरकर नकदी प्राप्त हो रही है।

गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वे पिछले 10 सालों से 'टेम्पो वाले अरबपतियों' से मिले 'नोट गिन' रहे हैं। हम 'जाति आधारित जनगणना' के माध्यम से देश का 'एक्स-रे' करेंगे और हर वर्ग के लिए समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पार्टी का एक विज्ञापन भी साझा किया जो जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर सरकार पर हमला करता है।



- **कांग्रेस नेता ने अरबपतियों वाले बयान पर मोदी को घेरा**

### मोदी सीबीआई और ईडी से करा लें जांच

राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस बात की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का आदेश देना चाहिए कि क्या अडाणी और अंबानी ने उन्हें काला धन भेजा था?

### कांग्रेस ने किया है जातीय जनगणना का वादा

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से सामाजिक-आर्थिक जनगणना पर अपने विचार साझा करने के लिए भी कहा है। पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जातियों-उपजातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आकलन के लिए देशव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति आधारित जनगणना कराने का वादा किया है।

# सोनिया ने अल्पसंख्यकों को दी 70% सांसद निधि

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** कांग्रेस की नीति व नीयत हमेशा ही समझ से परे रही हैं। राष्ट्रवाद पर तो उनके नेता उलूल-जुलूल बयान देने से बाज ही नहीं आते। अन्यथा कांग्रेस के नेता कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के पास भी एटम बम होने की धमकी भला क्यों देते हैं। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का बयान उनकी ओछी मानसिकता बताने को काफी है। लेकिन, ऐसे लोग जान लें कि हम एटम बम से नहीं डरते हैं। पीओके भारत का है और रहेगा। उक्त बातें गृहमंत्री अमित शाह ने कहीं।

जीआइसी मैदान पर रविवार को चुनावी सभा में अमित शाह कांग्रेस पर हमलावर दिखे, खास तौर पर गांधी परिवार पर। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने अपने सांसद निधि का 70 प्रतिशत हिस्सा अल्पसंख्यकों पर खर्च किया। शाह बोले कि प्रियंका कहती हैं कि मैं अपने परिवार से वोट मांगने आई हूं। आखिर, पांच साल तक रायबरेली राहुल या प्रियंका कितनी बार आए हैं। रायबरेली में अनेक दुर्घटना हुई। एनटीपीसी में ब्वॉयलर फटा, बछरावां में ट्रेन दुर्घटना हुई, गरीब महिलाएं जलकर मरी, गांधी परिवार का कोई आया क्या? शाह ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे कहते हैं यूपी व राजस्थान को कश्मीर से क्या लेना देना। कांग्रेस ने 70 साल से अनुच्छेद 370 को नहीं हटाया, मोदी जी ने समाप्त किया। मैं 370 का बिल लेकर खड़ा हुआ तो राहुल बाबा ने कहा कि मत हटाओ वरना खून की नदियां बह जाएंगी। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर का मुद्दा 70 साल से अटका रखा था। राहुल बाबा राम मंदिर इसलिए नहीं गए, क्योंकि वे अपने वोट बैंक से डरते हैं।



- **केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले-हम एटम बम से नहीं डरते पीओके भारत का है और रहेगा**
- **जब 370 हटाने का बिल पेश किया तो राहुल बोले मत हटाओ वरना खून की नदियां बह जाएंगी**

# केजरीवाल ने की अपनी 10 गारंटी की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को 'केजरीवाल की गारंटी' की घोषणा करते हुए केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर भारतीय जमीन को चीनी कब्जे से 'मुक्त' कराने समेत 10 कार्य गिनाए और कहा कि इन्हें युद्ध स्तर पर किया जाएगा।

रविवार को 'आप' नेता ने कहा कि चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं तथा हर साल युवाओं के लिए दो करोड़ नौकरियां सृजित करना गारंटी का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराएंगे।



- **गारंटी में चीन से जमीन वापसी, मुफ्त इलाज सहित कई बातें**

## अभिनेता अल्लू अर्जुन के खिलाफ मामला दर्ज

**नंदयाला।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के पहले प्रचार अभियान पर रोक लग जाने के बावजूद रैली में शामिल होकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में लोकप्रिय तेलुगू अभिनेता अल्लू अर्जुन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नंदयाला जिले के पुलिस अधीक्षक के. रघुवीरा रेड्डी ने बताया कि अर्जुन शनिवार को नंदयाला विधानसभा क्षेत्र से वाईएसआर कांग्रेस के उम्मीदवार एस रवि चंद्र किशोर रेड्डी के आवास पर कथित तौर पर एक रैली में आए थे।

- **आचार संहिता उल्लंघन का आरोप**

# पैकेट बंद सामान पर भ्रामक हो सकता है खाद्य लेबल

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान निकाय भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि पैकेट बंद सामान पर खाद्य लेबल भ्रामक हो सकता है। इसने जोर दिया कि उपभोक्ताओं को सामान खरीदते वक्त स्वस्थ विकल्प के लिए उस पर लिखी जानकारी को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए। आईसीएमआर ने यह भी कहा कि 'शुगर-फ्री' होने का दावा करने वाले खाद्य पदार्थ वसा से भरे हो सकते हैं जबकि डिब्बाबंद फलों के रस में फल का केवल 10 फीसदी तत्व ही हो सकता है।

हाल ही में जारी किए गए अपने आहार संबंधी दिशा निर्देशों में आईसीएमआर ने कहा कि पैकेट वाले खाद्य पदार्थ पर स्वास्थ्य संबंधी दावे उपभोक्ता का ध्यान आकर्षित करने के लिए और उन्हें इस बात पर राजी करने के लिए किए जा सकते हैं कि यह उत्पाद सेहत के लिहाज से अच्छा है। आईसीएमआर के तहत आने वाले हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) द्वारा जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि भारत खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के कड़े नियम हैं लेकिन लेबल पर लिखी सूचना भ्रामक हो सकती है। एनआईएन ने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि किसी खाद्य उत्पाद को तभी प्राकृतिक कहा जा सकता है जब उसमें कोई रंग और स्वाद या कृत्रिम पदार्थ न मिलाया गया हो और वह न्यूनतम प्रसंस्करण से गुजरा हो।

एनआईएन ने कहा कि प्राकृतिक शब्द का प्रयोग प्रायः धड़ल्ले से किया जाता है। यह भ्रामक हो सकता है। एनआईएन ने लोगों से लेबल खासतौर से सामग्री और अन्य जानकारी सावधानीपूर्वक पढ़ने का अनुरोध किया। 'असली फल या फलों के रस' के दावे को लेकर एनआईएन ने कहा कि एफएसएसएआई के नियम के अनुसार, कोई भी खाद्य पदार्थ चाहे वह बहुत कम मात्रा में हो, उदाहरण के लिए केवल 10 फीसदी या उससे कम फल तत्व वाले उत्पाद को यह लिखने की अनुमति दी जाती है कि वह फलों के गूदे या रस से बना है।



### बरतें सावधानी

- **भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने जारी की एडवायजरी**
- **शुगर फ्री का दावा करने वाले खाद्य पदार्थ में हो सकता है वसा**
- **डिब्बाबंद फलों के रस में 10 फीसद ही हो सकता है फल तत्व**

### गलत हो सकते हैं रियल फ्रूट, मेड विद होल ग्रेन के दावे

आईसीएमआर-एनआईएन की निदेशक डॉ. हेमलता आर की अगुवाई वाली विशेषज्ञों की बहु-विषयक समिति द्वारा तैयार किए गए निर्देशों में कहा गया है कि 'रियल फ्रूट' होने का दावा करने वाले उत्पाद में चीनी और अन्य तत्व मिले हो सकते हैं और उसमें असली फल का केवल 10 फीसदी तत्व हो सकता है। इसी तरह 'मेड विद होल ग्रेन' के लिए इन शब्दों की गलत व्याख्या की जा सकती है। शुगर-फ्री खाद्य पदार्थ में वसा, परिष्कृत अनाज (सफेद आटा, स्टार्च) मिला हो सकता है, छिपी हुई शुगर (माल्टीटोल, फ्रुकटोस, कॉर्न, सिरप) हो सकती है।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.।

## शहर में आज

- भमरौआ स्थित मंदिर में भगवान शंकर का जलाभिषेक प्रातः 6:30 बजे।
- भाकियू की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

# आठ घंटे बिजली न मिलने से परेशान रहे 1320 उपभोक्ता

## दोमहला रोड फीडर से दोपहर 12 बजे लिया गया शटडाउन, सुबह नौ बजे शटडाउन लेने की दी गई थी लोगों को सूचना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अस्तबल बिजलीघर के फीडर दोमहला रोड के बंद होने से आठ घंटे बिजली ठप रही। इससे घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। भीषण गर्मी में बिजली नहीं मिलने की वजह से लोग पसीना-पसीना होते रहे। दिन ढलने पर भी बिजली नहीं आने से लोगों के घरों में अंधेरा छा गया। रात आठ बजे आपूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

थाना गंज स्थित अस्तबल बिजलीघर 10 एमवीए का है। यहां दोमहला, अंगूरी बाग और लोटस मैरिज हॉल फीडर है। दोमहला फीडर की 11 हजार केवीए की लाइन के तार काफी जर्जर हो चुके हैं। इनमें आए दिन खराबी आने की वजह से घंटो विद्युतापूर्ति ठप रहती है। इस समस्या से उपभोक्ताओं को निजात दिलाने के लिए रविवार को बिजली विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर क्षतिग्रस्त तारों को ठीक कराया गया। तारों को सही करने का काम दिनभर चलता रहा। इसके चलते शहर की घनी आबादी वाले क्षेत्र में आठ घंटे बिजली नहीं मिली। इस दौरान लोग पसीना-पसीना हो गए।

बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार दोमहला फीडर से 1320 उपभोक्ताओं के घरों में बिजली जा रही है। मोहल्ला घेर मर्दान खां, बंगला आजाद खां, घेर सैफुद्दीन, तालाब निहालुद्दीन और चाह मोटे कल्लन खां में आठ घंटे बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

काफी देर तक बिजली नहीं आने पर एसडीओ और जेई के फोन घनघनाने लगे। विद्युत अधिकारी आपूर्ति को जल्द सुचारु कराने का आश्वासन देते रहे। मगर आपूर्ति रात आठ बजे सुचारु हो सकी। जेई नागेंद्र शर्मा ने बताया कि 11 हजार केवीए की लाइन के तार क्षतिग्रस्त हो गए थे। रविवार को जर्जर तारों को बदलवाया गया है।


घेर सैफुद्दीन खां में एचटी लाइन के तार ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

"अस्तबल बिजलीघर की 11 हजार केवीए लाइन के तार क्षतिग्रस्त थे। इन्हें बदलवाने के लिए बिजलीघर से दोपहर 12 से रात आठ बजे तक शटडाउन लिया गया। काम पूरा होने पर आपूर्ति सुचारु करा दी गई।"
–इमरान खां, एक्सईएन प्रथम, नवाबगेट डिवीजन।

### ग्रुप में दी गई गलत जानकारी

बिजली विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को ग्रुप में सुबह नौ से शाम चार बजे तक शटडाउन दिलाए जाने की सूचना अपलोड की थी। रविवार की सुबह नौ बजे से शटडाउन न लेकर दोपहर 12 बजे लिया गया। यदि सुबह नौ बजे शटडाउन लिया जाता तो तारों को बदलने का कार्य जल्द ही निपट जाता और लोगों को भीषण गर्मी में इतनी परेशानी नहीं होती। अधिकारियों का कहना है कि ठेकेदार ने देर से काम शुरू कराया। इसकी वजह से लोगों को परेशानी हुई।


"आठ घंटे बिजली नहीं आने से लोग काफी परेशान रहे। घरों में लगे इनवर्टर भी ठप हो गए। दिनभर कर्मचारी काम में जुटे रहे।"
–अरहम


"शहर में आए दिन अंधाधुंध कटौती की जा रही है। बिजली नहीं आने पर अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो फॉल्ट की बात बोल देते हैं।"
–सुहैल


"सूचना के अनुसार कार्य सुबह नौ बजे शुरू कर दिया जाता तो इतनी देर तक लोगों को परेशानी नहीं उठानी पड़ती।"
–वसीम


"आठ घंटे बिजली नहीं आने पर लोगों में घरों में लगे इनवर्टर भी ठप हो गए। पानी की टंकियां भी खाली हो गईं। दैनिक कार्य प्रभावित हुए।"
–अथर खां

# आज से शुरू होगी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को बैठक हुई। इसमें कालेज प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल ने बताया कि सोमवार से द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की वोकेशनल मिड टर्म परीक्षा का आयोजन चार पालियों में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रथम पाली 11 से 11:45 में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर एडवरटाइजिंग, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर ऑफिस प्रबंधन, कंप्यूटर एप्लीकेशन की होगी। दूसरी पाली 12 से 12:45 बजे में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर एमएस ऑफिस एप्लीकेशन एवं बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर ऑफिस प्रबंधन, कंप्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा होगी।

तीसरी पाली एक से 1:45 बजे तक में बीए द्वितीय सेमेस्टर एडवरटाइजिंग एवं चतुर्थ पाली में दो से 2:45 बजे में बीए चतुर्थ सेमेस्टर एमएस ऑफिस एवं एप्लीकेशन की परीक्षा होगी। विद्यार्थी अपना परीक्षा फॉर्म, पहचान पत्र एवं फीस रसीद की प्रति अनिवार्य रूप से साथ लेकर समयानुसार परीक्षा में उपस्थित हों।

### कार की चपेट में बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई रोड पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उन्होंने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन निवासी रोहताश रविवार दोपहर शाहबाद जा रहा था। मिलक चिकना के पास कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार रोहताश घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी चालक मौका पाकर कार समेत भाग गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी मची रही।

## एक नजर

### मंडलायुक्त ने प्रभारी को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** गेहूं की अच्छी खरीद होने पर मंडलायुक्त ने क्रय केंद्र प्रभारी मोहम्मद दानिश को सम्मानित किया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी कौशल देव ने बताया कि जिले में एक लाख 57 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला है। इसके लिए 157 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। अब तक 30 हजार मीट्रिक टन की खरीद हुई है। एजेंसियों प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि गेहूं खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### रंजिश में युवक को पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते युवक को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया आकिल निवासी रईस अहमद का कहना है कि रविवार को उसका बेटा सुलेमान बैलगाड़ी लेकर अपने घर की तरफ आ रहा था। नौमी चौराहे पर आले हसन व अयान ने सुलेमान से गाली-गलौज करते हुए उसे पीट दिया।

# पार्क के मुख्य द्वार पर प्याऊ बनवाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भीम आर्मी संगठन के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष के पति मामून शाह खां को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि आंबेडकर पार्क के मुख्य द्वार पर पालिका की ओर से प्याऊ बनवाया जाए। यहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है।

रविवार को भीम आर्मी जय भीम संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी एकत्र होकर पालिकाध्यक्ष के पति मामून शाह खां के निवास पर पहुंचे। उन्होंने छह सूत्रीय ज्ञापन पालिकाध्यक्ष के पति को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शहर में पुराने हैंडपंप रिबोर कराकर पेयजल व्यवस्था सुचारु कराई जाए। मुख्य बाजारों में शौचालय का निर्माण कराया जाए। शौचालयों की सफाई के लिए दो सफाईकर्मियों को नियुक्त किया जाए। आंबेडकर पार्क में साफ-सफाई के लिए फुलवाड़ी लगाई जाए। पालिकाध्यक्ष के पति ने आश्वासन दिलाया कि आंबेडकर पार्क के बाहर प्याऊ और साफ-सफाई के लिए जल्द ही सफाईकर्मियों की तैनाती कराई जाएगी। ज्ञापन देने वालों में राजीव आंबेडकर, प्रिया गौतम, शांति शरण, सौरव आदित्य, दिनेश बाबूजी, अशोक कुमार आदि शामिल रहे।


पालिकाध्यक्ष के पति को गुलदस्ता भेंट करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### मांग

- भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष के पति को सौंपा ज्ञापन
- पालिकाध्यक्ष के पति ने दिया प्याऊ बनवाने का आश्वासन

# ड्यूटी रूम का कूलर खराब, कर्मचारी परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड के ड्यूटी रूम का कूलर काफी दिन से खराब है। इसके चलते पैरामेडिकल स्टॉफ को गर्मी में पसीना बहाना पड़ रहा है। वार्ड ब्वॉय और नर्स का कहना है कि दो सप्ताह से कूलर खराब है। रूम में सिर्फ छत का पंखा है। वह भी काफी धीमी गति से चल रहा है।

उनका कहना है कि कूलर सही कराने के लिए अस्पताल प्रशासन को लिखकर भी दे दिया है। इसके बाद भी कूलर सही नहीं हुआ है। भीषण गर्मी में स्टॉफ को ड्यूटी करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ड्यूटी रुम में तैनात वार्ड ब्वॉय व नर्स का कहना है कि कूलर के नहीं चलने से गर्मी में बहुत बुरा हाल है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एचके मित्रा ने बताया कि डायरिया वार्ड में लगे कूलर को जल्द ही सही कराया जाएगा।

# जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती हुए 27 नए रोगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में रविवार को डायरिया वार्ड में 27 नए रोगी भर्ती हुए। जबकि हालत सही होने पर पांच रोगियों को छुट्टी दे दी गई। दोपहर दो बजे तक वार्ड में 22 रोगी भर्ती थे।

रविवार को जिला अस्पताल की ओपीडी बंद होने पर रोगियों को इमरजेंसी वार्ड में देखा गया। सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक 60 रोगियों को देखा। अधिकतर में उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत मिली। डायरिया वार्ड में मोहल्ला नालापार की रेशमा, थाना कुंडा निवासी मोहसिन, सैजनी नानकार निवासी नेहा, नालापार निवासी जीशान व नगमा, ऊंची चौपाल निवासी आसिया, थाना गंज निवासी शाजिया, तिलक नगर कॉलोनी निवासी अमीर जहां, सराय गेट निवासी हसीना को भर्ती किया गया। इमरजेंसी वार्ड में तैनात डा. ओपी राय ने रोगियों को गर्मी में एहतियात बरतने की सलाह दी। कहा कि जितना हो सके बाहर बिकने वाले पदार्थों का सेवन कम करें। जंक फूड से दूरी बनाए रखें। इनका पालन नहीं किया गया तो बीमारी का शिकार होंगे। हाथ-पैरों में अकड़न, शरीर में पानी की कमी और ऐंठन डायरिया के लक्षण हैं।


जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

- पांच की हालत में सुधार होने पर दे दी गई अस्पताल से छुट्टी

# फल-सब्जी मंडी में 15 मई को नहीं होगा अवकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नवीन मंडी के बाहर सड़क पर लग रहीं आढ़तें
- ईवीएम रखी होने की वजह से मंडी में नहीं लग रही हैं आढ़तें

**अमृत विचार :** प्रथम चरण में लोकसभा चुनाव होने के बाद ईवीएम नवीन मंडी स्थल में रखी गई हैं। नवीन मंडी में लगने वाली आढ़तें सड़क पर लग रही हैं। फल एवं सब्जी एसोसिएशन के महासचिव एम आमिर आढ़ती ने बताया कि 15 मई को नवीन मंडी बंद नहीं रहेगी। नवीन मंडी के बाहर सड़क पर आढ़तें लगेंगी।

नवीन मंडी में ईवीएम की सुरक्षा के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा है। इसका जायजा प्रशासनिक अधिकारी लगातार ले रहे हैं। महासचिव ने बताया कि नवीन मंडी में चार जून को मतगणना होगी। इसलिए मंडी के बाहर फल-सब्जी विक्रेता आढ़तें लगा रहे हैं। बताया कि आम दिनों में हर माह की 15 तारीख को नवीन मंडी बंद रहती है। लेकिन इस बार बंद नहीं रहेगी। मतगणना की वजह से सब्जी विक्रेता बाहर फड़ लगाकर रोजी-रोटी की जुगत कर रहे हैं। बताया कि शनिवार को हुई बारिश में आढ़तियों, सब्जी विक्रेताओं को काफी नुकसान हुआ है। इस लिहाज से यदि किसी विक्रेता को कोई दिक्कत है तो एसोसिएशन को बताएं। किसी भी आढ़ती, सब्जी और फल विक्रेता को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# किसानों ने व्यापारियों को खदेड़ने की रणनीति बनाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू की पंचायत में प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने सरकारी गेहूं खरीद की धीमी गति पर चिंता जताई। पंचायत में किसानों ने गेहूं खरीद में प्रशासन का सहयोग करने का फैसला लिया। किसानों ने अवैध तरीके से गेहूं खरीदने वाले व्यापारियों को खदेड़ने की रणनीति बनाई।

भाकियू कार्यालय पर रविवार की दोहपर हुई पंचायत में प्रदेश महासचिव ने एमएसपी पर गेहूं खरीद का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि गेहूं खरीद की रफ्तार धीमी है। किसानों को एमएसपी का लाभ भी नहीं मिल रहा है। कारोबारियों ने अवैध तरीके से गांवों में आढ़तें खोल ली हैं। किसानों से सस्ते में गेहूं खरीदा जा रहा है। इसलिए खरीद का सरकारी लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है। फैसला लिया कि सरकारी लक्ष्य पूरा कराने में भाकियू भी प्रशासन का सहयोग करेगी। गांव में जो व्यापारी अवैध तरीके से एमएसपी से कम दामों में गेहूं खरीद रहे हैं उन्हें खदेड़ कर किसानों का गेहूं क्रय केंद्रों पर तुलवाया जाएगा। ताकि किसान को उनकी उपज का लाभ मिले और खरीद में तेजी आए। प्रदेश महासचिव ने कहा कि गेहूं खरीद में शासन-प्रशासन का सहयोग करना हमारा फर्ज है। क्योंकि देश में सरकारी गेहूं का भंडारण भी जरूरी है।

पंचायत में मनजीत, जुबैद आलम, जागीर सिंह, जजवीर सिंह रंधावा, चौधरी अजीत सिंह, चौधरी सुंदर सिंह, चौधरी राजपाल सिंह, चौधरी बलबीर सिंह, राहत खां, मुस्तकीम, हाफिज अय्यूब, गुलाम मोहम्मद, मोहम्मद तालिब, संजू खां, नदीम खां, पिंकू चौधरी, मोहित ठाकुर, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह गंगवार, अनिल पांडेय, ठाकुर यशपाल सिंह, महेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, रेहान, सुभाष चंद्र शर्मा, सलामत जान आदि मौजूद रहे।


पंचायत में बोलते भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

### योजना

- गेहूं की खरीद में शासन और प्रशासन का सहयोग करेंगे किसान
- गेहूं खरीद की रफ्तार धीमी होने पर किसान भी चिंतित

# नालों पर अतिक्रमण कर लोगों ने बनवा लीं पक्की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नाला सफाई के लिए हटेगा अतिक्रमण, बरसात आने से पहले कराई जा रही सफाई

**अमृत विचार :** बरसात आने से पहले शहर के अधिकतर नालों की सफाई कराई जा रही है। इस दौरान नालों पर अतिक्रमण मिल रहा है। लोगों ने नालों पर पक्की दुकानें बनवा ली हैं। लाल कबर से कलकत्ता मोहल्ले की ओर जा रहे नाले के ऊपर निर्माण कराकर गैराज बनवा लिए गए हैं। पालिका के अधिकारी अतिक्रमण को हटवा रहे हैं।

बरसात आने से पहले ही नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। चोक नाले, नालियों की सफाई अभियान चलाकर की जा रही है। ताकि बारिश होने पर कोई नाला चोक न हो। अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने नालों की सफाई के लिए 100 संविदा ठेका सफाई कर्मियों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि नाले-नालियों की सफाई न होने के कारण कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

बिलासपुर गेट, ताश्का, चीनी मिल, माला रोड, तोपखाना रोड, गांधी समाधि, पुलिस लाइन और ज्वालानगर के नालों की तली झाड़ सफाई जेसीबी की सहायता से कराई जा रही है। सफाई के दौरान कर्मचारियों को नाले पर अतिक्रमण होता मिल रहा है। अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का समय भी दिया गया है। अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आरोग्य मेले में 2000 रोगियों को मिला परामर्श

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को जनपद में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें शहरी क्षेत्र में छह अर्बन सेंटरों पर 2000 रोगियों को चिकित्सकों ने परामर्श दिया। इन रोगियों में 600 महिलाएं, 800 पुरुष और 600 सात से आठ साल के बच्चे शामिल रहे।

इस दौरान एसीएमओ डा. संतोष कुमार ने ओपीडी व ड्यूटी रजिस्टर को चेक किया। उन्होंने चिकित्सकों को उपचार देने में किसी भी प्रकार लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दो हजार रोगियों में सबसे ज्यादा उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत मिली। इसलिए चिकित्सकों ने रोगियों को एहतियात बरतने की सलाह दी। बताया कि ज्यादा दिन तक बुखार आने पर तुरंत नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। अधिक से अधिक पीने पिएं।

**परेशानी** लोकसभा चुनाव कराने के लिए दूसरे जनपदों को भेजी गईं 35 बसें

# रोडवेज की बसें चुनाव में जाने से यात्री बेबस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रोडवेज की 35 बस लोकसभा चुनाव में जाने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में यात्रियों को काफी देर तक बसों का इंतजार करना पड़ता है। गंतव्य तक पहुंचने के लिए उन्हें दूसरी डिपो की बसों का सहारा लेना पड़ रहा है।

वर्तमान में लोकसभा चुनाव चल रहा है। तीन चरणों का चुनाव निपट चुका है। चौथा चरण अभी बाकी हैं। चौथे चरण में शाहजहांपुर और कानपुर सहित आसपास के जिलों में चुनाव होना है। इसके लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों से फोर्स मांगी जा रही है। कुछ दिन पहले जिला होमगार्ड कार्यालय से 502 होमगार्ड को रोडवेज की 11 बसों से चुनावी ड्यूटी के लिए रवाना किया गया था। इससे पहले भी तमाम बसों से फोर्स चुनाव में ड्यूटी के लिए जा चुकी है। धीरे-धीरे करके रामपुर डिपो से अब तक 35 बस चुनाव में जा चुकी हैं। वर्तमान में रामपुर डिपो के पास केवल 40 बस बची हैं। इसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


सिविल लाइंस थाने के सामने सवारियां बैठाते डग्गामार वाहन। ● अमृत विचार

### डग्गामार वाहनों के चालक उठा रहे मौके का फायदा

डग्गामार वाहनों के चालक रोडवेज बसों की कमी का भरपूर फायदा उठा रहे हैं। सुबह छह बजे ही चालक अपने वाहनों को सिविल लाइन थाने और आंबेडकर पार्क के सामने लगा देते हैं। समय पर रोडवेज बस नहीं मिलने के कारण यात्रियों को डग्गामार वाहनों में बैठाकर ले जाते हैं। इन डग्गामार वाहनों के कारण हाईवे पर जाम भी लग जाता है। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।

"यहां से 35 बसें लोकसभा चुनाव में फोर्स लेकर जा चुकी हैं। डिपो के पास फिलहाल 40 बस हैं। इन्हें जहां की ज्यादा सवारियां होतीं है उस रूट पर चलाया जाता है। ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।"
– दीपचंद्र जैन, एआरएम

# ई-रिक्शा के कारण लग रहा जाम, लोग परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** सड़कों पर दौड़ रही ई-रिक्शाओं के कारण मुख्य चौराहों पर जाम लग रहा है। स्कूल की छुट्टी होने के दौरान बच्चे जाम में फंस रहे हैं।

शहर की सड़कों पर पंजीकृत और अपंजीकृत रिक्शाओं की भरमार है। शाहबाद गेट, बाजार नसरुल्लाह खां, कोतवाली रोड, मिस्टन गंज, राजद्वारा, सर्राफा बाजार में जाम लगा रहे हैं। शाहबाद गेट, मिस्टन गंज और चौकी चौक के सफदर गंज की ओर मोड़ पर पुलिसकर्मी ई-रिक्शा चालकों के बाजार में घुसने पर रोक-टोक नहीं करते हैं। बाजारों की संकरी सड़कों पर ई-रिक्शा के पहुंचने से जाम लग जाता है। दोपहर में लगने वाले जाम में स्कूल के बच्चे भी फंस जाते हैं। लोगों ने ई-रिक्शा के बाजारों में घुसने पर पाबंदी लगाने की मांग की है।



## एक नजर

### घरेलू कलह में वृद्धा ने जहर खाकर दी जान

**सैफनी, अमृत विचार :** घरेलू कलह के चलते वृद्धा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला थाना क्षेत्र के दनियापुर गांव का है। यहां रहने वाली 65 वर्षीय उर्मिला पत्नी पूरन सिंह का शनिवार को परिवार के सदस्यों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इससे नाराज वृद्धा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे वृद्धा की हालत बिगड़ गए और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में भाई-बहन घायल, हायर सेंटर रेफर

**शाहबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी अर्जुन अपनी बहन ज्ञानवती के साथ रिश्तेदारी में शाहबाद आया था। रविवार को वापस जाते समय शाहबाद-बिलारी मार्ग पर सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# गला घोंटकर की पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव मेघा नगला का मामला, मृतका के भाई की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/धमोरा

**अमृत विचार :** घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।


घटना के बाद मृतका के घर के बाहर लगी भीड़। ● अमृत विचार


मंजू। (फाइल फोटो)

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम फैजनगर निवासी संजीव कुमार के अनुसार उसने अपनी बहन मंजू (35) की शादी करीब 17 साल पहले शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मेघा नगला निवासी रोहन सिंह से की थी। आरोप है कि रोहन सिंह आए दिन मंजू के साथ मारपीट करता था। वह जब भी मायके आती थी तो अपनी मां बृजेश कुमारी तथा चाचा महेशपाल से आपबीती बताती थी। उसका घर न बिगड़े इसके चलते उसे समझा-बुझाकर ससुराल घर भेज देते थे। रविवार को करीब 11 बजे रोहन सिंह ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। जानकारी मिलने के बाद मायके वाले मौके पर पहुंच गए। इस बीच पुलिस भी आ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। संजीव कुमार की तहरीर पर पुलिस ने रोहन सिंह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंजू की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जबकि गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। बताया जाता है कि रोहन गुजरात में मजदूरी करता था। वह कुछ दिन पहले ही घर आया था। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद होने की बात कही जा रही है।

> पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हत्या की वजह घरेलू कलह हो सकती है।
> – अमरनाथ वर्मा, प्रभारी, थाना शहजादनगर


अस्पताल में बैठे मृतका के परिजन।



मंजू की बेटी अवान, पुत्र मयंक और चेतन।

### मातृ दिवस पर अनाथ हुए मंजू के तीन बच्चे

मंजू के तीन बच्चे हैं। एक बेटा पांच तो दूसरा तीन साल का है। जबकि, बेटी आठ साल की है। पिता ने मां की हत्या करके तीनों बच्चों के सिर से मां का आंचल हमेशा के लिए छीन लिया। पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। ऐसे में उसका जेल जाना लाजिमी है। इन परिस्थितियों में मंजू के तीनों बच्चे पूरी तरह अनाथ हो गए हैं। रविवार को एक ओर जहां पूरे देश में मातृ दिवस मनाया जा रहा हैं। बच्चे अपनी मां को मातृ दिवस की बधाई दे रहे हैं। वहीं रोहन ने अपने तीनों बच्चों को अनाथ कर दिया है।

### ससुराल में इकलौती बहू थी मंजू

**रामपुर/धमोरा, अमृत विचार :** मां की मौत के बाद तीनों बच्चे गुमसुम हो गए हैं। पिता के खिलाफ मामा ने हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है। घर में अब बूढ़े दादा ही बचे हैं। घर में मवेशी भी हैं। उनकी देखरेख कौन करेगा। इन बच्चों पर अचानक पहाड़ टूट पड़ा है। मंजू अपनी ससुराल में इकलौती बहू थी। उका कोई देवर-देवरानी या ननद नहीं है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव मेघा नगला निवासी रोहन सिंह की शादी फैजनगर निवासी मंजू से हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि शादी के एक साल बाद वह मायके चली गई थी। सास की मौत होने पर वह नौ साल बाद ससुराल आई थी। शादी के एक साल के बाद से मंजू मायके में रहती थी। इसी बात को लेकर दंपती में अनबन रहती थी। पति रोहन सिंह पर पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप है। मंजू की मौत के बाद तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गईं। अब घर पर रोहन सिंह के बुजुर्ग पिता राम भरोसे ही बचे हैं।

## बाइकों की भिड़ंत में स्कूल प्रबंधक की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में देर शाम बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसा भोट बक्काल मुस्तफाबाद मार्ग पर रविवार देर शाम हुआ। नारायण सिंह इंटर कॉलेज मुस्तफाबाद के प्रबंधक भोट बक्काल निवासी 60 वर्षीय जगदीश यादव देर शाम स्कूल से घर जा रहे थे। मैरिज हॉल के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूल प्रबंधक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरी बाइक सवार भोट बक्काल निवासी रिंकू भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजन घायलों को जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने स्कूल प्रबंधक जगदीश यादव को मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर रिंकू की हालत भी गंभीर बनी हुई है। डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# कार की टक्कर से मजदूर घायल

संवाददाता, धमोरा

**अमृत विचार :** हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने मजदूरी कर घर लौट रहे ग्रामीण को टक्कर कर दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव पुरैना निवासी अफसर अली और उसका साथी फरियाद भूसे की गाड़ी पर मजदूरी करके अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं। रविवार को भी दोनों भूसे की गाड़ी भरने घर से निकले थे। काम खत्म करके लौटते समय बाईपास पर सड़क पार करते समय बरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई और भीड़ एकत्र हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही धमोरा चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।


हादसे के बाद घायल को एंबुलेंस से ले जाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### सड़क हादसे में महिला सहित चार लोग जख्मी

**मिलक, अमृत विचार :** अलग-अलग हुए सड़क हादसों में महिला सहित चार घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पहला हादसा रात 9:30 बजे पटवाई मार्ग पर हुआ। पटिया गांव निवासी सीमा पैदल सड़क पार कर रही थी। अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल अवस्था में परिजन नगर के सरकारी अस्पताल लाए। प्राथमिक उपचार के बाद सीमा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उधर भौंनकपुर निवासी विकास, अमन और सुधांशु किसी काम से मिलक आए थे। देर रात तीनों बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बाइक सवार युवकों की चीख-पुकार सुन राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत देख तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पशुओं से भरी डीसीएम ने बैंक प्रबंधक की कार को मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अजीतपुर बाईपास पर पशुओं से भरी डीसीएम ने कार को टक्कर मार दी। इसमें कार सवार बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक घायल हो गए। डीसीएम चालक मौका पाकर भाग गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जयपुर निवासी श्रवण कुमार मुरादाबाद के बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। रविवार को वह कार में सवार होकर बरेली की तरफ से आ रहे थे। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अजीतपुर बाईपास के पास मुरादाबाद की ओर से आ रही पशुओं से भरी डीसीएम अनियंत्रित होकर कार में जा घुसी। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कार सवार बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक घायल हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसके बाद घायल बैंक प्रबंधक को कार से बाहर निकाला। इस बीच डीसीएम का चालक मौका पाकर भाग गया। पुलिस डीसीएम को अजीतपुर चौकी ले आई। उसमें भैंस वंशीय पशु भरे थे। इनमें से एक पशु की मौत भी हो चुकी थी। पुलिस डीसीएम के चालक की तलाश कर रही है।


सड़क हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।


हादसे में क्षतिग्रस्त डीसीएम।

# सोने की तस्करी में टांडा के चार युवक मुंबई एयरपोर्ट पर किए गए गिरफ्तार

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** सोना तस्करी के मामले में मुंबई हवाई अड्डे पर टांडा के चार युवकों को पकड़ लिया गया। टांडा के तस्कर दुबई से सोना पेट में छिपाकर लाए थे। चेकिंग के दौरान कस्टम अधिकारियों के हत्थे चढ़ गए। इससे टांडा में अफरा-तफरी मच गई। नगर के कई लोगों के पुलिस के हत्थे चढ़ने और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश देने के बावजूद खाड़ी देशों से सोना तस्करी का धंधा कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

नगर के तमाम लोग जल्दी मालदार होने के लिए सोने की तस्करी का धंधा रहे हैं। बताया जाता है सोने की तस्करी से जुडे कुछ बड़े लोगों ने ग्रुप बना लिया है। वह मजदूर वर्ग के लोगों को अपने खर्च पर उमराह करने के बहाने सऊदी अरब भेजते हैं। उधर से उनसे पेट में या अन्य तरीके सोने की तस्करी कराते हैं। देखते ही देखते इस धंधे में नगर के कई दर्जन युवा शामिल हो गए। एक अप्रैल को नगर के तीन दर्जन लोग लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़े गए थे। यह लोग पेट में छुपाकर खाड़ी देशों से सोना तस्करी करके लाए थे। इनमें से 29 लोग कस्टम अधिकारियों की कस्टडी से फरार हो गए थे। इसके अलावा 28 अप्रैल की रात बरेली के मीरगंज क्षेत्र में तस्करों एक किलो से अधिक सोना लूट लिया था। इसकी खबर अमृत विचार के 30 अप्रैल के अंक में कार सवारों ने एक किलो 300 ग्राम सोना लूटा शीर्षक से पृष्ठ संख्या पांच पर खबर छपी थी। खबर प्रकाशित होने के बाद घटना का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस और एसओजी टीम ने अभियान चलाया था। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने 10 मई को इस घटना का खुलासा किया था। लूट की इस घटना में सीआरपीएफ का एक हवलदार भी शामिल था। अब नगर में फिर से चर्चा है कि शनिवार को चार लोग मुंबई एयरपोर्ट पर तस्करी के सोने के साथ पकड़े गए हैं।

> शनिवार को मुंबई में पकड़े गए टांडा के चार सोना तस्करों के संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। इसके अलावा तस्करी कर लाए सोना लूटकांड के वादी तारिक को बुलाकर मामले की विवेचना में प्रगति के लिए आवश्यक पूछताछ किया जाना जरूरी है।
> – कीर्तिनिधि आनंद, सीओ, टांडा

### तेजी से फल-फूल रहा है सिगरेट का धंधा

टांडा में सोना तस्करी के बाद सिगरेट का धंधा भी खूब फल-फूल रहा है। विदेशों से टैक्स चोरी करके सिगरेट लाई जाती हैं। इन्हें दिल्ली में बेच दिया जाता है। सूत्रों का कहना है कि सोने की तस्करी के अलावा नगर के लोग मणिपुर की राजधानी से टैक्स की चोरी करके सिगरेट लाने का धंधा भी कर रहे हैं।

# श्मशान घाट की चारदीवारी तोड़ने में किसान का चालान

संवाददाता, स्वार

- उप जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने प्रधान को छोड़ा
- किसान ओमकार ने लगाया रंजिशन फंसाने का आरोप

**अमृत विचार :** श्मशान घाट की चारदीवारी कराने से किसान के खेत का रास्ता बंद हो गया। प्रधान का आरोप है कि इससे गुस्साए किसान ने चारदीवारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस प्रधान व किसान को पकड़ कर थाने ले आई। उप जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने प्रधान को छोड़ दिया जबकि किसान का शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

कोतवाली के गांव खरदिया निवासी किसान ओमकार का श्मशान घाट के पीछे खेत है। खेत पर आने-जाने के लिए श्मशान घाट से होकर रास्ता है। प्रधान द्वारा श्मशान घाट की चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। ओमकार ने चारदीवारी का विरोध किया था। प्रधान ने एसडीएम अवनीश कुमार को इस बारे में बताया था। इस पर एसडीएम ने प्रधान को श्मशान घाट की चारदीवारी कराने के निर्देश दिए थे। ग्राम प्रधान का आरोप है कि रविवार को ओमकार ने श्मशान घाट की चारदीवारी को तोड़ दिया। ओमकार ने ही इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस प्रधान व ओमकार को थाने ले गई। उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने प्रधान को छोड़ दिया। जबकि ओमकार का शांति भंग में चालान कर दिया गया। ओमकार का कहना है कि यदि वह चारदीवारी को तोड़ता तो पुलिस को सूचना नहीं देता। उसे रंजिशन फंसाया जा रहा है।

## दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

**सैफनी, अमृत विचार :** महिला के साथ दहेज के लिए मारपीट करने के मामले में भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के गांव रवाना निवासी जुनैद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि चार वर्ष पहले उसने अपनी बहन का निकाह क्षेत्र के बलूपुरा गांव निवासी माजिद हुसैन से किया था। शादी में उसने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज के अलावा मोटरसाइकिल भी दी थी। इसके बावजूद उसका माजिद और उसका पिता वाजिद दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न करने पर उसकी बहन को प्रताड़ित करने लगे। कई बार पति और ससुर ने गाली-गलौज करते हुए उसे लाठी-डंडों से भी पीटा। आरोप है कि शनिवार की सुबह पति माजिद और ससुर वाजिद ने महिला को लाठी-डंडों से मारपीट की और घायल अवस्था में ही उसे घर से निकाल दिया।

# जर्जर मार्ग का निर्माण कराया जाए

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** एक वर्ष से खराब हैंडपंप व खस्ताहाल अवस्था में पड़े रास्ते को बनवाने की मांग को लेकर नागरिकों ने प्रदर्शन कर विरोध किया। उन्होंने शिकायतों के बाद भी सुनवाई न होने का आरोप लगाया।

मामला नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 13 का है। रविवार की दोपहर मोहल्ला टांडा हुरमतनगर की चांद के पार बस्ती के नागरिक एकत्र हुए। उन्होंने बस्ती में एक साल से खराब पड़े हैंडपंप और जर्जर हाल में पड़े मुख्य रास्ते का निर्माण नहीं होने पर विरोध जताया। नागरिकों का कहना है कि गर्मी प्रकोप जारी है। ऐसे में घरों में लगे हैंडपंप सूख जाते हैं। पानी की किल्लत दूर करने के लिए पालिका ने बस्ती में हैंडपंप लगवाया था। यह एक साल से खराब है। लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं। इसके अलावा उनकी बस्ती का मुख्य रास्ता खस्ताहाल है। इससे पैदल भी गुजरना मुश्किल हो रहा है। यह रास्ता बरसात में तालाब बन जाता है। इसके चलते उन्हें व उनके बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।


जर्जर मार्ग और खराब हैंडपंप की मरम्मत की मांग करते मौहल्लेवासी। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों ने लगाया सुनवाई नहीं करने का आरोप

आरोप है कि इस संबंध में उन्होंने वार्ड के सभासद तथा पालिका कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन, आज तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। मांग की कि उच्चाधिकारी मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करें। प्रदर्शन करने वालों में यासीन, वकील अहमद, नेहा, अनु, सिराज अहमद आदि शामिल रहे।

# दुकान से सामान लेने आई बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** दुकान से सामान लेने आई छह साल की बालिका के साथ दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना शनिवार देर शाम की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी छह साल की बच्ची गांव में ही पड़ोस की दुकान पर कुछ सामान खरीदने गई थी। काफी समय बाद भी वह वापस नहीं आई तो परिजनों ने तलाशना शुरू किया। जब वह परचून की दुकान पर पहुंचे तो देखा कि दुकानदार मुमताज ने बच्ची को अंदर बुला रखा था। बच्ची नग्न अवस्था में थी। आरोपी दुकानदार भी अर्धनग्न हालत में था। यह देख बच्ची के पिता ने शोर मचा दिया। इस पर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसी बीच आरोपी बच्ची के पिता को धक्का देकर फरार हो गया।

उन्होंने बताया कि घर आने के बाद भी बच्ची बुरी तरह घबराई हुई थी। काफी कोशिश के बाद बच्ची ने परिजनों को अपने साथ हुई पूरी घटना बताई। कहा कि दुकानदार ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

मामला दो समुदायों के बीच का होने पर हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त हो गया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर मुमताज के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर क्राइम ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराया गया है।

**योजना** आए दिन ट्रांसफार्मरों में खराबी आने से उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कत

# ओवरलोडिंग दूर करने को लगेंगे 406 ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने पर ओवरलोड की समस्या बढ़ रही है। इसी के चलते विद्युत उपकेंद्र की लाइनों और ट्रांसफार्मरों में फॉल्ट बढ़ रहे हैं। ओवरलोड के कारण अप्रैल में 140 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। विद्युत विभाग ने इस समस्या को दूर करने के लिए इंतजाम शुरू कर दिए हैं।

पारा दिनों-दिन चढ़ता जा रहा है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग पंखे, कूलर और एयरकंडीशन जैसे संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। इनके प्रयोग से बिजली की लाइनों, बिजलीघर और ट्रांसफार्मरों पर भार बढ़ता जा रहा है। लाइनों और बिजलीघरों में फॉल्ट बढ़ रहे हैं। गर्मी के मौसम में हर वर्ष ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाती है। ताकि लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बार 406 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराने का निर्णय लिया है। तहसीलवार इनकी सूची बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों के स्थान पर उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने का काम किया जाएगा। इसके तहत 25 केवीए की जगह 63 केवीए के क्षमता के 342 और 63 केवीए से 100 केवीए क्षमता के 64 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। यह ट्रांसफार्मर स्वार-टांडा, बिलासपुर, मिलक, शाहबाद व मसवासी समेत आसपास के क्षेत्रों में लगेंगे।



मालगोदाम स्थित वर्कशॉप में रखे ट्रांसफार्मर। ● फाइल फोटो

> 406 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के आदेश मिले हैं। इसकी तैयारी की जा रही है। ट्रांसफार्मर स्थापित होने पर ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी और लोगों को सुचारु रूप से आपूर्ति मिलेगी।
> –राजेश कुमार, एसडीओ, वर्कशॉप।

### स्टोर से सामान न मिलने पर होती है समस्या

मालगोदाम स्थित स्टोर से उपखंड अधिकारी, अवर अभियंता को सामान नहीं मिलने पर घंटों बिजली गुल रहती है। एक माह पहले ही बरेली गेट पर ट्रक की टक्कर से बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे बरेली गेट समेत आसपास के कई क्षेत्रों की बिजली घंटों गुल रही थी। बिजली आपूर्ति सुचारु कराने के लिए एसडीओ, जेई से सामान मांगा तो स्टोर के अधिकारियों ने सामान देने से इंकार कर दिया था। इस पर संबंधित उपकेंद्र के एसडीओ व जेई ने एक्सईएन को बताया था। तब एक्सईएन के कहने पर सामान दिया गया था। तब आपूर्ति को सुचारु कराया गया था।

## दो दिन पूर्व हुए छात्रों के विवाद में छह पर रिपोर्ट

**सैफनी, अमृत विचार :** दो दिन पूर्व छात्रों के दो गुटों के बीच हुए झगड़े में पुलिस ने दोनों पक्षों के छह युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। छात्रों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

शुक्रवार सुबह शाहबाद-बिलारी मार्ग पर इंटीग्रल डिग्री कॉलेज के सामने छात्रों के दो गुट भिड़ गए थे। दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले थे। मारपीट में दोनों पक्षों के छात्र मामूली रूप से घायल हो गए थे। मारपीट होते समय किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। ताजपुर बेहटा गांव के देवराज सिंह की ओर से दी गई तहरीर में पुलिस ने ललित, नकुल व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि दूसरे पक्ष के सद्दीक नगर निवासी हरपाल की तहरीर पर देवराज, प्रताप व एक अज्ञात सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पुलिया क्षतिग्रस्त, नहीं हो रही जल निकासी

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर पुल चुंगी के पास बनी पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है। इसके कारण बरसात के मौसम में लोग परेशान रहते हैं। बरसात का पानी उनके घरों में भर जाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पुलिया बनवाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत दढ़ियाल एहतमाली और दढ़ियाल मुस्तेहकम को मिलाकर 2019 में नगर पंचायत का गठन हुआ है। नगर पंचायत की आबादी लगभग 25 हजार है। मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर पुल चुंगी के पास पुलिया बनी हुई है। लोगों का कहना है कि पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। नगर की लगभग एक तिहाई आबादी के पानी की निकासी इसी पुलिया से होती है। बरसात में पानी की निकासी न होने के कारण बरसात का लोगों के पानी घरों में घुस जाता है। लोगों ने कई बार नगर पंचायत में कार्यालय में पुलिया निमार्ण के लिए शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। दूसरी ओर नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर क्षतिग्रस्त पुलिया बनाने की मांग की है। पुलिया बनने के बाद नगर की एक तिहाई आबादी को पानी की निकासी में आसानी हो जाएगी। लोगों के घरों में बरसात का पानी भी नहीं भरेगा।



> बरसात के दिनों में नगर की एक तिहाई आबादी के घर में बरसात का पानी भर जाता है। अगर पुलिया बन जाए तो पानी निकासी में आसानी हो जाएगी। – हाजी इकबाल



> पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी की निकासी में दिक्कत हो रही है। बरसात में लोगों के घरों में बरसात का पानी भर जाता है। – यामीन मलिक




> बरसात के मौसम में मोहल्ले में जलभराव हो जाता है। अगर पानी की निकासी की व्यवस्था हो जाए तो लोगों को काफी आसानी हो जाएगी। – कलुआ



> मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर पुल चुंगी के पास एक पुलिया बनी है जो क्षतिग्रस्त हो गई है। जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पुलिया बनवाने की मांग की गई है।
> – खुर्शीद अहमद, अध्यक्ष, नगर पंचायत दढ़ियाल

## एक नजर


परीक्षा देते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### 80 परीक्षार्थियों ने दी उर्दू भाषा डिप्लोमा की परीक्षा

**भोट, अमृत विचार :** रविवार को जनहित ग्रामीण विकास समिति द्वारा क्षेत्र के किशनपुर पनचक्की स्थित होली चाइल्ड इंटर कॉलेज में एक वर्षीय उर्दू भाषा डिप्लोमा की वार्षिक परीक्षा हुई। इसमें 80 परीक्षार्थी शामिल हुए। तीन घंटे की परीक्षा में छात्रों ने उर्दू के सवालों का जवाब दिया। परीक्षा प्रभारी रूबी बी ने बताया कि केन्द्र सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के अधीन नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन आफ उर्दू लैंग्वेज के तहत आयोजित इस परीक्षा में 80 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानाचार्य रामअवतार, फौजिया, फात्मा, आलिया, विजेन्द्र कुमार, मौलवी सैयद फुरकान आदि मौजूद रहे।


# लक्ष्य का पीछा करने से अवश्य मिलेगी सफलता

## परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावियों को मिलेगी छात्रवृत्ति, सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में हुआ शैक्षिक प्रेरणादायक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लखनऊ से आए शिक्षा परियोजना के प्रदेश मुखिया मुख्य अतिथि अल फुरकान शाह खां ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे आगे बढ़ें। लक्ष्य निर्धारित कर उसका पीछा करें। कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति में थोड़ा समय लग सकता है लेकिन, सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। सफलता मिलने के बाद संपूर्ण जीवन संवर जाएगा। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यदि किन्हीं कारणों से विफलता मिलती है तब भी हिम्मत न हारें और पूरी ताकत से पढ़ाई में जुट जाएं। सफलता जरूर मिलेगी।

सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही कायनात एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी द्वारा रविवार को नेशनल मेरिट कम मीन्स स्कॉलर शिप 2023-2024 के स्कॉलरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए विशेषज्ञों ने टिप्स दिए। कहा कि बच्चे अपने कॅरियर के प्रति सचेत रहें। जिस क्षेत्र में उन्हें जाना है, उसकी तैयारी करें और उन्हीं विषयों को चुनें।



परीक्षा में सफल मेधावियों को पुरस्कृत करतीं डा. रजिया परवीन। ● अमृत विचार


सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे ही देश के कर्णधार हैं। इन्हीं के कंधों पर आने वाले कल की जिम्मेदारी है। इसलिए परिजन आधी रोटी खाकर अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाएं। विशिष्ट अतिथि डा. उजमा कमर एजीएम नारायणा ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने कहा कि बच्चों के लिए जरूरी है कि वह मोबाइल को छोड़कर पढ़ाई पर ध्यान दें। सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के अध्यक्ष डा.महमूद अली खां ने कहा कि एमबीबीएस की शिक्षा ग्रहण करने के बाद चिकित्सक बने और लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों को तरक्की पाने के टिप्स दिए। कहा कि वह लाइब्रेरी में कोचिंग की व्यवस्था कराएंगे। लाइब्रेरी के प्रवक्ता जीशान मोहम्मद खां मुराद ने कहा कि शिक्षा के बल पर ही बच्चें तरक्की की उड़ान भर सकते हैं। इससे पहले डा. उजमा कमर को शिक्षा के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कायनात एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी ने जुलाई 2023 में सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में चयन परीक्षा आयोजित की थी। इसमें इन स्कूलों से 40 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इन बच्चों को चार साल तक छात्रवृत्ति के तौर पर 12 हजार रुपये वार्षिक दिए जाएंगे।

एनएमएमएस परीक्षा नवंबर 2023 के पहले रविवार को आयोजित की गई थी। इसका परिणाम मई 2024 में घोषित किया गया। इसमें छह छात्रों ने एनएमएमएस छात्रवृत्ति के लिए अर्हता प्राप्त की। उन्हें 48,000 रुपये वार्षिक मिलेंगे। इस अवसर पर डा. मेहंदी हसन, डा. सैयद जाफर शाह, अदनान खां जियाई, शाह फैसल खां, फव्वाद खां, डा. रजिया परवीन आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. महमूद अली खान व संचालन अल रिजवान शाह खान ने किया।

## सार संक्षेप


स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### मातृ दिवस पर बच्चों ने मचाया धमाल

**रामपुर, अमृत विचार :** मातृ दिवस पर बच्चों ने धमाल मचाया। स्कूल के प्रबंधक उजैर शम्सी ने कहा कि बच्चे के निर्माण में मां की अहम भूमिका होती है। मां ही असली पथ प्रदर्शक होती है और वह बच्चे की पहली गुरु है। शाहबाद रोड स्थित ग्रीन फील्डस इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को रंगारंग कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों की माताओं को आमंत्रित किया गया। उनके सम्मान में विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों को देख कर लोग भाव-विभोर हो गए। प्रधानाचार्य नासिर खान ने उन्हें मातृ दिवस की बधाई दी। समीना खान, जमा, नाजिया, महक, सुजाता, इमरान, मरवा, अर्हम, नवल, विनायक, उमम्म, वैष्णवी, तसबिहा, प्रतिष्ठा, सानिया, आइशा, अरहमा, अरिका, उनजीला आदि ने मंत्रमुग्ध करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किये। माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक उजैर शम्सी, सीमा उजैर ने माताओं का धन्यवाद किया। संचालन मसब इजहार ने किया।


गुरु शंकराचार्य की पूजा-अर्चना करते महायोगी डा. राधेश्याम वासंतेय।

### गुरु शंकराचार्य का प्रकटोत्सव मनाया

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ में वेदांत के संस्थापक आदि गुरु शंकराचार्य का प्रकटोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन से भक्तों को रुबरू कराया गया। शक्तिपुरम स्थित त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर में महायोगी राधेश्याम वासंतेय ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य का जन्म छोटे सेगा क्वालिटी गांव में हुआ था। पिता शिव गुरु ने उन्हें वेदांत की दीक्षा देने का प्रयास किया, लेकिन आठ वर्ष की आयु में ही इनके पिता चल बसे थे। एक दिन वह अपनी मां के साथ गरबा नदी में स्नान के लिए गए थे। तब उनका पैर मगर ने पकड़ लिया था। यह देख मां सोच में पड़ गईं कि बेटे को कैसे बचाऊं। तभी मगर ने उस बच्चे से कहा कि तुम संन्यास ले लोगे तो मैं छोड़ दूंगा। उन्होंने कह दिया ठीक है। ब्रह्मविद्या की तलाश में भगवान गोड़वाड़ उन्हें गुरू के रूप में प्राप्त हुए। शंकराचार्य ने चारों मठ अपने चार धाम स्थापित किया। 10 नामी अखाड़े बनाए। सारे भारत को 32 वर्ष की अवस्था में संपूर्ण कार्य करके केदारनाथ में शिव को प्राप्त किया। आज भी गांव में उनकी समाधि है।

# वंदना बनीं स्वच्छ सर्वेक्षण की ब्रांड एंबेसडर

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** स्वच्छता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा को नगर पंचायत की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। रविवार को ईओ पुनीत कुमार ने यह जानकारी दी।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसमें नगर में साफ-सफाई के साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जा रहा। शासन ने स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नगर पंचायत में बेहतर काम करने वाले एक सामाजिक कार्यकर्ता को ब्रांड एंबेसडर बनाने का आदेश दिया था। इसी के तहत नगर में साफ-सफाई के बेहतर मानक और जागरूकता के लिए जीजीआईसी की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा को ब्रांड एंबेसडर बनाया है।


वंदना शर्मा को ब्रांड एंबेसडर का सम्मान पत्र सौंपते नोडल अधिकारी। ● अमृत विचार

**● प्रमुख लोगों का योगदान और उनके द्वारा जागरूकता**

ईओ ने बताया कि एसबीएम की योजनाओं में नगर के प्रमुख लोगों का योगदान और उनके द्वारा जागरूकता बहुत जरूरी है। वंदना शर्मा प्रधानाचार्य होने के साथ ही काफी दिन से सामाजिक कार्यों से भी जुड़ी हैं। उन्होंने नगर की स्वच्छता को लेकर विशेष योगदान दिया है। अनेक पौधे लगाकर पर्यावरण प्रेमी होने का सबूत भी दिया है। समय-समय पर सफाई कर अन्य लोगों को प्रेरित करती रहती हैं। नगर की साफ-सफाई की स्थिति का आकलन करने के लिए दिल्ली से एसबीएम के अधिकारी इनसे फीडबैक लेंगे। इस अवसर पर एसबीएम प्रभारी मुजीब मियां एवं कंप्यूटर ऑपरेटर रेहान अहमद मौजूद रहे।

## राशन की दुकानों पर बंद किया जाए बाजरे का वितरण

**रामपुर, अमृत विचार :** इंडियन मुस्लिम लीग पार्टी के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अली ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

इसमें उनका कहना है कि राशन की दुकानों पर एक किलो बाजरा, तीन किलो चावल कार्ड धारकों को दिए जा रहे हैं। कहा कि चावल की मात्रा कम, गेहूं की मात्रा को बढ़ाया जाए। कहा कि तीन किलो गेहूं और दो किलो चावल और बाजरे को समाप्त किया जाए। क्योंकि अधिकतर लोग बाजरे का सेवन नहीं करते हैं। उन्होंने पूर्ति कार्यालय के अधिकारियों पर राशन कार्ड काटने का भी आरोप लगाया है। जिससे दुकानों पर धारकों की भीड़ खत्म होती जा रही है। कहा कि इस समस्या के बारे में कई बार विभागीय अधिकारियों को बताया जा चुका है। इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।


बड़ा गांव में हुई बैठक के बाद भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

# भीम आर्मी के नेता पर हमले से रोष, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सुनील सागर ने सैफनी में हुए संगठन के नेता देवराज पर हमले की निंदा की। उन्होंने हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

रविवार को बड़ा गांव चौराहे पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष सुनील सागर ने संगठन पर हो रहे अत्याचार एवं दुर्व्यवहार की निंदा की। सैफनी में हुए भीम आर्मी नेता देवराज पर जानलेवा हमला करने वालों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस दोषियों को जल्द गिरफ्तार नहीं करती है तो भीम आर्मी आगे की रणनीति तैयार करेगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सागर, प्रमोद कुमार सागर, अशोक सागर, विवेक कुमार, रवि, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।


लोगों को शरबत पिलाते दीनबंधु सेवा दल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# गर्मी में दीनबंधु सेवा दल ने लोगों को बांटा शरबत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चिलचिलाती धूप में राहगीरों को गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए दीनबंधु सेवा दल ने शरबत पिलाकर लोगों का गला तर करया। कई वर्ष से शहर में समाज सेवा में लगे शिक्षकों के समूह दीनबन्धु सेवा दल द्वारा प्रति माह मानव सेवा का कार्य किया जाता है।

रविवार को शिविर लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया। गांधी समाधि रोड स्थित स्टार चौराहे पर दल के सदस्यों ने शिविर लगाया। भीषण गर्मी से राहत देने के लिए राहगीरों को शरबत की सेवा की। इस मौके पर महेंद्र कुमार हल्दिया, संदीप कुमार भाटिया, चंचल कुमार गुप्ता, मोहित सक्सेना, राकेश विश्वकर्मा, जीवन सिंह विष्ट, नरेंद्र सक्सेना, विनोद कुमार ,अंजुम सक्सेना, कृदय गुप्ता, हर्ष सिंह आदि शामिल रहे।

## अधिवक्ता सहित आठ लोगों के मोबाइल चोरी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गए अधिवक्ता की जेब से उचक्कों ने मोबाइल फोन चुरा लिया। इसके अलावा उचक्कों ने सात अन्य लोगों के मोबाइल फोन भी चुरा लिए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रविवार की दोपहर कोतवाली पहुंचे मोहल्ला बिशारदनगर निवासी अधिवक्ता मोहनिस खान ने बताया कि शनिवार की शाम वह नगर में लगने वाली साप्ताहिक पैंठ में सब्जी खरीदने गए थे। इसी बीच किसी ने उनकी जेब में रखे मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया। रविवार की दोपहर वह कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को ही सात अन्य लोगों के मोबाइल फोन भी चोरी हुए हैं। उनका कहना है कि नगर में मोबाइल फोन चुराने वाला गिरोह सक्रिय है। मगर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।


बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष रामबाबू शर्मा। ● अमृत विचार

# परशुराम जन्मोत्सव 14 को मनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा सम्पूर्ण के जिलाध्यक्ष पंडित रामबाबू शर्मा ने कहा कि ब्राह्मणों पर ईश्वर की विशेष कृपा रही है। ब्राह्मणों ने अपनी बुद्धि से विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्र का भला किया है। ब्राह्मणों की देन है कि आजादी को मात्र 75 वर्ष बीतने के बाद देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

रविवार को महासभा की बैठक सिमरिया स्थित प्रधान पंडित रामौतार शर्मा के आवास पर हुई। इसमें 14 मई को माया देवी धर्मशाला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने पर विचार किया गया। महासभा के पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने कहा कि जगत कल्याण के लिए 14 मई को यज्ञ, अनुष्ठान, जाप, पूजा-पाठ करना होगा। 10 बजे से वैदिक मंत्रों से आहुतियां देकर प्रार्थना करेंगे। दोपहर दो बजे तक हवन होगा। इस अवसर पर सभा के सदस्य वेदपाल शर्मा, रोशन लाल शर्मा, हरीश कुमार शर्मा, कमल शर्मा, नन्द किशोर शर्मा, करन प्रसाद शर्मा, योगेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

**रामपुर, अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद के कर विभाग के कार्यवाहक कर अधीक्षक शमीम अहमद ने राजस्व निरीक्षकों से कहा कि शहरी क्षेत्र में जितने ऐसे मकान हैं जिन्होंने गृह और जल कर जमा नहीं किया है उन मकानों से वसूली कराई जाए।

कहा कि वसूली कराए जाने के लिए मकान स्वामियों को नोटिस दिए जाएं। उसमें भी सप्ताह भर का समय दिया जाए। राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार से कहा कि स्वकर निर्धारण प्रणाली के तहत 36,900 मकान आ रहे हैं। सप्ताह भर पहले स्व कर निर्धारण प्रणाली में प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर हुए संशोधन में 6,126 मकान बढ़े हैं। संशोधन से पहले संख्या 30,774 थी। नोडल अधिकारी के राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया है।

**मौसम** 13 मई तक बारिश होने का अनुमान जता रहे हैं मौसम वैज्ञानिक, मौसम रहेगा शुष्क, बढ़ेगा तापमान

# पूरे दिन तपिश से बेहाल रहे लोग, आसमान में छाए बादल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूरे दिन तपिश रहने से लोग गर्मी से बेचैन रहे। मौसम वैज्ञानिक 13 मई तक तेज हवा के साथ वर्षा का अनुमान जता रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रदेश के पश्चिमोत्तर भाग पर चक्रवाती परिसंचरण बन रहा है। इससे असम तक विस्तारित द्रोणी के प्रभाव से निचले क्षोभ मंडल में बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त पुरवा हवा और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वी उत्तर प्रदेश में 12 मई तक वर्षा हो सकती है। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 13 मई तक तेज हवा के साथ वर्षा होने और इसके बाद तापमान बढ़ने का अनुमान है।

रविवार की सुबह तेज धूप निकलने के बाद पारा चढ़ने से गर्मी बढ़ गई। चिलचिलाती धूप में लोग गर्मी से बेहाल हो गए। पूरे दिन लू चलती रही। इससे बचने के लिए चिकित्सक सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि लापरवाही बरतने पर लू जान भी ले सकती है। गर्मी से बचने के लिए बच्चों ने ट्यूबवैल, तालाबों और तरणताल का रुख किया। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने नीम और पीपल के पेड़ों की छांव खाट पर लेटकर दोपहरी में ठंडी हवा का लुत्फ लिया। बच्चों ने तालाबों में नहाकर मस्ती की। जबकि, शहरी क्षेत्र में बच्चे और बड़े तरणताल पर पहुंच गए और नहा कर गर्मी को दूर किया।


गर्मी से बचने को तरणताल में स्नान करते लोग। ● अमृत विचार

**हाल-ए-मौसम**

- अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस
- आर्द्रता 54 प्रतिशत
- वायु वेग 10 किमी. प्रतिघंटा

"13 मई के बाद प्रदेश का मौसम शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना है। किसान गन्ने और मेंथा की फसल में हल्की सिंचाई करें। मेंथा के खेत में हल्की नमी बनाए रखें।"
- डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ


बैठक में मौजूद मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# अभिषेक बने जिला संयोजक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हिंदू जागरण मंच का अभिषेक को जिला संयोजक और विनय को सह संयोजक बनाया गया है। सभी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

रविवार की दोपहर हिंदू जागरण मंच की बैठक ज्वालानगर स्थित कार्यालय में हुई। इसमें प्रांत से आए कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ शेखर एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमार शर्मा ने नवनियुक्त कार्यकारिणी गठित करके सभी के नाम की घोषणा की। इसमें अभिषेक सिंह जिला संयोजक, विनय कुमार शर्मा, राजू कश्यप जिला सह संयोजक, छोटेलाल गंगवार व महेश सागर कार्यकारिणी सदस्य, विवेक यादव संपर्क प्रमुख बनाए गए हैं। विपिन कश्यप, विधि, गौरव कुमार, युवा, अमन गंगवार, सौरभ सक्सेना, कालूराम कश्यप, शिव शर्मा, कार्यकारी सदस्य बनाए गए हैं। सूचना संग्रह सुधांशु कुमार को बनाया गया है। हिंदू जागरण मंच की जिला कार्यकारिणी को पूर्व में भंग कर दिया गया था।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### युवती को भगा ले जाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**छजलैट, अमृत विचार :** पीड़िता ने अपने ही गांव के युवक पर पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम पचोकरा निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 11 मई को मेरी पुत्री को गांव का एक युवक फुसलाकर ले गया है, जिसकी आसपास में खोजबीन भी की गई। कहीं पर भी पता नहीं चला। पीड़ित जब पप्पू के घर गई तो उसके परिजनों ने भी मना कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज करा कर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

### चार शावकों के साथ तेंदुआ देख उड़े होश

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव फोदापुर के आसपास जंगल और आबादी के पास सक्रिय तेंदुओं का झुंड देखा जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में दहशत है। गुरुवार को गांव निवासी किसान हरभजन सिंह आदि अपने गन्ने के खेत की खोदाई कर रहे थे तभी ट्यूबवेल के पास चार शावकों के साथ मादा तेंदुआ देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने आबादी की तरफ भाग कर जान बचाई। गौरतलब है कि लगभग चार दिन पहले महिला समेत चार लोगों पर हमला कर तेंदुए ने गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आबादी में घुसे तेंदुए को ग्रामीणों ने घेर कर एक कमरे में बंद कर दिया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ कर पास के जंगल में जाकर छोड़ दिया। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

### मारपीट करने के आरोप में एक के खिलाफ रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र में घर जा रहे युवक से गाली गलौज कर की मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र की ग्राम शेरपुर पट्टी निवासी देवेश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर से पास के गांव लालापुर जा रहा था। जैसे ही जूनियर हाईस्कूल शेरपुर पट्टी के निकट पहुंचा तो तभी गांव के ही विशाल पुत्र सुरेन्द्र सिंह द्वारा पीड़ित को रोककर गाली गलौज की गई। विरोध पर पीड़ित के साथ मारपीट की गई। बाद में शोरगुल होने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

# शुल्क वसूली को लेकर छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन

## जांच रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि होने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कॉलेज द्वारा शुल्क वसूली के विरोध में शिकायत व जांच के बाद भी आरोपों की पुष्टि होने के बाद भी कार्रवाई न होने पर छात्रों ने प्रदर्शन किया। साथ ही कॉलेज प्रबंधन पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

मामला जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला से संबंधित है। प्रदर्शन में शामिल शिकायतकर्ता डालेंद्र सिंह के साथ शामिल छात्रों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में कई वर्षों से निशुल्क शिक्षा होने के बावजूद शुल्क के नाम पर जूनियर कक्षाओं में अवैध वसूली की जा रही थी। जिसकी शिकायत आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई गई। आरोप लगाया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने बिना जांच करवाए सिर्फ विद्यालय के प्रधानाचार्य के पत्र द्वारा आख्या देने पर शिकायत का निस्तारण करवा दिया था।



ठाकुरद्वारा के कॉलेज में शुल्क वसूली का विरोध करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**आक्रोश**

- जनता इंटर कालेज गोपीवाला का मामला
- प्रबंध समिति पर लगाया फीस वापस न करने का आरोप

बाद में पुनः शिकायत पर संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद द्वारा गठित टीम ने विद्यालय में आकर जांच की और शुल्क वसूली की पुष्टि की गई। संयुक्त शिक्षा निदेशक के 3 वर्षों के शुल्क वापसी के आदेश के बावजूद विद्यालय प्रबंध समिति व प्रधानाचार्य शुल्क वापस करने के लिए तैयार नहीं है, जबकि 21 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो जाएंगे।

इसी क्रम में कक्षा 8 के छात्र अनमोल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शुल्क वसूली की शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज ठाकुरद्वारा के प्रधानाचार्य सदानंद शर्मा को जांच के लिए भेजा गया था। जिसमें भी शुल्क वसूली की पुष्टि हुई थी। जिसमें संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य को जांच के दौरान हटा दिया गया था और शिकायत का निस्तारण करवा दिया गया।

> जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला में जूनियर कक्षाओं के छात्र व छात्राओं से जांच टीम द्वारा शुल्क वसूली की पुष्टि की गई है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दे दिए गए हैं कि इन छात्रों का शुल्क वापस कराया जाए।
> –मनोज कुमार द्विवेदी, संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल

> जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला में विद्यालय प्रबंध समिति व विद्यालय से हटाए गए शिक्षकों को लेकर आपस में विवाद चल रहा है। विद्यालय में विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है। यह मामला प्रबंध समिति व शिकायतकर्ताओं के बीच का है। तीन लोगों की टीम ने पिछले महीने विद्यालय परिसर में पहुंचकर जांच की थी। जिसमें शुल्क वसूली की पुष्टि की गई है।
> –भूपेंद्र पाल सिंह, प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला

वहीं छात्रा कु.सरताज जहां ने भी कक्षा 9 में छात्र-छात्राओं से 1500 रुपये व कक्षा 10 में शुल्क के नाम पर 2000 रुपये वार्षिक शुल्क वसूलने की शिकायत आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता विकास कुमार, डालेन्द्र सिंह व अनमोल आदि ने बताया कि इस संबंध में एक माह बीत जाने के बाद भी डीआईओएस की तरफ से सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। शिकायतकर्ताओं व छात्रों ने मांग की कि 18 मई तक छात्र-छात्राओं का शुल्क वापस किया जाए, शुल्क वसूली करवाने वाली प्रबंध समिति को भंग कर प्रशासक नियुक्त किया जाए। अन्यथा छात्र-छात्राएं, अभिभावक जिला स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान जूही, संध्या, जावेद, ईरम, अक्सा, यश चौहान, अंकुर, मुदित कुमार, चाहत, इलमा, ललित, निक्की कुमार, मीनाक्षी, मोनिका, जुविया मलिक आदि मौजूद रहे।

# बस व ई-रिक्शा की टक्कर में पांच घायल

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** रविवार को कुंदरकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक तेज रफ्तार बस ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे चालक सहित ई रिक्शा में बैठे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।



घटना रविवार की दोपहर की है। मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर थाना कुंदरकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नानपुर के सामने हाईवे पर मुरादाबाद की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मिनी बस ने कुंदरकी की ओर से जा रही एक ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार अक्षय पुत्र डेविड, हितेश पुत्र वीर सिंह, विक्की, सूरज पुत्र मुकेश और एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए और ई रिक्शा टूट गया। घटना से मौके पर अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और जाम लग गया। करीब 1 घंटे तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल जाम को खुलवाकर यातायात को सुचारू कराया।



घटना के बाद हाईवे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

- हादसे के चलते करीब एक घंटे तक बाधित रहा यातायात, वाहनों की लगी लंबी कतारें

वहीं घायल लाइन पार मुरादाबाद थाना मझोला के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस द्वारा मुरादाबाद जिला अस्पताल भेज दिया और बस को कब्जे में लेकर थाने लाया गया। बस चालक मौके से फरार हो गया।

# ठाकुरद्वारा में मंदिर से चोरी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में चोरों ने मंदिर की दीवार में कूमल काटकर बैटरा समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। चोरियों को लेकर व्यापारियों में भी आक्रोश है।

नगर में मुरादाबाद रोड स्थित मढी मंदिर में रविवार की सुबह श्रद्धालू पूजा पाठ के लिए पहुंचे तो दीवार में कूमल लगा था। चोरों ने मंदिर कक्ष में घुसकर बैटरा समेत कीमती सामान चोरी कर लिया था। मंदिर में चोरी की सूचना मिलते ही मौके पर व्यापारियों के साथ स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। मंदिर की देखभाल करने वालों ने बताया कि मंदिर से चोर बैटरी और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं। इस बीच पुलिस ने भी मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। बाद में पुलिस प्रशासन ने मंदिर की दीवार को ठीक कराया। इस अवसर पर मोहित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, संजय सिंघल, आशीष अग्रवाल, शोरभ अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, राज सिंघल आदि मौजूद थे।

### भेड़ चराने जा रहे बुजुर्ग से मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भेड़ चराने जा रहे बुजुर्ग से गांव के युवक ने रास्ते में घेर कर गाली गलौज की। विरोध पर बुजुर्ग को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव भायपुर निवासी सुरेश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पास 100 भेड़ हैं। जब वह भेड़ चराने जा रहा था। तो पड़ोस के युवक ने रास्ते में रोकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित सुरेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

## सार-संक्षेप



देवकीनंदन शर्मा इंटर कॉलेज में योगाभ्यास करते साधक। ● अमृत विचार

### बच्चों को तनावमुक्त रहने के दिए टिप्स

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के देवकी नन्दन शर्मा इंटर कालेज बहेड़ी ब्रह्मनान में आयोजित योगाभ्यास शिविर में बच्चों को दिशा प्रणाम, सुदर्शन क्रिया, हैप्पीनेस प्रोग्राम के अन्तर्गत ग्रेप प्रोसेस योग के माध्यम से तनावमुक्त रहने के टिप्स दिए गए। योग गुरु कुलदीप कुमार रूहेला ने योगाभ्यास सत्र में बच्चों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि ममता, करूणा, दया, वात्सल्य और त्याग की प्रतिमूर्ति मां हमारे जीवन की प्रथम पाठशाला है। मां धरा के प्रादुर्भाव का सजीव प्रमाण है। इस अवसर पर लक्ष्य भारद्वाज, प्रदीप रूहेला, ओमकार रूहेला, मयंक भारद्वाज, आराध्या आर्य, तनु कश्यप, दक्ष भारद्वाज, आर्य भारद्वाज, सार्थक भारद्वाज, मृगांक, कृष्णा रुहेला, सौम्या रुहेला, महक, निष्ठा पाल, श्याम कश्यप, नैना, शौर्य, रिया पाल, अंश रुहेला, वंश रुहेला, अमित कुमार शर्मा, बाबू खां, राजेश कुमार रुहेला, राजपाल सिंह उर्फ राजू, डा. शमीम अहमद, अमित शर्मा, विशाल शर्मा, देव कश्यप आदि मौजूद रहे।

### शराब पीने का विरोध करने पर मारपीट, दो पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** घर के पास शराब पीने से मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र की गांव बहादुर नगर निवासी अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि देर रात मेरे घर के बाहर गांव के ही मोहन उर्फ नन्हे पुत्र हरि सिंह, मोनू पुत्र ओमप्रकाश शराब पी रहे थे। तभी मकान स्वामी ने घर के पास शराब पीने का विरोध किया। इस पर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। शोर सुनकर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल अजय कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



मातृ दिवस के कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### शिक्षिका के आवास पर मातृ दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन के आवास पर उनकी सेवानिवृत्त शिक्षिका माता विमला जैन ने मातृ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें शामिल हुईं माताओं को व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विमला जैन ने कहा कि माताएं भी अपने दायित्व से पीछे नहीं हटें बल्कि बच्चों पर पूरा ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जितने महापुरुष हुए हैं वह माताओं की ही देन हैं इसलिए माताएं अपने दायित्व को समझें। उपहार पाकर सभी माताएं प्रसन्न हुईं। कार्यक्रम में शिल्पी जैन, शगुन जैन, रीता जैन, सीमा जैन, रेखा जैन, खुशबू, सरिका गुप्ता, निधि जैन, ज्योत्सना, दीपा, पूजा जैन, प्रियंका, तनु शर्मा, सारिका अग्रवाल, गरिमा जैन, शालिनी चुग, छवि अग्रवाल, विधि, निधि शर्मा, सीमा क्वात्रा, डॉ. सोनिया, सुहानी, गिन्नी, गुरजीत, रूपाली आदि शामिल रहीं।

### लवीना को अंग्रेजी विषय में मिली पीएचडी की उपाधि

**डिलारी, अमृत विचार :** वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय गजरौला से कस्बा डिलारी निवासी लवीना राज पत्नी सतेन्द्र प्रताप सिंह एवं पुत्री गजराज सिंह ने अंग्रेजी विषय में पीएचडी प्राप्त की है। लवीना राज ने अपना शोध अध्ययन रिसर्च सुपरवाइजर डॉ. उमा मिश्रा एसोसिएट प्रोफेसर वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय गजरौला एवं रिसर्च सुपरवाइजर डॉ. अनुराधा पवार एसोसिएट प्रोफेसर टीएमयू मुरादाबाद के निर्देशन में पूर्ण किया है। लवीना ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व पति सहित गुरुजनों को दिया है। डॉ. लवीना राज के पति महाराष्ट्र में आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है।



उपाधि ग्रहण करती लवीना राज।

### आवारा कुत्तों ने 20 को जख्मी किया

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक तेजी से बढ़ रहा है। गुरुवार को बच्चों समेत 20 लोगों पर हमला कर घायल करने की घटना से दहशत है। गांव अकबरपुर निवासी फिरोज, गांव धारक नगला निवासी प्रेमवती, गांव जमशेदपुर निवासी आलम, नगर पंचायत ढकिया निवासी मोहम्मद अली, फुर्सत जहां, सोनू, सुल्तानपुर मुंडा निवासी प्रेमपाल, गांव मनकुआ निवासी जफर, प्रकाश, गांव आलियाबाद निवासी प्रीति, अंजलि, गांव मलकपुर सेमली निवासी प्रियंका, नुसरत जहां, गांव काजीपुरा निवासी, प्रदोष, शबनम, हाकम अली, गांव मासूमपुर निवासी शमशाद हुसैन, जगदीश, गांव चंदूपुरा निवासी हर प्रसाद, महक, पिपली उमरपुर निवासी, शकुंतला आदि पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी का उपचार सरकारी और निजी चिकित्सालय में कराया जा रहा है। उधर, क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।



प्रमाण पत्र पाकर हर्ष व्यक्त करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### डीआईटी डिप्लोमा पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र वितरित

**कांठ, अमृत विचार :** रविवार को यूपीडेस्को स्टडी सेंटर कांठ (नव चेतना सेवा संस्थान) में डिप्लोमा इन इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी (डीआईटी) के एक वर्षीय कोर्स एवं ट्रिपल सी कोर्स के प्रमाण पत्रों को छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया। सेंटर संचालिका मनोरमा शर्मा ने कहा कि पहले मात्र निलिट के ओ लेवल कोर्स को ही सरकारी नौकरियों में मांगा जाता था परंतु 5 मई 2022 के शासनादेश ने यूपीडेस्को को भी निलिट के समकक्ष कर दिया गया। अब यूपी डेस्को से डीआईटी कोर्स करके समीक्षा अधिकारी स्टेनो, क्लर्क, एसआई, ऐ एसआई आदि नौकरियों में जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूपीडेस्को की मैनेजिंग डायरेक्टर नेहा जैन (आईएएस) अभी और कुछ कोर्स यूपीडेस्को में बढ़ाने जा रही हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष भावेश शर्मा, डिलारी ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख पंकज चौहान, पंकज भदोरिया, अनिल कुमार शर्मा, सुशील मणि गुप्ता, सुरेश चौहान, भूपेंद्र चौहान, नौबत सिंह, सृष्टि वशिष्ठ व जितेंद्र कुमार आदि ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर रंजीत चौहान, गरिमा, सौरभ कुमार, आशीष कुमार, यशवंत सिंह, आयुष प्रताप सिंह, विशाल कुमार, गौरव कुमार, कुमारी शुभांकी, हिमांशी रानी, शिखा दिवाकर, दिव्यांशु कौशिक, मनाली यादव, अमन वशिष्ट, कुमारी मेधा, खुशी ठाकुर, दीक्षा, विशाल चौहान, सलोनी चौहान, कार्तिक यादव दीक्षित आदि ने ए ग्रेड (90प्रतिशत अंक) प्राप्त किए। संचालन रितेश कुमार शर्मा ने किया।

# गीतों से मां के भावनात्मक संबंधों को व्यक्त किया

संवाददाता, बिलारी

- रानी प्रीतम कुंवर स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित
- बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मोहा मन

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव रुस्तम नगर सहसपुर नीलबाग स्थित रानी प्रीतम कुंवर स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने चित्रों और गीतों के माध्यम से मां और बच्चों के बीच के भावात्मक संबंध को उजागर करने का प्रयास किया।

इसमें कक्षा 1-3 तक के विद्यार्थियों ने मां की ममता को उजागर करने वाले गीतों की प्रस्तुति दी। शरफ़ा आसिफ ने अंग्रेज़ी में और स्नेहा मोनडल ने हिंदी में मां के बारे में अपने भाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दुनियाभर में मां के प्रति अपना सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मदर्स डे मनाया जाता है। मां सिर्फ बच्चे को जन्म ही नहीं देती बल्कि उसका पालन-पोषण करने के साथ जीवन के हर सुख-दुख में बच्चे के साथ भी खड़ी रहती है। उन्होंने कहा कि मां के सम्मान के लिए कोई विशेष दिन नहीं होता। हमें प्रतिदिन मां के प्रति सम्मान का भाव प्रदर्शित करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रंजीत ईश्वर, परमानंद सक्सेना, हेमंत शर्मा, आशीष भटनागर, मोहम्मद रिजवान, नादिर हुसैन, लुबना जाफरी, नताशा वर्षिनी, आशा कुमारी, शमा आदि ने सहयोग किया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में छह पर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** दहेज की मांग को लेकर पीड़िता के साथ मारपीट एवं घर से निकालने के मामले में थाना पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर चौराह निवासी रोशन जहां पुत्री इस्ताक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका विवाह करीब ढाई वर्ष पूर्व अनीस पुत्र यासीन निवासी ग्राम गनीमत नगर थाना भोजपुर मुरादाबाद के साथ हुआ था। ससुराल वालों ने दो लाख रुपये व बुलेट बाइक की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया। करीब 10 दिन पूर्व ससुराल पक्ष के लोगों ने उनके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि उसका पति भी आए दिन तलाक देने की धमकी देता है। पीड़िता की तहरीर पर थाना छजलैट पुलिस ने अनीस, जुनैदी, सद्दाम, जायडा, नदीम एवं ससुर के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# सफाई कर्मियों की समस्याएं उठाएंगे

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड मानिक लाल ने स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि सफाई मजदूर के हितों की रक्षा के लिए सड़क से विधानसभा तक आंदोलन किया जाएगा व मजदूरों की समस्याओं को शासन-प्रशासन स्तर पर हल कराया जाएगा। रविवार को रुस्तम नगर सहसपुर स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष कामरेड माणिकलाल अलीगढ़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सहदेव बिलारी, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कोमल



स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी। ● अमृत विचार

- स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश का हुआ गठन

वाल्मीकि हाथरस, रमेश चंद वाल्मीकि शाहजहांपुर, अशोक मोती फिरोजाबाद, प्रदेश महामंत्री अशोक वाल्मीकि गुरसहायगंज, संयुक्त मंत्री सुनील लश्करी मुरादाबाद, संयुक्त मंत्री राकेश बाबू वाल्मीकि कासगंज, प्रदेश कोषाध्यक्ष बृज बिहारी चंचल अलीगढ़, प्रदेश संगठन मंत्री करतार सिंह एटा, राजकुमार समदर्शी बरेली, रमेश पाराशर एत्मादपुर आगरा, सदस्य कार्यकारिणी अनिल वाल्मीकि कन्नौज, विनेश मनोटिया मेरठ, डॉ. हरनंदन प्रसाद मुरादाबाद, अशोक नरवर आगरा, गौरी शंकर गौतम बुद्धनगर आदि को दायित्व सौंपा गया। इस दौरान नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

**परेशानी** ट्रांसफार्मर व लाइनों में आए दिन होते रहते हैं फाल्ट, घंटों बाधित रहती है आपूर्ति

# ट्रांसफार्मर के आसपास उगी झाड़ियां, जिम्मेदार अनजान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की लापरवाही से नगर में लगे बिजली के तारों व ट्रांसफार्मर के आसपास झाड़ियां उग आई हैं। इसे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार बेखबर हैं। जिससे आए दिन इन ट्रांसफॉर्मर में फाल्ट की समस्या रहती है।


तहसील कांठ में दो फीडर संचालित हैं। एक तहसील फीडर तो दूसरा टाउन फीडर। तहसील फीडर के अंतर्गत मोहल्ला पट्टीवाला निकट पशु चिकित्सालय के पास रखे बिजली ट्रांसफार्मर से पट्टीवाले को बिजली आपूर्ति होती है, लेकिन वर्तमान में यह ट्रांसफार्मर घास से घिरा हुआ है। ट्रांसफार्मर पर घास होने से आए दिन लाइनों में फॉल्ट होते रहते हैं। जिससे उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे अलग नगर में कई ट्रांसफार्मर के आसपास झाड़ीनुमा घास लिपटी हुई हैं। इसे कभी भी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। विद्युत अवर अभियंता अनिल कुमार का कहना है कि जो ट्रांसफार्मर घास की चपेट में हैं। उन सभी ट्रांसफार्मरों की सफाई बिजली कर्मचारियों द्वारा जल्द ही कराई जाएगी।



ट्रांसफार्मर के आसपास उगी झाड़ियां।

### लाइन में धमाकों के साथ हुआ फाल्ट, बिजली गुल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में विद्युत लाइन में तेज धमाकों के साथ फाल्ट हो गया। जिससे आग की लपटे उठने से लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। तेज गर्मी में फाल्ट के चलते नगरीय क्षेत्र के लोग बिजली गुल रहने पर त्रस्त रहे। नगरीय क्षेत्र में शनिवार से विद्युत फाल्ट के चलते आपूर्ति सुचारू नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से गर्मी में लोगों को जीना मुहाल रहा। रविवार को भी हालत बदतर रही। सुबह से ही बड़ा बाजार में फाल्ट होने पर आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत टीम ने काफी मशक्कत के बाद फाल्ट सही किए तो बड़ा बाजार में तेज धमाके के साथ फाल्ट हो गया। इस बीच राहगीरों की जान भी जोखिम में पड़ गई। काफी देर तक तेज आवाज क साथ केबल जलकर सड़क पर जा गिरी। इसके बाद फिर से क्षेत्र की आपूर्ति बाधित हो गई। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, राजेंद्र पांडेय, आशीष अग्रवाल आदि ने उच्चाधिकारियों से विद्युत लाइनों की जांच कराने की मांग की।



ठाकुरद्वारा बड़ा बाजार में फाल्ट के बाद टूटा केबल।

# मुख्य बाजार में लगने वाले जाम का नहीं हुआ समाधान

संवाददाता, कांठ

- दुकानों के सामने लगने वाले फड़ से बढ़ती है जाम की समस्या, ई-रिक्शा वाले भी जिम्मेदार

**अमृत विचार :** नगर के मुख्य बाजार में ई रिक्शा एवं दोपहिया वाहनों के प्रवेश के साथ-साथ दुकानों के सामने फड़ लगाने के कारण जाम की समस्या का निस्तारण कई दशकों से नहीं हो सका है।

नगर पंचायत द्वारा शिकायत के बावजूद कई वर्षों से बाइक स्टैंड की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। आबादी निरंतर बढ़ती जा रही है। अधिकांश परिवारों में चार-चार वाहन हैं, जो खरीदारी करने मुख्य बाजार में अपने वाहनों से आते हैं। इसके अलावा ई रिक्शा चालकों की मनमानी के चलते ई रिक्शा मुख्य बाजार में प्रवेश कर जाती हैं। दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामीण खरीदारी करने बेरोक टोक मुख्य बाजार में वाहनों से प्रवेश कर जाते हैं। कुछ व्यापारियों ने स्वयं अपनी दुकानों का सामान रोड पर बढ़ाकर रखा हुआ है। कुछ व्यापारी अपनी दुकानों के सामने फड़ लगवा कर प्रतिदिन के हिसाब से रकम फड़ विक्रेताओं से वसूलते हैं। मुख्य बाजार में महिलाओं वृद्ध और बच्चों को धक्का-मुक्की का शिकार होना पड़ता है। साप्ताहिक बाजार के दिन तो यह स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। घंटों प्रयास के बाद बाजार से निकलना मुश्किल हो जाता है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने साप्ताहिक बाजार के दिन बेरिकेडिंग लगाने का आश्वासन दिया था। आज तक प्रशासनिक अधिकारियों व नगर पंचायत अतिक्रमण हटाये जाने के नाम पर औपचारिकता ही पूर्ण करते आए हैं। गर्मी में ग्राहकों का बाजार से निकलना ही दूभर हो गया है।

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा मण्डी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूम/सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### घर के बाहर से बच्चा लापता

**अगवानपुर, अमृत विचार :** घर के बाहर खेलते समय 11 वर्ष का बच्चा लापता हो गया। परिजनों ने गुमशुदगी की तहरीर देकर बच्चे को ढूंढने की मांग की। नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख निवासी शफात पुत्र किफांत का ग्यारह वर्षीय पुत्र घर के बाहर खेलते समय लापता हो गया। परिजनों ने रिश्तेदारों और जानने वालों में बच्चे की तलाश की, लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं चल सका। रविवार को परिजनों ने अगवानपुर पुलिस चौकी में बच्चे की गुमशुदगी की तहरीर दर्ज कराई है। बच्चा बोल नहीं सकता है।



पंचायत भवन में नन्हीं सी चिड़िया ट्रस्ट की ओर से 200 गरीब छात्राओं के लिए फीस के चेक वितरित किए गए। ● अमृत विचार

# 200 गरीब बेटियों की फीस के चेक दिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने पंचायत भवन सभागार में दीप प्रज्वलित कर नन्हीं सी चिड़िया ट्रस्ट द्वारा आयोजित छात्राओं के फीस वितरण समारोह का आरंभ किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा गरीब परिवार की बेटियों की पूरे वर्ष की फीस जमा कर बेटियों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। यह सराहनीय है। इसके लिए संस्था के अध्यक्ष एवं सदस्यों को बधाई दी। साथ ही उपस्थित सभी बेटियों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्था निरंतर इसी तरह का नेक कार्य बेटियों के हित में आगे भी करती रहेगी। संस्था के सौजन्य से जिलाधिकारी द्वारा 15 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को लगभग 200 छात्राओं के पूरे वर्ष की फीस के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे।

### सभी प्रमुख ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध कराया जा रहा शीतल पेयजल

# भीषण गर्मी में यात्रियों को नहीं होगी पानी की किल्लत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गर्मी के मौसम में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को पीने के पानी के लिए परेशानी नही होगी। इसके लिए रेलवे ने रेल नीर की आपूर्ति बढ़ाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा रेलवे की ओर मंडल के स्टेशनों व ट्रेनों में स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

रेलवे प्रशासन की ओर सभी स्टेशन व ट्रेनों में यात्रियों को बोतल बंद पानी के रूप से रेल नीर उपलब्ध कराया जाता है। गर्मी के मौसम में पानी की ज्यादा डिमांड बढ़ जाती हैं। मौजूदा समय में मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 10 हजार बोतलों की बिक्री हो रही हैं। जबकि आने वाले दिनों में पानी की बोतलों की मांग और बढ़ेगी। जिसके लिए रेलवे प्रशासन ने रेल नीर की आपूर्ति बढ़ाने के आदेश दिए है। इसके अलावा मुरादाबाद रेलवे स्टेशन समेत अन्य स्टेशनों पर वाटर वेन्डिंग मशीनें लगवाई गई है।




वाटर वेंडिंग मशीन से पानी लेते यात्री। ● अमृत विचार

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मंडल के सभी स्टेशनों पर उपलब्ध पानी के टैप में समय से जल की उपलब्धता एवं पानी के टैप के आसपास विशेष साफ सफाई को निरंतर सुनिश्चित किया जा रहा है। पानी के टैप में निरंतर शीतल जल उपलब्ध हो इसके लिए वाटर कूलर लगाए गए हैं। मंडल में पर्याप्त वाटर कूलरों की व्यवस्था की गई है। ताकि यात्रियों को चिलचिलाती गर्मी से राहत मिल सके। सभी खान पान स्टाल, खान पान ट्राली तथा भोजनालय में रेल नीर पानी की बोतल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही हैं। जिससे रेल यात्रियों को कम कीमत में शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होता रहे।

स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनों द्वारा किफायती दर पर स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। वाटर वेंडिंग मशीनों द्वारा यात्री स्वयं भी आवश्यकतानुसार पेयजल ले सकते हैं। सीनियर डीसीएम ने बताया कि ट्रेनों के कोचों में भी निरंतर पानी की उपलब्धता के लिए ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सेवा ( ओबीएचएस स्टाफ को जरूरी निर्देश दिए गए है, जिसकी निरंतर निगरानी स्वयं अधिकारियों एवं कंट्रोल रूम द्वारा की जा रही है। सीनियर डीसीएम ने बताया कि यात्री किसी भी समय अपनी रेल संबंधित समस्या के लिए रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 या रेल मदद एप की सहायता ले सकते हैं।

### नगर पंचायत में अवैध कब्जों को लेकर रोष

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत अगवानपुर में अवैध कब्जे को लेकर अलग-अलग मोहल्लों के लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जों को हटाने की मांग की है।

नगर के पूर्व प्रधान हाजी फराहीम का कहना है कि कई बार शासन-प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर बताया जा चुका है। जिसमें कई बार नापतोल भी कराई गई, लेकिन कब्जाधारियों पर कार्रवाई नहीं हुई। नगर के कामेश सिंह लोधी ने बताया कि गाटा संख्या 549 भूमि की प्रशासन द्वारा अनेकों बार पैमाईश कर चिह्नित की गई लेकिन कब्जाधारियों का कब्ज़ा बरकरार है। ऐसे ही गाटा संख्या 579 में आयुर्वेदिक अस्पताल का पूर्व में प्रस्ताव पारित कर अस्पताल का निर्माण कार्य कराया गया था। निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण नगर के कुछ लोग उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। गाटा संख्या 580 में भी नगर के कुछ कब्ज़ा धारियों ने कब्ज़ा कर रखा है और इस भूमि को भी अपने इस्तेमाल में ला रहे हैं। वही नगर के कल्लू व फरमूद आदि का कहना है कि जब तक कब्जाधारियों से भूमि को मुक्त नहीं कराया जाएगा जब तक वह जागरूकता अभियान चलाते रहेंगे। वहीं लोगों का कहना है कि यह मामला नगर पंचायत के संज्ञान में होते हुए भी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं।

# गर्मी में नहीं सुधर रहा ट्रेनों का संचालन

### किसान आंदोलन के चलते समय पर नहीं पहुंच रहीं एक्सप्रेस व समर स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अंबाला में चल रहे किसान आंदोलन की वजह से रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आंदोलन के चलते प्रतिदिन ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। जिसके कारण यात्रियों को भीषण गर्मी में दुश्वारियों भरा सफर करना पड़ रहा है। ट्रेनों का इंतजार यात्रियों का हाल बेहाल कर रहा है। रविवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकीं। जिसके कारण गर्मी के बीच यात्री परेशान हुए।

पिछले एक महीने से अंबाला मंडल के शंभू रेलवे पर स्टेशन किसान आंदोलन चल रहा है। जिसके कारण रेलवे प्रबंधन ने कई ट्रेनों का मार्ग बदला है। जिसके बाद से ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बेपटरी है। ट्रेनों का मार्ग बदलने से दैनिक व समर स्पेशल ट्रेनें बेपटरी हो गई है। मुरादाबाद में आने वालीं 10 से 12 ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। ट्रेनें लेट होने से भीषण गर्मी में यात्री परेशानियां झेल रहे हैं। ट्रेनों की देरी से परेशान होकर यात्री अपने टिकट रद करा रहे है। रविवार को दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन 11 घंटे, आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 12 और भटिंडा समर स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से छह घंटे की देरी से पहुंची। जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 04067 | दिल्ली समर स्पेशल | 11 घंटे 59 मिनट |
| 13009 | दून एक्सप्रेस | एक घंटा 47 मिनट |
| 04059 | आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल | 12 घंटे 48 मिनट |
| 12491 | मौर ध्वज सुपरफास्ट एक्सप्रेस | छह घंटे 54 मिनट |
| 04529 | भटिंडा समर स्पेशल | छह घंटे 39 मिनट |
| 12588 | गोरखपुर अमरनाथ एक्सप्रेस | 16 घंटे 38 मिनट |
| 12204 | सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस | तीन घंटे 13 मिनट |
| 13152 | कोलकाता एक्सप्रेस | छह घंटे चार मिनट |
| 04313 | देहरादून एक्सप्रेस | 10 घंटे 42 मिनट |
| 13308 | गंगा सतलुज एक्सप्रेस | आठ घंटे 46 मिनट |

### आरोग्य मेले में 2511 मरीजों को मिला इलाज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू किए आरोग्य मेले में एक छत के नीचे ही लोगों को उपचार, जांच, दवा और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

जिसमें विशेषज्ञ और आयुष विभाग के चिकित्सक मरीजों का उपचार कर रहे हैं। रविवार को भी महानगर के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों का उपचार किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन हर रविवार को महानगर के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया जाता है। जिसके तहत रविवार को महानगर नगरीय प्राथमिक केंद्र व ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 1176 महिला, 863 पुरुष और 472 बच्चे उपचार के लिए पहुंचें। जिसमें बुखार के 43 मरीज पाए गए। इसके अलावा अन्य बीमारियों से संबंधित मरीज थे, जिनका आरोग्य मेले में मौजूद चिकित्सकों ने उपचार किया। गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल के रेफर किया गया।



फिलिप्स मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च के स्थापना दिवस पर गीत गाते मसीह समाज के लोग।

# मेथोडिस्ट चर्च का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

कार्यालय संवाददाता , मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शहर के सिविल लाइन क्षेत्र पीली कोठी चौराहा स्थित फिलिप्स मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च की स्थापना के 57वें वर्ष को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आराधना का संचालन रेव्ह बृजेश मैंसल द्वारा किया गया, प्रार्थना रेव्ह रोहित मैसी द्वारा व बाइबिल पाठ रेव्ह अनिल सी लाल द्वारा किया गया। चर्च क्वायर द्वारा गीत कितना मैं चाहूं कि छू लूं तुझे, दिल मेरा तरसता है कि देख लूं तुझे गाया गया। इस दौरान भारी संख्या में मसीह समाज के लोग शामिल रहे। बता दें कि फिलिप्स मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में चर्च की स्थापना के 57वें वर्ष को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संडे स्कूल के बच्चों द्वारा सुंदर वर्शिप डांस प्रस्तुत किया गया तथा जवानों द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसका शीर्षक चर्च का महत्व था। इस विशेष अवसर पर दिल्ली से आए गौस्पल सिंगर एवं वक्ता पास्टर अजीत होरो द्वारा गीतों को प्रस्तुत किया गया एवं परमेश्वर के वचन को भी सुनाया गया। आराधना के अंत में केक काटकर चर्च में आए सभी श्रद्धालुओं को बांटा गया। इस अवसर पर अभिषेक विल्सन, नीरज एडवर्ड, अंतिम सिंह, रोबिन मसीह, रवि जॉन, राजीव सिंह, ईवा बैनहर आदि का सहयोग रहा।

# आरएसडी में मनाया विश्व नर्सिंग दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आरएसडी अकादमी में विश्व नर्सिंग दिवस व विश्व मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज में नर्सिंग के नवीन विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं लैंप लाइटिंग सेरेमनी का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह व डिप्टी सीएमआई एस के बेलवाल रहे।

रविवार को विश्व नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में नर्सिंग विभाग के समस्त छात्र व छात्रों को निस्वार्थ व मन, वचन और कर्म से कार्य करने के लिए शपथ दिलाई गई। वहीं आरएसडी समूह के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ.जी कुमार ने सभी छात्र-छात्रों को नर्सिंग दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्व की प्रथम नर्स फलोरेस नाइटिंगेल हैं। जो विश्व में अपने कार्य और कर्मों द्वारा जानी जाती है।




आरएसडी एकेडमी में नर्सिंग दिवस मनाते छात्र – छात्राएं। ● अमृत विचार

वह एक ऐसी महिला थीं जिन्होंने लालटेन लेकर घर-घर, गांव-गांव घूम कर मरीजों का उपचार किया था। अंत में नर्सिंग के छात्र व छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। संचालन डॉ. मयंक शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. गौरव कुमार, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. मयंक शर्मा, डॉ. सुप्रियो मैत्री, डॉ. संजय मेहरोत्रा, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. अमित सक्सेना, लवप्रीत कौर आदि शामिल रहे।

### गोशालाओं में व्यवस्था दुरुस्त कराएं अधिकारी

**कांठ, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार गोशाला में सुरक्षित एवं संरक्षित गोवंश पशुओं के हरे चारे, खल, चोकर, शुद्ध पेयजल की व्यवस्थाओं के लिए लगातार प्रशासनिक अधिकारी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दे रहे हैं।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के निर्देश पर उप जिलाधिकारी कांठ विनय कुमार सिंह ने गोशालाओं में संरक्षित गोवंश पशुओं के हरे चारे एवं भूसा के लिए ग्राम प्रधान, लेखपाल और ग्राम पंचायत सचिव की टीम गठित कर दी है। एसडीएम ने इस कार्य में राशन डीलर एवं अन्य जागरूक लोगों को भी सहयोग करने के लिए कहा है। जिससे गोवंश पशुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। लगभग 3500 क्विंटल भूसा गोशालाओं के लिए भूसा बैंकों में ग्राम पंचायत स्तर पर इकट्ठा कर लिया गया है, परंतु कुछ लेखपाल सरकार की इस योजना को पलीता लगा रहे हैं।

# भक्ति और ज्ञान के प्रदाता हैं हनुमान जी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ब्रह्मदेव चामुण्डा मंदिर, प्रीत विहार कालोनी में आयोजित सुंदरकांड में आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने श्रीराम चरित मानस की अमृत वर्षा की। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी की कृपा से ज्ञान, गुणों एवं भक्ति की प्राप्ति होती है। भगवान का भजन ही कलियुग का तारनहार है। मानव योनि का एकमात्र उद्देश्य हरि भजन करना है। भजन करने हेतु स्वस्थ शरीर हेतु भोजन की आवश्यकता होती है। निष्कर्ष यह है कि भजन और भोजन ही मानव के प्रमुख कार्य हैं।

संसार में जितना पतन हो रहा है, सब स्वार्थ बुद्धि के कारण ही हो रहा है। केवल कहने-सुनने से सबमें भगवद्बुद्धि नहीं होगी, प्रत्युत ''सब सुखी हो जाएं'' ऐसा भाव होने से सब में भगवद्बुद्धि होगी। आप भगवान के हो जाओ तो आपका सब काम भगवान का भजन करने से हो जायगा। विद्या से विनय नम्रता आती है, विनय से पात्रता सज्जनता आती है। उन्होंने कहा कि भगवान ने जब मुझे अपना लिया, तब मुझे किस बात की चिंता रही। वे मेरे लिए जो कुछ विधान करते हैं मेरे कल्याण के लिए ही करते हैं। क्योंकि वे मेरे अपने हैं। उनके समान मेरा हित करने वाला परम सुहृद, परम पिता, परम स्नेहमयी जननी और कौन होगा। भगवान की सब लीला हम भक्तों के लिए ही है। व्यवस्था में तारा चन्द्र, शीला रानी, विजय कुमार सैनी, भावना रघुवंशी, उपासना सैनी, राहुल सैनी, प्रणव कुमार, रमेश सैनी, रानी देवी, पूजा सैनी, मनीषा सैनी, संतोष सैनी, कपिल सैनी, प्रशांत सैनी, पिंकी सैनी, सोनाली सरोज आदि मौजूद रहे।



प्रीत विहार कॉलोनी स्थित ब्रह्मदेव चामुंडा मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु।

### पेट्रोल छिड़क कर महिला की हत्या का प्रयास

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पति ने सोते समय विवाहिता की मच्छरदानी पर पेट्रोल छिड़क कर पुत्र सहित जलाने का प्रयास किया। विवाहिता ने शोर मचाया तो परिवार के अन्य सदस्यों ने बमुकिश्ल बचाया। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली के ग्राम करनावाला जब्ती निवासी नीतू देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 16 जून 2014 को पिंटू सिंह पुत्र नरेश सिंह निवासी ग्राम सहसपुरी थाना डिलारी के साथ हुआ था। उसके एक पुत्र निशांत 7 वर्ष और एक पुत्री माही 5 वर्ष हैं। 10 मई की रात मच्छरदानी लगाकर चारपाई पर सो रही थी। अचानक आहट होने पर उसकी आंख खुली तो पति पिंटू मच्छरदानी पर पेट्रोल छिड़क रहा था। उसने शोर मचाया तो पति ने गला घोंटने का प्रयास किया।

**अनदेखी** आज से नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त द्वितीय के नेतृत्व में चलेगा अभियान

# नोटिस के बाद भी सड़कों से नहीं हटा रहे कब्जा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम प्रशासन की सख्ती के बाद भी मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थानों व नालों पर किए अतिक्रमण नहीं हट रहा है। अतिक्रमण करने वालों को निगम प्रशासन ने नोटिस भी दिया। इसके बाद भी अतिक्रमणकारी गंभीर नहीं है। नालों पर से अतिक्रमण न हटने से बरसात से पहले उनकी सफाई में भी अड़चन आ रही है। इसको देखते हुए निगम प्रशासन ने 13 मई से रोस्टर के अनुसार थानावार अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया है।

बुध बाजार, इम्पीरियल तिराहा, गुरहट्टी गंज बाजार, सिविल लाइंस क्षेत्र में अभी भी सार्वजनिक स्थानों, फुटपाथ की पटरियों पर अतिक्रमण है। इससे जाम भी लगता है। स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत बने वेंडिंग जोन में भी दुकानदार बिना आवंटन सामान रखकर अपना कारोबार करने में जुट गए हैं। जिसके चलते वहां वाहनों का जमावड़ा लग रहा है। इसको देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने अब सख्त रुख अपनाया है।



बुध बाजार में दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण। ● अमृत विचार

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार जो अतिक्रमण अभियान के नोडल बनाया है। उनके नेतृत्व में 13 मई 6 जून तक विशेष अभियान चलेगा। 13 से 15 मई तक कोतवाली थाना क्षेत्र में अभियान की शुरुआत होगी। 13 को इम्पीरियल तिराहे से बुध बाजार होते हुए टॉउनहाल, आबकारी भवन, चड्ढा काम्पलेक्स, ताड़ीखाना से होकर हैलेट रोड होते हुए कपूर कंपनी तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। 14 मई को ताड़ीखाना से गुरहट्टी, गंज बाजार होते हुए अमरोहा गेट तक और 15 मई को अमरोहा गेट से कटरा मार्केट होते हुए बुध बाजार चौराहा तक अभियान चलेगा। 16 से 21 मई तक सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में जेसीबी से अतिक्रमण हटेगा।

### बढ़ती गर्मी में लोगों का घर से निकलना मुश्किल

**छजलैट/कांठ, अमृत विचार:** लगातार बढ़ रही गर्मी से लोगों का जीना मुहाल होता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही गर्मी से लोगों का दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। दोपहर में चलने वाली लू से सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को दिक्कत हो रही हैं। भरी दोपहर में बाजार सूनसान हो जाते हैं। भीषण गर्मी में दोपहर के समय स्कूल से घर जाने वाले बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर के समय पंखे व कूलर भी गर्म हवा निकल रही है। सरकारी कार्यालय में बैठना भी मुश्किल होता जा रहा है। क्षेत्र में लोगों द्वारा धूप से बचने के लिए छाता, चश्मा, अंगोछा के साथ स्कार्फ़ का भी सहारा लिया जा रहा है। शाम को गर्मी में थोड़ी कमी के बाद लोग सड़क पर नजर आए।



उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा मनाए गए श्रमिक दिवस कार्यक्रम में सम्मानित रेलवे कर्मचारी। ● अमृत विचार

# रेलवे स्टेडियम में मनाया श्रमिक दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रविवार को उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा रेलवे स्टेडियम स्थित ऑफिसर्स क्लब में श्रमिक दिवस मनाया गया। जिसमें मुरादाबाद रेल मंडल में कार्यरत ग्रुप-डी रेल कर्मचारियों को संगठन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष डॉ. श्वेता रघुवंशी ने कहा कि रेलवे के गैंगमैन, ट्रॉलीमैन, गेटमैन, ओएचई खलासी और सिग्नल मेंटेनेंस कैडर रेलवे कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में ट्रेनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। सिस्टम के सुचारु संचालन में उनकी अहम भूमिका रहती है। जिसको ध्यान में रखते हुए सभी कैडर के ऐसे निष्ठावान, समर्पित और मेहनती 33 ग्रुप-डी रेल कर्मचारियों को संगठन द्वारा सम्मानित किया जाता है। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा किरन सिंह, सचिव डॉ. भानुप्रिया वधावन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इन्द्रजीत कौर, कोषाध्यक्ष ज्योति व मुरादाबाद रेल मंडल की सभी महिला सदस्य शामिल रहीं।

## एक नजर

### सट्टा लगाते वीडियो वायरल एक आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार को सोशल मीडिया पर सट्टा लगाते हुए वीडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद कोतवाली पुलिस हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। शनिवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें एक व्यक्ति फलों के ठेले पर बैठा हुआ सट्टा लगा रहा था। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने ग्राम हैबतपुर मार्ग स्थित कब्रिस्तान के निकट से आरोपी को पकड़ लिया था। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रशीद पुत्र कय्यूम निवासी मोहल्ला होली वाला बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से रुपये एवं डायरी व पेन बरामद हुआ। कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़े आरोपी रशीद पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### अमरोहा के चार शिक्षक बरेली में होंगे सम्मानित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** समाजसेवी संस्था पारस एजुकेशनल सोसायटी उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बरेली में आयोजित कार्यक्रम में 26 मई को अमरोहा के चार शिक्षक सम्मानित होंगे। जिनमें रानी शशि दिवाकर, निर्देश कुमार, गीता वर्मा, रेखा रानी को पारस रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने हेतु दिया जाएगा। सभी शिक्षक अपने-अपने क्षेत्र में छात्रों के हित के लिए विशेष रूप से प्रयासरत हैं। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी 111 शिक्षक साहित्यकार एवं खिलाड़ी सम्मानित होंगे।

### सब्जी मंडी से ई-रिक्शा चोरी, पुलिस से शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचार :** चेतन चौहान मार्ग स्थित सब्जी मंडी से ग्राम पिपतौती खुर्द निवासी नफीस अब्बासी पुत्र रफीक अब्बासी रविवार सुबह आठ बजे ई रिक्शा लेकर सब्जी लेने आया था। उसने ई रिक्शा मंडी में खड़ी करके सब्जी खरीदने लगा। जब वह सब्जी खरीद कर ई रिक्शा के पास पहुंचा तो उसके होश उड़ गए, क्योंकि ई रिक्शा वहां से गायब थी। उसने ई रिक्शा को काफी तलाश किया, लेकिन ई-रिक्शा का कुछ पता नहीं चला, तो उसने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को ई रिक्शा चोरी होने की सूचना दी।

# पशुओं को समय से दें चारा और पानी

## गुरैठा गोशाला का जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर संचालक को दिए निर्देश

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** रविवार को वृहद नंदी विहार गोशाला गुरैठा का जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे जिलाधिकारी को देखकर सभी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले पशुओं को अपने हाथों से गुड़ खिलाया और गोशाला में पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था को भी देखा।

जिलाधिकारी अपने सामने चारा कटवाकर पशुओं को दिलवाया। साथ ही भूसे के साथ हरा चारा, खली चोकर मिलाकर पशुओं को खिलवाया। जिला अधिकारी ने गोवंशों को गुड़ भी खिलाया। जिलाधिकारी ने गोशाला संरक्षक एनजीओ सचिव को निर्देश दिए कि प्रतिदिन गायों को भूसे के साथ हरा चारा, खली चोकर मिलाकर अवश्य दिया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। कहा कि अगले निरीक्षण में कोई भी कमी नहीं दिखनी चाहिए। पशुओं का ध्यान प्राथमिकता के साथ रखा जाए। समय से पशुओं को चारा और पानी दिया जाए। पशुओं को नहलाया भी जाए। तेज धूप में पशुओं को छाया में बांधा जाए। कोई भी पशु बीमार होता है तो समय से उसका इलाज हो जाए यह सुनिश्चित करें। निरीक्षण के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र आदि अधिकारी मौजूद रहे।



गोशाला गुरैठा में गायों को गुड़ खिलाते जिलाधिकारी, साथ में मुख्य विकास अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

- **दोपहर में गोवंशों को छाया में बांधने के दिए निर्देश**
- **बीमार पशुओं का समय से उपचार कराने को कहा**

### आवासीय विद्यालय में खाद्य सामग्री की जांच की

**रहरा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गंगेश्वरी का निरीक्षण किया। जिला अधिकारी ने उपस्थित बच्चों से विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति को जाना। जिलाधिकारी ने मिड डे मील का भी परीक्षण किया। जिला अधिकारी ने आवासीय बच्चों को दी जा रही राशन सामग्री आटा चावल दाल की भी जांच की। साफ सफाई रखने के निर्देश आवासीय विद्यालय प्रभारी को दिए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि बच्चों के प्रयोग किए जाने वाले चादरों और कपड़ों की सफाई के लिए दो वाशिंग मशीन रखवाया जाय। खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी को जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में खेलकूद की भी व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने विद्यालय में गणित व विज्ञान के शिक्षकों की मांग किए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि राजकीय विद्यालय गंगेश्वरी से दो अध्यापक विज्ञान और गणित के संबद्ध किए जाए।

## शहर इमाम को धमकी देने में चार पर रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** मदरसे में बच्चे को जबरदस्ती पढ़ने को लेकर शहर इमाम के साथ धक्का मुक्की, गाली-गलौच एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर की जामा मस्जिद में मुफ्ती मेहराजुद्दीन इमाम है। वह जामा मस्जिद के मदरसे में बच्चों को पढ़ाने का भी कार्य करते हैं। उनके द्वारा बताया कि मदरसे और कमेटी को लेकर कुछ विवाद चल रहा है। उनका आरोप है नगर निवासी शाहिद हसन अपने भतीजे को मदरसे में पढ़ने के लिए अवैध रूप से जबरदस्ती कर रहे थे। उनके द्वारा मना करने पर सात मई को शाहिद, राजा, नवाब एवं हामिद हसन जामा मस्जिद में आए और गाली गलौज करने लगे। इमाम के मना करने पर धक्का मुक्की एवं जान से मारने की धमकी दी और चले गए। घटना के बाद शहर इमाम द्वारा कोतवाली पहुंचकर चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि जामा मस्जिद के इमाम की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप

### जन आरोग्य मेले में 42 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**सैदनगली, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन आरोग्य मेले में चिकित्सक ने लगभग 42 मरीजों का परीक्षण करके उन्हें दवा दी। सरकारी अस्पताल पर मौजूद इंचार्ज डॉ. प्रदेश कुमार ने बताया की 42 मरीजों को जन आरोग्य मेले में देखा गया तथा दवा वितरित की। इनमें से अधिकांश मरीज बुखार और एलर्जी के थे। लगभग 10 मरीजों की लैब असिस्टेंट सतीश कुमार ने खून की जांच की। इस मौके पर फार्मासिस्ट जावेद अहमद, सुकृति मौजूद रहीं। इस दौरान होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आशिक अली अस्पताल से गायब रहे। इंचार्ज डॉ. प्रदेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा कुत्ते के काटने के इंजेक्शन भी इसी सप्ताह से आने शुरू हो गए हैं। जो पीड़ित मरीजों को लगाए जा रहे हैं। मरीजों के लिए पीने का ठंडा पानी भी उपलब्ध है।



सैदनगली में जन आरोग्य मेले में मरीज देखते चिकित्सक। ● अमृत विचार



गजरौला में बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

### योग प्रतियोगिता की तैयारियों पर चर्चा

**गजरौला, अमृत विचार :** रविवार को जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता को लेकर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन अमरोहा की बैठक हुई। बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जोगेन्द्र सिंह के प्रतिष्ठान पर हुआ। डॉ. जोगेन्द्र सिंह ने कहा कि योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन 16 मई को आरके सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमरोहा में किया जा रहा है। प्रतियोगिता की सभी तैयारी लगभग पूरी हैं। जिसमें जनपद के सीबीएसई, माध्यमिक एवं बेसिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं तो भाग लेंगे ही साथ ही सीनियर कैटेगरी में कोई भी योगासन खिलाड़ी भाग ले सकता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता चार प्रकार की होगी। जिसमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, आर्टिस्टिक योगासन पेयर और रिदमिक योगासन पेयर की प्रतियोगिता होगी। इस अवसर पर जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पुरुजीत सिंह, कोषाध्यक्ष कोमल चौधरी, संयुक्त सचिव सचिन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### डग्गामार बसों के चालक सवारियों को लेकर भिड़े

**सैदनगली, अमृत विचार :** डग्गामार बसों के चालक सवारियों को लेकर भिड़ गए। जिससे अफरातफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों बसों को सीज कर आरोपियों पर कार्रवाई की है। बता दे कि संभल की ओर से सैदनगली होते हुए दिल्ली की ओर कई डग्गामार बसें चलती हैं। जिसके चालकों में आए दिन सवारियों को लेकर मारपीट होती रहती है। रविवार को भी हसनपुर संभल मार्ग पर ग्राम भीकनपुर शर्की के निकट दो डग्गामार बसों के चालकों में बस में सवारी बिठाने को लेकर आपस में भिड़ गए। जिससे बसों में बैठी सवारियों में अफरातफरी मच गई। मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों बसों एवं चालकों को कब्जे में लेकर थाने ले आई। थानाध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि बस चालक अफजाल पुत्र अनवर और दूसरी बस के चालक राजा पुत्र रशीद को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## छह घंटे बिजली आपूर्ति रही ठप, उपभोक्ता परेशान

**अमरोहा, अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए हाईटेंशन विद्युत लाइन के जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया गया। इस दौरान क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को छह घंटे बंद रखा गया।

अधिशासी अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि गर्मी में बिजली की अधिक मांग बढ़ने पर विद्युत लाइन में फाल्ट की समस्या आए दिन होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए बिजनौर रोड पर हाई टेंशन बिजली लाइन के जर्जर तारों को बदलने का कार्य रविवार को किया गया। उन्होंने बताया कि कार्य में बाधा उत्पन्न न हो इसलिए क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को चार घंटे बंद रखा गया। सुबह 10 बजे से शाम चार तक बिजली आपूर्ति के बंद रहने से क्षेत्र के लोगों का गर्मी में बुरा हाल हो गया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि बिजनौर रोड पर पिछले कई दिनों से तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा है।

# हर घर जल योजना के काम तेजी से पूरे कराएं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **योजना की धीमी गति पर जिलाधिकारी हुए नाराज**
- **देरी और लापरवाही पर अधिकारियों को दी चेतावनी**

**अमृत विचार :** जिले में चल रही हर घर जल योजना की धीमी प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक की और संबंधित अधिकारियों को योजना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

लापरवाही बरतने वालों को चेतावनी देते हुए कहा की समय से कार्य पूरा नहीं हुआ, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कलेक्ट्रेट में जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना की समीक्षा बैठक करते हुए कार्य प्रगति सही न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि जिले में हो रहे हर घर जल योजना के कार्य को तेजी के साथ किया जाए और ओवरहेड टैंक, पाइपलाइन नल कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन के जिन कंपनियों के अधूरे कार्य हैं। वह समय से पूरा कर लें और लक्ष्य लेकर कार्य को जिम्मेदारी से करें। उन्होंने कहा कि सभी परियोजना समय से पूर्ण हो जानी चाहिए।

पेयजल योजना के तहत जिन गांवों में सड़क नाली क्षतिग्रस्त हुई हैं। उनकी जल्द मरम्मत की जाए। कार्य सही न मिलने पर संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी है कि अगर कार्य में लापरवाही की गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले के कई गांव में अभी हर घर जल योजना का कार्य भी शुरू नहीं हो पाया है। उसको जल्द शुरू करें। कंपनियों को जो लक्ष्य दिया गया है उसको समय से पूरा करें।



अमरोहा में मातृ दिवस पर बुजुर्गों को केक देते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

### वृद्धाश्रम में केक काटा और फल बांटे

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा स्थित वृद्धाश्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी और सीएमओ डॉ. सतपाल सिंह ने वृद्धों के साथ केक काटा। सभी ने केक काटकर अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस मनाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वृद्धों को फल वितरित किए एवं भोजन भी परोसा। उन्होंने कहा दुनिया में मां की ममता से बढ़कर कुछ नहीं है। अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। इनके बिना दुनिया अधूरी है, लेकिन आज की भागदौड़ की जिदंगी में हम अपने बुजुर्गों का ख्याल कम रख पा रहे हैं। घर पर ज्यादा से ज्यादा समय अपने माता-पिता के साथ बिताना चाहिए।



अमरोहा में बैठक के दौरान एकत्र समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# जिले की प्रतिभाओं का होगा सम्मान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जनपद प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन समिति की बैठक नगर के आर्य समाज मंदिर में हुई। जिसमें जनपद की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया।

रविवार को हुई बैठक की अध्यक्षता राधेलाल रघुवंशी व संचालन हरिसिंह मौर्य ने किया। बैठक में समिति का विस्तार भी किया। जिसमें हरिसिंह मौर्य को संयोजक, राजकुमार अरुण व सोमराज सिंह को संरक्षक, केपी सिंह को अध्यक्ष, राधेलाल रघुवंशी, जितेंद्र सिंह व एस गांधी को उपाध्यक्ष, राजेश सिंह सभासद को महामंत्री, वीर बहादुर सिंह सभासद, चरन सिंह सभासद व देवेश कुमार सभासद को मंत्री, गौरव कुमार मौर्य को प्रचार मंत्री व मीडिया प्रभारी, राहुल कुमार भारती को मीडिया प्रभारी, देवेंद्र भगत सभासद को कोषाध्यक्ष, सीपी सिंह व सत्यपाल सिंह को मंत्री व प्रोफेसर डॉ. रमेशचंद्र को लेखा परीक्षक बनाया। इसके साथ सरदार बलवान सिंह, हरस्वरूप सिंह, महेश सिंह, सुदामा सिंह व नितिन कुमार को सदस्य बनाया। बैठक में करतार सिंह, शोभित सिंह, इंद्रपाल सिंह, डॉ. डी चंद्रा, वरन सिंह, जॉनी कुमार, बंटी आर्य, हरस्वरूप सिंह, देवेश कुमार, सत्यपाल सिंह, भीम बहादुर मौर्य रहे।

## थाने में तैनात सिपाही की तबीयत बिगड़ने से मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** थाने में तैनात सिपाही की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद रेफर कर दिया। उपचार के दौरान शनिवार की रात उसकी मौत हो गई।



अलीगढ़ जनपद के इगलास थाना क्षेत्र के गांव भतरोई निवासी शैलेंद्र कुमार गजरौला थाने में सिपाही पद पर तैनात था। बीते कई दिन से उनकी तबियत खराब थी। शनिवार शाम हालत ज्यादा बिगड़ गई। शैलेंद्र को सीएचसी चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह ने उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसकी अलीगढ़ में मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शैलेंद्र की उपचार के दौरान मौत हो गई है।

# छोटे भाई ने बड़े भाई व भाभी को पीटा, कार्रवाई की मांग


संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी में छोटे भाई ने बड़े भाई के मकान पर कब्जा करने की नीयत से मारपीट कर भाई व भाभी को घायल कर दिया। दोनों घायल थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों से तहरीर लेकर उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

थाना सैदनगली के कस्बा उझारी निवासी इस्माइल का छोटा भाई वसीम कुछ दिन पहले सऊदी अरब से आया है। छोटा भाई बड़े भाई के मकान पर कब्जा करना चाहता है। जिसको लेकर कई बार नोकझोंक भी हो चुकी है। रविवार की सुबह 8 बजे किसी बात को लेकर दोनों भाइयों में नोंकझोक होने लगी और देखते-देखते मारपीट हो गई। छोटे भाई ने बड़े भाई इस्माइल व उसकी पत्नी अफसाना को घायल कर दिया। घायल दंपती थाने पहुंचा और पुलिस को आरोपी भाई के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना पुलिस ने तहरीर लेकर घायल दंपती को उपचार के लिए हसनपुर नगर स्थित सीएचसी भेज दिया। जहां चिकित्सकों द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया गया और घर भेज दिया गया। वहीं थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



अस्पताल में बैठे दोनों घायल।



गजरौला में सजी श्रीकृष्ण राधा की झांकी।

### श्री वैष्णवी कला मंच के कलाकारों ने प्रस्तुत की झांकी

**गजरौला, अमृत विचार :** श्री श्याम मित्र मण्डल द्वारा आयोजित श्री रामनवमी महोत्सव के दूसरे दिन हजारों श्रद्धालु श्री वैष्णवी कला मंच मुरादाबाद के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए कार्यक्रम के साक्षी बने। अयोध्या में विराजे श्री रामलला के तिलक दर्शन के मंचन से मानों श्रद्धालुओं में उर्जा, उल्लास और भक्ति का संचार कर दिया। मंडल के अध्यक्ष डॉ. राजीव शुक्ल व संयोजक कपिल सिंघल ने अतिथियों को पगड़ी और पटका पहनाकर स्वागत किया। सूर्य तिलक के बाद धनौरा पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने मंडल के पदाधिकारियों के साथ भगवान राम की पूजा अर्चना और आरती की। श्री वैष्णवी मंच के प्रमुख रवि के नेतृत्व में कलाकारों ने भगवान शिव की बरात प्रस्तुत करके तो सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी के साथ ही महारास फूलों की होली, गंगा अवतरण आदि प्रस्तुतियां भी दी गईं। रात दो बजे तक कार्यक्रम चलता रहा, जिसके बाद अध्यक्ष डॉ. राजीव शुक्ल ने श्री श्याम मित्र मंडल परिवार के सभी सदस्यों समेत अतिथियों, श्रद्धालुओं पुलिस प्रशासन सभी का आभार ज्ञापित करके कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

### बसों के चुनाव में जाने से यात्रियों को परेशानी

**अमरोहा, अमृत विचार :** 13 मई को होने वाले चौथे चरण के चुनाव में अमरोहा डिपो से 35 रोडवेज बसों को भेजा है। इन बसों के चुनाव में भेजे जाने से यात्रियों को मंजिल पर पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अमरोहा डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि चौथे चरण के चुनाव के लिए 35 रोडवेज की बसों को मांगा था। उनकी मांग के अनुसार डिपो से रोडवेज की बसों को भेज दिया है। बताया जाता है कि नूरपुर, बिजनौर, नजीबाबाद, धामपुर, चांदपुर और मुरादाबाद जाने वाले यात्रियों को काफी इंतजार करने के बाद रोडवेज बस अड्डे से बसें मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि चौथे चरण के चुनाव के बाद रोडवेज की वापस डिपो पर लौट आएंगी। उन्होंने कहा कि यह समस्या एक जून तक बनी रहेगी क्योंकि सात चरणों में लोकसभा का चुनाव होना है और सभी चरणों में पुलिस बल को ले जाने के लिए रोडवेज की बसों को भेजा जाएगा।

### विद्यालयों का निरीक्षण परख पोर्टल से होगा

**अमरोहा, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अब विद्यालयों का निरीक्षण परख पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। विभाग अब इसकी तैयारी में पूरी तरह से जुट गया है। जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित हो रहे 406 विद्यालय जिसमें पढ़ने वाले छात्राओं की सुविधा के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर नए पोर्टल शुरू किए जाते हैं। इसके लिए विभाग ने परख पोर्टल की शुरुआत की है। विद्यालयों को समय सारणी भी इसी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। डीआईओएस पोर्टल के माध्यम से विद्यालयों का निरीक्षण कर सकेंगे। राजकीय स्कूलों के लिए प्रधानाचार्य कक्ष, शिक्षण कक्ष, उपलब्धता कंप्यूटर कक्ष की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता, बायोमेट्रिक मशीन, पोर्टल का विद्यालय स्तर पर प्रयोग शिक्षा डायरी की उपलब्धता समय 40 बिंदुओं का निर्धारण किया गया है।

### इंजन चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार :** बाइक से बांधकर इंजन चोरी करके ले जा रहे दो आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़कर पीट दिया और पुलिस को सौंप दिया। गांव कासमाबाद से दो चोर शनिवार रात इंजन बाइक से बांधकर चोरी करके लेकर जा रहे। इस बीच ग्रामीणों ने दो चोरों को पकड़ पीट दिया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले ट्रक से बैटरी भी चोरी की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी गुरुदयाल पुत्र परमा व भूपेंद्र को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

# आग लगने से सात ग्रामीणों का लाखों रुपये का नुकसान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गांव में आग लगने से सात ग्रामीणों के बोंगा, बिटोरा एवं अन्य सामान जलकर राख हो गया। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

तहसील क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर में रविवार को आग का कहर सात ग्रामीण पर टूटा। गांव के बाहरी छोर पर कुछ ग्रामीणों के मकान बने हुए हैं। दोपहर लगभग एक बजे के करीब बोंगा और बिटोरों आग लग गई और देखते-देखते सात ग्रामीणों के सामान जलकर राख हो गए। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, तो गजरौला से दो गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग में बलुआ का एक बोंगा, एक बिटोरा एवं एक बग्गी, कैलाश की झोपड़ी, 800 बांस जल गए एवं दो पशु झुलस गए।



सिरसा गुर्जर में आग से जले बांस।

कुलदीप के एक बोंगा, एक बिटोरा एक झोपड़ी एवं 500 बांस जलकर राख हो गए। बंटू का एक बोंगा, एक बिटोरा एवं 500 बांस जल गए। जोगिंदर के एक बोंगा, एक बिटोरा एवं एक ट्रैक्टर-ट्राली जल गई। हरिया की एक झोपड़ी एवं एक बोंगा, एक बिटोरा जलकर राख हो गए। देवेंद्र के एक बोंगा, एक बिटोरा जलकर राख हो गए। सातों ग्रामीणों के अनुसार लगभग लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों द्वारा तहसील प्रशासन को आग लगने की सूचना दे दी गई है।

**आयोजन** अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में हुई सेमिनार, स्टाफ को शपथ भी दिलाई

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग स्टॉफ का सम्मान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में रविवार को स्कूल ऑफ नर्सिंग की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर सम्मान समारोह एवं शपथ ग्रहण का आयोजन हुआ। जिसमें नर्सिंग स्टूडेंट्स एवं नर्सिंग प्रोफेशनल्स को चिकित्सा सेवा एवं निस्वार्थ समर्पण की शपथ दिलाई और उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग स्टॉफ को सम्मानित किया। इस अवसर पर रोल ऑफ नर्सिंग प्रोफेशनल्स इन हेल्थ केयर विषय पर सेमिनार भी हुई।

कार्यक्रम श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान के डॉ. सीवी रमन सभागार में हुआ। समारोह का आरंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आईबी. राजू, नर्सिंग प्रिंसीपल डॉ. एना एरिक ब्राउन, डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ. श्वेता अम्बर, डॉ. एचपी. सिंह आदि ने सरस्वती मां एवं फलोरेन्स नाइटएंगल की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि नर्सिंग दुनिया की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। चिकित्सा क्षेत्र में मरीज के साथ आपका सेवा भाव निस्वार्थ समर्पण अच्छी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में आपका योगदान कहीं भी चिकित्सक से कम नहीं होता है। राष्ट्रीय संगोष्ठी को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. (डॉ.) राजेश, डॉ. एना एरिक ब्राउन, डॉ. एचपी सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डॉ. मंजरी राणा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डीन मेडिकल डॉ. संजीव भट्ट, एमएस एसएस बघेल, अरूण गोस्वामी, मारूफ चौधरी, नीतूश्री पाल, पूजा एरी, नीमा, प्रतिभा, सुमन दीप कौर, डॉ. प्रताप सिंह, विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विम्स हॉस्पिटल के मार्केटिंग डायरेक्टर एमए चौधरी ने किया।



गजरौला में श्री वेंक्टेश्वरा विश्विद्यालय में नर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद नर्स व अतिथि। ● अमृत विचार

## एक नजर

### मुख्य रास्ते पर अवैध कब्जे का आरोप

गुन्नौर, अमृत विचार : गांव पाठकपुर निवासी रूपराम ने अधिकारियों को पत्र भेज कर गांव के ही कुछ लोगों पर मुख्य रास्ते पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। कहा है कि उसका मकान दादुपुर-पाठकपुर लिंक रोड पर है। कुछ लोग रास्ते पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। जिससे गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की गई है।

### कार की खिड़की से टकराकर घायल

संभल/मनोटा, अमृत विचार : अमरोहा जिले के गांव पतेई खालसा निवासी फार्मासिस्ट शेर सिंह रविवार को ड्यूटी करने बाइक पर सवार होकर असमोली विकास खंड के गांव मनोटा में स्थित प्राइवेट चिकित्सालय जा रहा था। मनोटा चौधरपुर मार्ग पर गांव शहबाजपुर कला के पास चालक ने खड़ी कार की अचानक से खिड़की खोल दी। जिससे शेर सिंह की बाइक खिड़की से टकरा गई और शेर सिंह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने शेर सिंह को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# दो घरों से नकदी, जेवर समेत हजारों का सामान चोरी

## गांव टांडा कोठी में किसान व मजदूर के घरों को बनाया निशाना, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी



असमोली के गांव में चोरी की जानकारी देता ग्रामीण। ● अमृत विचार

- दीवार में नकब लगाया और घर में दाखिल हो गए चोर
- सुबह खेतों की तरफ जाते लोगों को खाली बक्सा पड़ा मिला

अमृत विचार :असमोली थाना क्षेत्र में चोरों ने नकब लगाकर किसान के घर से 10 हजार की नकदी, सोने चांदी के जेवर, कपड़े समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

थाना क्षेत्र में असमोली-लोधीपुर मार्ग पर गांव टांडा कोठी निवासी किसान भूरे सिंह का घर गांव के बाहरी छोर पर है। किसान भूरे सिंह और परिवार के लोग शनिवार को रात घर के आंगन में सो रहे थे। देर रात में चोरों ने पीछे से दीवार में नकब लगाया और घर में दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखी 10 हजार की नकदी, सोने चांदी के जेवर, पीतल के बर्तन, कपड़े समेत हजारों रुपये का सामान समेट और निकल गए। देर रात दो बजे जाग होने पर परिवार के लोगों ने कमरे का दरवाजा खोला तो सामान बिखरा पड़ा मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से जानकारी की। दूसरी ओर इसी गांव निवासी मजदूर रियाजुल पुत्र छिद्दा का मकान है। बिना दरवाजे वाले मकान में चोर घुसे और कपड़ों से भरा बक्सा चोरी कर ले गए। रविवार को सुबह खेतों की तरफ जाते लोगों को खाली बक्सा पड़ा मिला। कपड़े बिखरे हुए थे।

## लूटपाट की घटना निकली झूठी, महिला सहित तीन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

- अपने रिश्तेदारों को फंसाने के लिए गढ़ी गई लूट की झूठी कहानी
- पुलिस पूछताछ में सामने आया मामला

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई पर बाइक सवार ससुर, देवर, भाभी के साथ लूटपाट की सूचना पुलिस की जांच में झूठी निकली। जिसमें बाइक सवार रंजिश के चलते अपने रिश्तेदारों को फंसाना चाहते थे। पुलिस ने महिला सहित तीनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी हरपाल पुत्र होरी सिंह शनिवार की शाम अपने पुत्र रवेंद्र सिंह व बड़े पुत्र की पत्नी नीशू यादव को दवा दिलाने चन्दौसी बाइक से आया था। हरपाल ने तहसील के सामने चिकित्सक से पुत्रवधु को दवा दिलाई और शाम साढ़े सात बजे घर लौटने लगे। जब गांव असालतपुर जारई से कुछ आगे निकल कर गणेशपुर वाले मार्ग पर पहुंचे तो दो बाइक पर छह लोगों ने रोक लिया और महिला से जेवर व रविंद्र से दो हजार रुपये लूट लिए। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूछताछ करने लगी। जब हरपाल ने आरोपियों में से तीन को पहचानने की बात कही तो पुलिस समझ गई कि घटना झूठी है। इसके बाद पुलिस तीनों को कोतवाली ले आई। यहां पूछताछ में हरपाल ने बताया कि उनका परिवार के लोगों से पॉपलर के पेड़ों को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद के चलते दो दिन पहले थाना कुढ़फतेहगढ़ में शांतिभंग की कार्रवाई भी हुई थी। उन्हें फंसाने के लिए हरपाल ने लूटपाट की कहानी गढ़ी थी। लूट की झूठी सूचना के आरोप में लक्ष्णगंज पुलिस चौकी इंचार्ज सचिन भाटी ने हरपाल, रविंद्र व नीशू पत्नी यशवीर यादव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने तीनों का चालान किया है।

## पानी के छींटे गिरने को लेकर भिड़े दो पक्ष, दो महिलाओं समेत पांच घायल

संवाददाता, बबराला

- मकान के लिंटर की तराई के दौरान हुआ विवाद

अमृत विचार :निर्माणाधीन मकान की तराई करने के दौरान पानी की छींटें गिरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष लाठी डंडे लेकर भिड़ गए। मारपीट में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी पप्पू मकान का निर्माण करा रहा है। रविवार को पप्पू मकान के लिंटर में पाइप से पानी डाल कर तराई कर रहा था। पड़ोसी मलखान के घर में पानी की छींटें गिरने लगीं तो उसने विरोध किया। इसी बात पर दोनों पक्षों के लोग पहुंच गए और कहासुनी के दौरान दोनों ओर से लाठी डंडे निकल आए। दोनों गुटों के लोग एक दूसरे पर लाठी डंडे से वार करने लगे। मारपीट में एक पक्ष के विमलेश, ज्ञानेश और मलखान जबकि दूसरे पक्ष की चुन्नी व उसका पति पप्पू घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। डॉक्टर ने ज्ञानेश और पप्पू की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुरानी रंजिश में की मारपीट, तीन घायल

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव बबैना निवासी लोचन सिंह ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव का ही एक व्यक्ति पुरानी रंजिश को लेकर परिवार की तीन महिला व दो सगे भाइयों को साथ लेकर घर में घुस आया और गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध किया तो सगे भाई मिलकर लोचन सिंह के साथ लात घूसों व लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। बचाने पहुंचे बेटे विकास व पत्नी लक्ष्मी को भी सगे भाइयों व तीनों महिलाओं ने मारपीट कर चोटिल कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने लोचन सिंह, विकास व लक्ष्मी का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

### मृत गोवंशीय पशु को सड़क किनारे फेंका

संभल, अमृत विचारः रविवार को सोशल मीडिया पर ट्रैक्टर ट्राली में लदे गोवंशीय पशु को सड़क किनारे खंदक में फेंकने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो नखासा थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर सुनावरी का बताया जा रहा है। जिसमें ट्रैक्टर ट्राली में लादकर चालक एक मृत गोवंशीय पशु को गांव के पास ही स्थित सड़क पर लेकर जाता है और ट्रैक्टर ट्राली रोक कर चालक मृत गोवंशीय पशु को खंदक में डाल देता है। जिसके बाद चालक बिना दफनाए गोवंशीय पशु को ऐसे ही खुले में छोड़कर ट्रैक्टर ट्राली लेकर चला जाता है। ग्राम प्रधान पति जितेंद्र सिंह ने बताया वायरल वीडियो शनिवार को गोशाला में हुए मृत गोवंशीय पशु का है। गड्ढा खोदकर गोवंशीय मृत पशु को जमीन में दफना दिया है।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

संवाददाता, संभल

- महिला का पति से तलाक करा दिया और बाद में खुद शादी करने से इनकार कर दिया
- मामला पुलिस तक पहुंचा तो एक सप्ताह बाद चालक ने महिला से समझौता कर लिया

अमृत विचारः सदर कोतवाली क्षेत्र में चालक ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म किया। आरोप है कि चालक ने शादी का झांसा देकर महिला का उसके पति से तलाक करा दिया और बाद में महिला के साथ शादी करने से मना कर दिया।

नखासा थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी महिला ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि चार माह पहले कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी ट्रक चालक ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। जिसके चलते चालक ट्रक में बैठाकर महिला को घुमाने भी लेकर जाने लगा। आरोप है कि चालक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर महिला का उसके पति से तलाक करा दिया। पति को तलाक देने के बाद फरवरी माह में महिला चालक के घर पहुंची। शादी की बात की तो चालक ने मारपीट कर महिला को घर से भगा दिया। मामला पुलिस तक पहुंचा तो एक सप्ताह बाद चालक ने महिला से समझौता कर लिया।

12 अप्रैल को चालक ने घर पहुंचकर महिला के साथ फिर से शादी का प्रस्ताव रखा। शादी से मना किया तो चालक ने धमकी देते हुए महिला के साथ दुष्कर्म किया।

### खाली मकान में आपत्तिजनक हालत में मिला प्रेमी युगल

संभल, अमृत विचार :नखासा थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते युवक व युवती खाली मकान में आपत्तिजनक हालत में मिले। प्रेमी युगल का वीडियो वायरल हुआ तो युवती के परिजनों ने पुलिस से शिकायत कर दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक व युवती के बीच स्कूल में साथ पढ़ने जाते प्रेम प्रसंग हो गया था। प्यार के चर्चे परिजनों तक पहुंचे तो परिजनों ने पढ़ाई बीच में बंद कराकर युवती को घर के कामकाज में लगा लिया। इसके बावजूद भी युवक व युवती का मिलना-जुलना बंद नहीं हुआ। शनिवार को युवती के परिजन घर पर नहीं थे तो उसने युवक को मिलने के लिए बुला लिया। मकान के अंदर जाते युवक व युवती को लोगों ने देख लिया। प्रेमी युगल को आपत्तिजनक स्थिति में देखकर फोन से उनका वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल हुआ तो युवती के परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के पड़ोस में ही घर हैं। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। दोनों पक्षों ने बैठकर फैसला कर लिया है।

## रास्ते के किनारे पड़ा मिला ग्रामीण का शव

संभल/मनोटा, अमृत विचारः ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में बाग में जाने की बात कहकर घर से निकले ग्रामीण का शव रास्ते के किनारे पड़ा मिला।

थाना क्षेत्र के गांव धारंगपुर निवासी देवराज 40 वर्ष शनिवार की शाम परिजनों से गांव अशरफपुर के पास स्थित आम के बाग में जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक देवराज घर नहीं लौटा तो परिजनों ने आसपास में तलाश की, लेकिन देवराज का कहीं पता नहीं चला। रविवार की सुबह ग्रामीण खेतों पर काम करने जा रहे थे। रास्ते में गांव निवासी हरि सिंह के खेत के पास रास्ते पर देवराज मृत अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीणों से देवराज की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर आ गए। थाना प्रभारी रेनू सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे अजीत ने देवराज के शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग को लेकर तहरीर दी है।

# 7 घंटे बिजली आपूर्ति ठप, हजारों लोग रहे परेशान

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचारः सप्लाई बॉक्स में अचानक फाल्ट आ जाने के कारण पूरे बहजोई शहर की विद्युत आपूर्ति 7 घंटे तक ठप रही। जिसके कारण शहर भर के हजारों लोग रहे परेशान रहे। जहां एक ओर भीषण गर्मी में नागरिक पसीना- पसीना हो गए तो दूसरी ओर विद्युत आपूर्ति ठप होने से पीने के पानी की भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार को सुबह 8 बजे अचानक बिजली घर पर सप्लाई करने वाले बॉक्स में फॉल्ट हो गया। जिसके कारण पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी में 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। 7 घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने के कारण एसी, फ्रिज, कूलर, पंखे शोपीस बनकर रह गए। वहीं सुबह के समय समरसेबल से लोग पानी भी जमा नहीं कर पाए। जिससे उन्हें पीने के पानी को लेकर भी समस्या का सामना करना पड़ा।



सुबह 8 से अचानक विद्युत आपूर्ति ठप्प गई। जिसके कारण घर के पंखे व कूलर शोपीस बनकर रह गए। भीषण गर्मी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। पीने के पानी को लेकर भी समस्या रही। क्योंकि सुबह ही समरसेबल से पानी छत के टैंक में जमा किया जाता है। उसे समय विद्युत आपूर्ति ठप रही।

– शोभित कुमार काका, नागरिक



जब से गर्मी पड़नी शुरू हुई है तब से विद्युत आपूर्ति की कटौती की जा रही हैं। जबकि बहजोई जिला मुख्यालय पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के आदेश हैं। इसका ध्यान नहीं रखा जा रहा है। भीषण गर्मी में कटौती होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

– भूपेंद्र शर्मा, नागरिक



कभी सुबह तो कभी शाम को विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक बिजली नहीं मिली तो बड़ों से लेकर बच्चों तक को बहुत समस्या का सामना करना पड़ा।

– लव मोहन वार्ष्णेय, एडवोकेट



सात घंटे तक विद्युत आपूर्ति न मिलने से भीषण गर्मी में पानी पानी हो गए। हाथों के पंखों से गर्मी से निजात पाने की कोशिश की। वहीं घरों में सुबह के समय पानी नहीं था। पीने के पानी को भी तरस गए। अब भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है।

– टिंकू कश्यप, सभासद

दोपहर 2 बजे जब आपूर्ति सुचारू हुई तब कहीं जाकर नागरिकों ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि बहजोई शहर की आबादी 35,000 है।

# गंदगी व जलभराव से गांव में नारकीय हालात

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन



गौंहत गांव में सड़क पर पसरी गंदगी व कीचड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार :विकास खंड पंवासा के गांव गौंहत में सफाई व्यवस्था ठप है तो गंदगी और जलभराव से नरकीय हालात बने हैं। जिस कारण संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा बना हुआ है। ग्रामीणों ने हालात को लेकर रोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग उठाई है।

गांव गौंहत में सफाई कर्मियों के नहीं होने के कारण गंदगी का अंबार लगा है। गांव में जगह-जगह कूड़े ढेर लगे हैं तो नाले और नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। जिस कारण नालियों का गंदा पानी रास्ते में जमा हो रहा है। जलभराव की वजह से ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो भीषण दुर्गंध के साथ-साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। जिस कारण गांव में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। यहां काफी समय से सफाई नहीं होने के कारण हालात बदतर हैं। फिर भी जिम्मेदार सफाई व्यवस्था की तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।



नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे रास्ते से निकलने में परेशानी होती है। गांव में सफाई कर्मचारी नहीं आता। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

–प्रमोद यादव



गांव में गंदगी पसरी है। कई साल से सफाई कर्मी नहीं है। गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदे पानी से दुर्गंध के साथ ही मच्छर पनप रहे हैं। गांव में संक्रामक रोग फैलने का डर बना हुआ है। –जगतवीर यादव

## माता सती की कथा का वर्णन सुनकर श्रद्धालु हुए भावुक

संभल, अमृत विचार :नगर के शिशु शिक्षा केंद्र में चल रही श्रीमद भागवत कथा में चौथे दिन कथा वाचक संत धनवंतरी ने माता सती की कथा का वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भावुक हो गए।

संत धनवंतरी ने कहा कि जब दक्ष प्रजापति ने महादेव को बुलाकर अनादर किया और उनकी निंदा की तो मां सती ने यज्ञ में अपना देह का त्याग कर दिया। कथा व्यास संत धनवंतरी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग भी सुनाया। जिसमें श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया तो श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस बीच कई भजनों की प्रस्तुति दी गई तो माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रीमद् भागवत कथा के यजमान विशाल पीएनबी परिवार सहित रहे। व्यवस्था में हरित गौड़, प्रशांत शर्मा, शशांक शर्मा आदि रहे।

# शहबाजपुर कला में गंदगी के ढेर, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- 15 हजार की आबादी वाले गांव में पसरी गंदगी, खुद सफाई में जुट रहे ग्रामीण
- सूखा और गीला कचरा ले जाने को लगे वाहन पड़े हैं खराब

अमृत विचार :लोकसभा चुनाव में सरकारी तंत्र व्यस्त हुआ तो गांवों में सफाई व्यवस्था चौपट हो गई। असमोली विकास खंड की ग्राम पंचायत में साफ-सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हैं तो नालियों के अटने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। रास्ते से निकलने में भी ग्रामीणों को परेशानी हो रही है और संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी है।

ग्राम पंचायत शहबाजपुर कला की आबादी करीब 15 हजार है। यहां एक सफाई कर्मी की तैनाती है।

यहां नियमित नालियों की साफ-सफाई न होने के कारण घरों का पानी सड़कों पर बह रहा है। गांव में सड़कों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर व कीचड़ के कारण जहां राहगीरों व ग्रामीणों को आवागमन की परेशानी हो रही है।

आलम यह है कि कई ग्रामीण खुद ही नालियों की सफाई करते नजर आ रहे हैं। ऐसे हालात को लेकर ग्रामीणों में रोष है। वहीं घरों से गीला और सूखा कूड़ा ले जाने के लिए लगे वाहन खराब पड़े हैं।

एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी सेंटर) पर सफाई व्यवस्था दिख रही है। शायद ऐसे हालात सूखा और गीला कचरा नहीं पहुंचने के कारण बने हैं।

## सार-संक्षेप



गायत्री परिवार के कार्यक्रम में सम्मानित की गई महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं को किया सम्मानित, कहा-सृष्टि का आधार है मां

संभल, अमृत विचार : गायत्री महिला मंडल की ओर से मदर्स डे पर आयोजित हुए कार्यक्रम में मां का महत्व बताया गया। चंदौसी रोड पर स्थित गायत्री सेवा आश्रम में गायत्री महिला मंडल द्वारा मदर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मां गायत्री के पूजन के बाद मां और मातृ शक्ति को सृष्टि का आधार बताकर उसकी महिमा का वर्णन किया गया। गायत्री महिला मंडल की संचालिका सविता गर्ग ने कहा कि मां सृष्टि का आधार है। उन्होंने मां और मातृशक्ति का आध्यात्मिक, वैज्ञानिक, सामाजिक महत्व बताते हुए अनेक प्रसंगों के माध्यम से मां की महिमा का वर्णन किया। सुमन गुप्ता, अंजली शर्मा, विनीता भारद्वाज, भूमिका, मंजू सैनी, आरती शर्मा, सावित्री देवी, पारुल, सविता आदि महिलाओं को माल्यार्पण करके और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। विनीता भारद्वाज ने कहा कि जब से सृष्टि की रचना हुई है, मां अपने कर्तव्य पथ से जरा भी नहीं हटी है। ऐसा ही धैर्य, साहस, विवेक, ज्ञान, समर्पण, सेवा और संस्कार प्रत्येक मां को सिखाने होंगे। जिससे यह सृष्टि देव भक्ति से देश भक्ति की ओर अग्रसर होगी। राजेंद्र गुर्जर, कृष्ण कुमार, राधिका, अजय कुमार शर्मा आदि ने विचार रखे। अध्यक्षता सविता गर्ग ने तथा संचालन गायत्री परिवार के तहसील संयोजक कृष्ण कुमार एडवोकेट ने किया।





वृद्धाश्रम में मातृ दिवस पर सेवा करते साक्षी सेवा समिति के सदस्य।

### वृद्धाश्रम में केक काट कर मनाया मातृ दिवस

चन्दौसी, अमृत विचार : साक्षी सेवा समिति की ओर से रविवार को रामबाग रोड स्थित वृद्ध आश्रम में रहने वाली माताओं के साथ मातृ दिवस मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि आज के दौर में बच्चे अपने माता पिता के लिए समय नहीं निकाल पाते। जिस कारण से बुजुर्ग अपने आपको उपेक्षित महसूस करते हैं। इस वजह से साक्षी सेवा समिति के प्रदेश सचिव दीपक राठौर एडवोकेट, संजय शर्मा एडवोकेट, राजेश कुमार एडवोकेट आदि समस्त कार्यकारणी ने निश्चित किया कि मातृ दिवस के अवसर पर अपनी-अपनी माताओं के साथ-साथ वृद्ध आश्रम में रह रही उन सभी माताओं के साथ मिलकर उनका सुख दुख सुनेंगे और उनके साथ समय बिताएंगे। रंजना शर्मा ने वृद्ध आश्रम की बुजुर्ग माताओं से केक कटवाया। माताओं को पटका पहनाकर उपहार स्वरूप टिफिन आदि भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक काउंसलर संगीता भार्गव, सुधा शर्मा, रेनू शर्मा, निधि गुप्ता, वृद्ध आश्रम की अधिकारी किरण, सोनू उपस्थित रहे।

# सीएचसी पर तीन माह से टीबी की दवा न होने से रोगी परेशान

संवाददाता, गुन्नौर

- तमाम मरीज मेडिकल स्टोर से खरीद रहे दवा
- सौ से अधिक टीबी मरीजों का हो रहा इलाज

अमृत विचार : दवा की अनुपलब्धता के चलते राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम दम तोड़ता नजर आ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉट्स सेंटर में टीबी की दवा का अकाल पड़ने से गरीब मरीजों का इलाज अधर में लटक गया है। मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सीएचसी के डॉट्स सेंटर पर पिछले तीन महीने से से टीबी की नियमित दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा शुरूआती दौर में चलने वाली फोर एफडीसी व थ्री-एफडीसी दवाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। इससे इलाज करा रहे सौ से अधिक टीबी मरीजों को निजी मेडिकल स्टोर से ज्यादा दाम पर दवाएं खरीदनीं पड़ रही हैं। गरीब मरीज पैसे की तंगी के चलते बाजार से दवाएं नहीं खरीद पा रहे, लिहाजा सरकार की टीबी (तपेदिक) मुक्त करने की मुहिम दम तोड़ रही है। डॉट्स सेंटर के सीनियर सुपरवाइजर ललित कुमार ने बताया कि करीब तीन महीने से टीबी की दवाओं का संकट बना हुआ है। दवाओं की आपूर्ति न आने से दिक्कत है। शासन से सप्लाई आने के बाद कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पहले टीबी की अलग-अलग चार तरह की दवा आती थीं लेकिन अब एक ही गोली में चार तरह की दवा मिलाकर आती है। इससे मरीज को सहूलियत होती है। यह दवा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। बताते चलें कि टीबी का रोगी दवा खाना छोड़ दे तो दवा की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसे चिकित्सकीय भाषा में मल्टीपल ड्रग रजिस्टेंस (एमडीआर) कहते हैं।

विश्व मातृ दिवस | सिंगल मदर के रूप मे अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं कई माताएं

# आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर ने माताओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी





कार्यक्रम में सम्मानित माताएं और बेटियां। ● अमृत विचार

अमृत विचारः विश्व मातृ दिवस के अवसर पर आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के सदस्यों ने उन माताओं को सम्मानित किया जो सिंगल मदर के रूप मे अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं। माता और पिता दोनों की भूमिका अकेले ही निभा रही हैं। समिति की सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि समिति के इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व के गौरव का संरक्षण है एवं विश्व को एक संदेश देना है कि किस प्रकार से एक मां अपनी सीधी भूमिका निभाकर समाज की सार्थक संरचना करती है। अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व को नारी शक्ति के गौरव से परिचित कराना है।

कार्यक्रम में आरती शर्मा को सम्मानित किया गया जो समूह चला कर समाज में अपनी भूमिका निभाती हैं और एक मां के रूप में अपना घर चलती है। रेखा घर में काम कर अपने बच्चों की पढ़ाई करा रही है। सोनिया डूडेजा ब्यूटीशियन के रूप में कार्य कर रही हैं और उसी से अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं। मोनिका चौधरी हेड कांस्टेबल के रूप में कार्यरत हैं और सशक्त मां के रूप में अपनी भूमिका निभा रही हैं। सभी माताओ को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति के सदस्यों को भी उनके बच्चों ने सम्मानित किया। अनाया गुप्ता ने दुर्गा टंडन को, देव कोहली ने योगिता कोहली को, अमर अरोड़ा ने पूनम अरोड़ा को, अंश गांधी ने अनु गांधी को, शिवनाथ अरोड़ा ने रानी अरोड़ा को, पंकज डुडेजा ने सीमा डूडेजा को सम्मानित किया।

### जीनियस गर्ल्स स्कूल में मनाया मदर्स डे

चन्दौसी, अमृत विचार : जीनियस गर्ल्स स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। छात्राओं ने अपनी माताओं के साथ नृत्य और कैटवॉक कर तालियां बटोरीं। ट्रस्टी शोभा वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। प्रिंसिपल सोनिया दीक्षित ने उपस्थित सभी माताओं को विश्वास दिलाया कि उनकी बेटियां जीवन की ऊंचाइयों को छुएंगी। मनमोहक प्रस्तुतियां देने वाली छात्राओं में श्रेया, अविका, गीतिका, अनन्या, आशी, जीविका व सानवी आदि के साथ स्कूल कोऑर्डिनेटर सारिका, महिमा वार्ष्णेय, अदिति शर्मा, प्रज्ञा पाठक, शीतल पाल, स्वाति आदि ने प्रतिभाग किया। विद्यालय चेयरमैन पवन गुप्ता व निदेशक सुनील मिश्र ने माताओं को संसार की सर्वशक्तिमान महिला बताया। इस दौरान छात्रा अंजली को जीनियस गर्ल्स ऑफ द डे अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### इज्जतनगर स्टेशन पर लंगूर ने यात्री का काटा कान

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर स्टेशन पर रविवार को लंगूर ने यात्री पर हमला कर दिया और उसका कान काट लिया। यात्री को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाफिजगंज क्षेत्र के गांव अहमदाबाद निवासी रामदास शहर के राजेंद्र नगर स्थित सूरजभान इंटर कॉलेज में चौकीदारी है। रविवार को वह गांव जाने के लिए इज्जतनगर स्टेशन पर पहुंचे। इसी बीच लंगूर ने हमला कर दांतों से उनका कान काट लिया। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें किसी तरह लंगूर से बचाया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बरेली जंक्शन समेत पुराने बस अड्डे पर भी कई बार बंदर और लंगूर यात्रियों पर हमला कर चुके हैं।

### आज पिथौरागढ़ पहुंचेगा आदि कैलाश का पहला दल

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** आदि कैलाश यात्रा का पहला दल तेरह मई को पिथौरागढ़ पहुंचेगा। इस बार इस यात्रा में पंद्रह यात्री दल कैलाश दर्शन के लिए जाएंगे। आदि कैलास के साथ ही श्रद्धालु ओम पर्वत के भी दर्शन करेंगे। पहले 49 सदस्यीय आदि कैलाश यात्री दल के जनपद में पहुंचने के साथ ही यह यात्रा आधिकारिक तौर पर शुरू हो जाएगी। आठ दिवसीय इस यात्रा का संचालन कुमाऊं मंडल विकास निगम करता है। केएमवीएन ने यात्रियों के प्रवास के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। जिले भर में यात्रियों का परंपरागत तरीके से स्वागत किया जाएगा। पहले दिन यात्री दल काठगोदाम से चलकर पिथौरागढ़ पहुंचेगा और यहीं रात्रि प्रवास करेगा। अगले दिन दल यात्रा के आधार कैंप धारचूला पहुंचेगा। पंद्रह मई को यात्री दल को सड़क मार्ग से ही गुंजी पहुंचाया जाएगा।

### आग से ग्रामीणों के बिटोरे और भूसे के बोंगे जले

**कैसरा, अमृत विचार :** धनौरा तहसील क्षेत्र के कैसरा गांव में आग लगने से सात ग्रामीणों के बोंगा, बिटोरा एवं अन्य सामान जलगया। गांव कैसरा में रविवार को आग से गांव के बाहरी छोर पर कई ग्रामीणों के बिटोरे और भूसे के बोंगे बने हुए हैं। दोपहर चार बजे बोंगों और बिटोरों में आग लग गई। आग की सूचना फायर ब्रिगेड को कैसरा ग्राम प्रधान रूद्रप्रताप सिंह ने दी। इसके बाद गजरौला से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग में रामचरन का बोंगा, कृष्ण का बिटोरा, जबरसिंह, धर्मवीर, कुलदीप का बोंगा जल गया।

# मुठभेड़ में छैमार गिरोह के चार बदमाश पकड़े

## मच्छरदानी बेचकर या भीख मांगकर करते हैं रेकी, कच्छा-बनियान में घटनाओं को देते हैं अंजाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


मुठभेड़ के बाद पुलिस की गिरफ्त में गिरोह का सरगना इशरत उर्फ चेयरमैन।

- जिले के अलावा कई जिले व राज्यों में कर चुके हैं घटनाएं

**अमृत विचार :** मुठभेड़ के बाद पुलिस ने छैमार गिरोह के तीन बदमाशों को पकड़ लिया। सरगना को पकड़ने के लिए पुलिस जैसे ही आगे बढ़ी, वैसे ही उसने ताबड़तोड़ पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरोह के सरगना को भी गिरफ्तार कर लिया। जबावी कार्रवाई में एक बदमाश भी घायल हुआ है। पुलिस ने चारों बदमाशों के कब्जे से असलाह, चोरी के जेवर आदि सामान बरामद किया है। रविवार को सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

जिले के जरीफनगर थाना क्षेत्र में चोरी और लूट घटनाएं अचानक बढ़ गईं। इस पर एसएसपी ने स्थानीय पुलिस के अलावा एसओजी को भी लगाया।

शनिवार को पुलिस और एसओजी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सोभनपुर मोड़ से तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश आमिर खान उर्फ जुनैद खान निवासी गांव ढक्का थाना सैदनगली अमरोहा, इशरत उर्फ दिलशाद निवासी रेलवे स्टेशन भोजपुर मुरादाबाद हाल निवासी गांव मईनाथ थाना मडराक जिला अलीगढ़ और यहीं का अरबाज उर्फ अबराज हैं। पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि वह छह मार गिरोह के सदस्य हैं। उनका सरगना इशरत उर्फ चेयरमैन उर्फ आसिफ निवासी ग्राम बुरावली थाना रहरा जिला अमरोहा है। वे लोग एक वारदात करने वाले हैं, इसलिए इशरत उनसे मिलने के लिए आ रहा है।

### इशरत ने पुलिस पर कर दी ताबड़तोड़ फायरिंग

पकड़े गए बदमाशों के बताने पर जरीफनगर पुलिस और एसओजी ने गांव जतकी चौराहा पर बागवाला से मालपुर ततेरा की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान एक व्यक्ति आया। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में सिपाही गौरव चौधरी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली इशरत उर्फ चेयरमैन के पैर में धस गई, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किए।

### सर्राफ के यहां हुई चोरी का माल बरामद

बदमाशों ने बताया कि जनवरी में दहगवां में सराफा की दुकान में उन्होंने ही चोरी की थी। जिसके बाद दो माह बाद ही गांव जटपुरा निवासी नेकराम, जहीर अहमद, जमीर अहमद, नबी शेर के घर लूट की थी। वह थाना वजीरगंज क्षेत्र में चोरी कर चुके हैं। पुलिस ने बदमाशों के पास से 9500 रुपये, सोने की दो अंगूठी, दो जोड़ी कुंडल, तीन जोड़ी पायल, चांदी का हथफूल, एक चेन, महिला की अंगूठी, एक जोड़ी खंडुआ, दो लौंग, चांदी की अंगूठी व हार के अलावा तमंचे व कारतूस बरामद किए।

### घटना के दौरान हत्या करने से भी नहीं चूकते

सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि यह गिरोह संगठित रूप से वारदात को अंजाम देते हैं। खानाबदोश का जीवन जीते हैं। दिन में मच्छरदानी या भीख मांगकर रेकी करते हैं। एकांत घरों को चिन्हित करके घटना को अंजाम देते हैं। घटना के दौरान आरोपी बंधक बना लेते हैं और हत्या जैसे अपराध करने से भी नहीं चूकते हैं।

# ट्रक ने दो ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, तीन की मौत की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

हादसा

- संभल जनपद के राजपुर थाना क्षेत्र में देर रात हुआ हादसा
- अंतिम संस्कार से लौट रहे थे ग्रामीणों, आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत का अंदेशा

**अमृत विचार:** जनपद संभल के राजपुर थाना क्षेत्र में देर रात बड़ा हादसा हुआ है। तेज रफ्तार ट्रक ने अंतिम संस्कार से लौट रहे ग्रामीणों के दो ट्रैक्टर ट्रालियों को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के मरने की आशंका है जबकि दो दर्जन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं।

केला देवी अनुच्छेद के लधनपुर गांव निवासी वीर सिंह के पिता की मृत्यु हुई तो उनके अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीण दो ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर अनूप शहर गंगा घाट गए थे। रविवार रात 11 बजे के बाद ग्रामीण अंतिम संस्कार से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दीपपुर डांडा गांव के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों को बुरी तरह से रौंद दिया। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर राजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को राजपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दो दर्जन गंभीर घायलों राजपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि जो लोग अस्पताल ले गए हैं उनमें से तीन मृत अवस्था में हैं। कहा जा रहा है इस हादसे में मृतकों की संख्या आधा दर्जन से ज्यादा हो सकती है। पुलिस प्रशासनिक अमला राहत व बचाव के कार्य में जुटा है।

## सार-संक्षेप

### खेत से मोटर चोरी करते दो चोर पकड़े

**गजरौला, अमृत विचार :** किसान के खेत से मोटर चोरी करके ले जा रहे दो चोरों को पुलिस ने पकड़ लिया। थाना क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी किसान मनवीर पुत्र बच्चन सिंह के खेत से मोटर चोरी करके ले जा रहे दो चोरों को रविवार की रात पुलिस ने तालाब के पास से पकड़ लिया। पुलिस मामले में दोनों से पूछताछ कर रही है।

### किराना स्टोर से दिनदहाड़े 50 हजार रुपये की चोरी

**आदमपुर, अमृत विचार :** आदमपुर निवासी बाबू पुत्र नूर मोहम्मद की किराना स्टोर की दुकान है। वह रविवार दोपहर में गांव रहरई निवासी शौकत पुत्र फकीरा को किराना स्टोर पर बैठाकर पत्नी को दवा दिलाने चला गया। तभी एक बाइक पर दो युवक आए। जिसमें एक युवक बाइक पर ही बैठा रहा जबकि दुसरा युवक किराना स्टोर पर जाकर पेप्सी की बोतल खरीदने के लिए शौकत को पांच सौ रुपये का नोट दिया। जिसके बाद शौकत ने खुले रुपये नहीं होने की बात कही। जिसके बाद युवक ने 100 का नोट दिया और कहा कि जलजीरा भी दे दो। जिसके बाद शौकत सीढ़ी पर चढ़कर जलजीरा उतारने लगा, तभी मौका पाकर युवक ने गले में रखे 50 हजार रुपये निकाल कर फरार हो गया। इसके कुछ समय के बाद बाबू दुकान पर पहुंचा और गल्ला खोल कर देखा तो गले से 50 हजार रुपये गायब मिले। जिसके बाद शौकत से जानकारी की गई, तो शौकत ने पूरी घटना के बारे में बाबू को बताया। जिसके बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पांच करोड़ रुपये के घोटाले में दो कर्मचारी बर्खास्त

**अमरोहा, अमृत विचार :** गन्ना विभाग में करीब 5 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में वरिष्ठ सहायक आशीष सैनी के बाद अब चंदनपुर और गजरौला के तत्कालीन गन्ना विकास निरीक्षक प्रीतम सिंह को गन्ना आयुक्त ने बर्खास्त कर दिया गया है। गन्ना विभाग में करीब पांच करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में जांच चल रही है। इस मामले में गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह द्वारा दो कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। बताया जाता है कि प्रीतम सिंह फिलहाल उप आयुक्त बरेली कार्यालय में नियुक्त थे। इस मामले में अभी कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई हो सकती है। वर्ष 2022 में जिले के गन्ना विभाग में करीब पांच करोड़ रुपये का घोटाला पकड़ में आया था। आरोप है कि वरिष्ठ सहायक आशीष सैनी ने चेक में हेरा फेरी कर घोटाले को अंजाम दिया था। तीन डीसीओ समेत कई कर्मचारियों तक भी घोटाले की आंच पहुंची थी। इस मामले में जांच कार्रवाई जारी है। वरिष्ठ सहायक आशीष सैनी को बर्खास्त किया जा चुका है। अब चंदनपुर और गजरौला के तत्कालीन गेस्ट गन्ना विकास निरीक्षक प्रीतम सिंह पर बर्खास्त किए जाने की कार्रवाई की गई है।

### गृह क्लेश में महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**विजय नगला, ( बदायूं ) अमृत विचार :** गृह कलेश में एक महिला ने शनिवार शाम घर में फंदा लगाकर जान दे दी। मायके पक्ष ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी निवासी पुष्पेंद्र की शादी आठ साल पहले शिवानी ( 28 ) के साथ हुई थी। परिवार में अक्सर किसी न किसी बात पर विवाद होता रहता था। परिवार के लोग मामला शांत करा देते थे। शनिवार रात शिवानी ने खाना खाया और सोने के लिए अपने कमरे में चली गई थीं। रविवार सुबह वह अपने कमरे से बाहर नहीं आईं तो परिजनों ने उन्हें आवाज लगाई। दरवाजा खटखटाया लेकिन भीतर से कोई आवाज नहीं आई। परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। भीतर शिवानी का शव कमरे में लगी कुंडी पर फंदे पर लटका था। महिला के मायके वालों ने किसी के खिलाफ शिकायती पत्र नहीं दिया है।

# चीनी मिलों पर किसानों का 100 करोड़ रुपये बकाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- चीनी मिलों ने किसानों को नहीं किया अभी तक भुगतान

**अमृत विचार :** चीनी मिलों पर जिले के किसानों के गन्ने का अभी भी करीब 100 करोड़ रुपये का बकाया है। जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। जबकि शासन के आदेश अनुसार 14 दिन में भुगतान कर दिया जाना चाहिए।

जिले के किसान 11 शुगर मिलों को गन्ने की आपूर्ति करते हैं। चीनी मिलों ने जिले के किसानों से 1632.00 करोड़ रुपये का मूल्य का गन्ना लिया है। जबकि अभी तक 1532 करोड़ रुपये का भुगतान चीनी मिलें कर चुकी है। अभी भी 100 करोड़ रुपये का चीनी मिलों पर बकाया है। एक और जहां वेब शुगर मिल धनौरा 85 प्रतिशत से अधिक भुगतान कर चुके हैं, तो वहीं चंदनपुर व गजरौला, हसनपुर शुगर मिल शत प्रतिशत भुगतान कर चुकी हैं। इसके अलावा पांच अन्य शुगर मिलों पर अभी किसानों का भुगतान बकाया है। भारतीय किसान यूनियन के नेता सुरेंद्र सिंह ने बताया कि चीनी मिलों से समय पर भुगतान नहीं मिलने से किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों को अपने जरूरी कार्य करने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। जिसको निपटाने में दिक्कत आ रही है। जिला गन्ना अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि गन्ना मूल्य भुगतान में जिले की स्थिति बेहतर है। चीनी मिलों से 93.68 प्रतिशत भुगतान कराया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि शेष किसानों का भुगतान बहुत जल्द कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी मिलों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# सपा के पूर्व प्रदेश सचिव ने फर्जी पते पर लिए दो शस्त्र लाइसेंस, जेल भेजा

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)

- गजरौला पुलिस ने सपा नेता सतनाम सिंह उर्फ सत्ता पर दर्ज कराई एफआईआर
- 2007 में शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ के ग्राम प्रसादपुर के पते पर जारी हुए थे लाइसेंस

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व प्रदेश सचिव सतनाम सिंह उर्फ सत्ता के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित अभिलेख बनाकर दो शस्त्र लाइसेंस बनवाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही है।

गजरौला थाने में दर्ज कराई एफआईआर में दरोगा मोहम्मद आरिफ ने बताया कि दस मई को कांस्टेबल प्रवीण कुमार ने एक बीट सूचना अंकित कराई थी। जांच की गई तो सामने आया कि ग्राम पौरखास निवासी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता पुत्र रविंदर सिंह वर्तमान में सदर कोतवाली के एकता नगर कॉलोनी में रहता है। उसके पास


आरोपी सपा नेता सतनाम सिंह सत्ता।

दो शस्त्र लाइसेंस हैं। एक लाइसेंस डीबीबीएल गन 12 बोर और दूसरी रिवाल्वर/पिस्टल 32 बोर का है। दोनों शस्त्र लाइसेंस वर्ष 2007 में आवासीय पता शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ क्षेत्र के ग्राम प्रसादपुर दर्शाकर निर्गत कराए गए थे। 2018 में सतनाम सिंह की ओर से प्रार्थना पत्र व शपथ पत्र डीएम को प्रेषित कर दोनों लाइसेंस में अपना पता एकता नगर कॉलोनी दर्ज कराया गया। सतनाम सिंह द्वारा दर्शाए गए पते पर शाहजहांपुर के ग्राम प्रसादपुर जाकर ग्रामीणों से जानकारी की गई तो पता चला कि प्रसादपुर में सतनाम सिंह उर्फ सत्ता नाम का कोई व्यक्ति कभी नहीं रहा। इस तथ्य से अधिकारियों को अवगत कराया गया।

> फर्जी पते पर दो शस्त्र लाइसेंस बनवाने का मामला सामने आया था। जांच में सामने आया कि जिस पते को दर्शाकर लाइसेंस जारी कराए गए थे, उस पर वह कभी रहता ही नहीं था। आरोपी को जेल भेज दिया है।
>
> – रूपा बिष्ट, एसओ गजरौला

# पहाड़ों में हुई झमाझम बारिश तो मैदान में गर्मी से लोग हुए बेहाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- कुमाऊं मंडल में कई जगह खूब बरसे बदरा
- मौसम विभाग ने शनिवार को बारिश का अनुमान जताया था

**अमृत विचार :** मौसम बदलने की वजह से पहाड़ों में कई जगहों पर अच्छी बारिश दर्ज की गई। इससे वनाग्नि तो शांत हुई ही और साथ ही पहाड़ों में तापमान में भी गिरावट आई है। इधर हल्द्वानी समेत अन्य मैदानी इलाकों में गर्मी का असर बरकरार रहा।

मौसम विभाग ने पहले ही शनिवार को बारिश होने का अनुमान जताया था। इसका असर मैदानी इलाकों में तो नहीं दिखा लेकिन पहाड़ों में अनुमान सही साबित हुआ। शनिवार और रविवार को पिथौरागढ़ में 4.7 मिमी, गंगोलीहाट में 3.5 मिमी, लोहाघाट में 2.8 मिमी, मुनस्यारी में 2.4 मिमी बारिश हुई। पहाड़ों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट आई है। पिछले कई दिनों से वनाग्नि की समस्या बनी हुई थी जो अब काफी कम हो गई है। इधर हल्द्वानी में दोपहर के समय हल्के बादल छाए रहे लेकिन बाद में धूप निकल गई। धूप निकलने से एक बार फिर से गर्मी बढ़ गई। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह ने सोमवार से मौसम साफ होने का अनुमान जताया है। बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही हवाओं की वजह से उत्तराखंड में मौसम बदला था।

### तराई के लिए अगले पांच दिन और गर्म रहेंगे

**काशीपुर।** तराई के अगले पांच दिन और गर्म होने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। इसके साथ ही लू चलने की संभावना भी जताई है।जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि अधिकतम तापमान 24 .3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिन मौसम साफ व गर्म रहेगा। इसके कारण अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने की संभावना है। इसके साथ ही लू भी चलेगी। इससे लोगों को अधिक गर्म मौसम का सामना करना पड़ सकता है।

### मां पूर्णागिरि धाम आए श्रद्धालु की मौत

**टनकपुर, अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को परिवार संग आए एक श्रद्धालु की देवी दर्शन के कुछ देर बाद मौत हो गई। धाम से लौटते वक्त पैराफिट से सड़क पर गिरने से बुरी तरह चोटिल श्रद्धालु की टनकपुर अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हुई। घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

विनोद ( 28 ) पुत्र सूबेदार, निवासी जटपुरा, थाना पिहानी, हरदोई ( उत्तर प्रदेश ) अपनी पत्नी और परिवार के कुछ अन्य लोगों के साथ मां पूर्णागिरि देवी के दर्शन के लिए अए थे। शनिवार की रात को पूरे परिवार ने दर्शन किए। दर्शन करने के बाद विनोद परिवार सहित वापस टनकपुर को जा रहे थे। इसी बीच टुन्यास क्षेत्र में वह आराम करने के लिए एक पैराफिट में बैठ गए। एकाएक चक्कर आने से वह औंधे मुंह सड़क पर गिर गए।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली व बाइक की टक्कर में युवती की मौत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ट्रैक्टर-ट्रॉली व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवक को हल्की चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव सरकारी अस्पताल पहुंचाया जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक व ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है।

रविवार शाम करीब चार बजे बरहैनी-बन्नाखेड़ा मुख्यमार्ग पर ग्राम चनकपुर की पुलिया के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली व बाइक की टक्कर हो गई। इसमें बाइक संख्या ( यूपी22/ एएच1547 ) पर सवार कचनाल गुसाई काशीपुर निवासी नाजिया खान ( 19 ) पुत्री नबी अहमद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ग्राम मुंशीगंज स्वार रामपुर ( उप्र ) निवासी विपिन कुमार को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर बरहैनी व बन्नाखेड़ा चौकियों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव कब्जे में लेकर उसे उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हादसे की सूचना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

### नर्सिंग की छात्रा थी नाजिया

बताया जाता है कि मृतका नाजिया खान बीएससी नर्सिंग की छात्रा थी। तीन बहन-भाइयों में सबसे छोटी थी। वर्तमान समय में वह काशीपुर के ही एक हॉस्पिटल में काम कर रही थी और रविवार को गूलरभोज बौर जलाशय पर घूमने के लिए गई थी।

### पेंटर ने की आत्महत्या

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप के रविंद्र नगर निवासी 24 वर्षीय तिब्बत मंडल पेंटर का कार्य करता था और परिवार के साथ किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात परिवार के सभी लोग काली मंदिर ट्रांजिट कैंप में चल रहे अखंड महानाम संकीर्तन में चले गए और घर पर तिब्बत अकेला था। रात डेढ़ बजे जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो देखा कि युवक ने अपनी पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**Name Correction**

My name in High school marksheet and Certificate is Shumaila Multani and My Father's name is Shafi Multani and Mother's name is Shakila Shafi. In real my name in all documents is Shumaila Multani and My Father's name is MOHAMMAD SHAFI and my Mother's name is SHAKILA BEGUM.


सैर-सपाटा

रविवार की छुट्टी और मदर्स-डे साथ होने पर पर्यटकों के साथ आसपास के क्षेत्रों के लोग भी पहुंचे

# सरोवर नगरी में उमड़े सैलानी, पार्किंग फुल, लगा जाम

संवाददाता,नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में रविवार को सैलानी उमड़ पड़े। रविवार की छुट्टी और मदर्स-डे एक साथ होने पर आसपास के क्षेत्रों के लोग भी सरोवर नगरी के मौसम का आनंद लेने पहुंच गए। इसके चलते स्थानीय व्यापारियों के चेहरे पर भी रौनक दिखी। वहीं शहर में भीड़ अधिक होने पर जाम लग गया। पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को नगर का अधिकतम तापमान 20 डिग्री तो न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


नैनीताल में लोअर मॉल रोड पर जाम में फंसे पर्यटकों के वाहन। ● अमृत विचार

महानगरों की भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए रविवार को सरोवर नगरी नैनीताल में भारी संख्या में सैलानियों की पहुंचने से जहां एक ओर पर्यटन पर आधारित होटल, नाव चालक, गाइड व टैक्सी चालक, फड़ कारोबारियों के चेहरों पर रौनक देखने को मिली तो वहीं नगर की सभी पार्किंग फुल होने के चलते तल्लीताल से मल्लीताल मस्जिद चौराहे तक दिनभर गाड़ियों का जाम लगा रहा, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार को सुबह से ही नगर में गुनगुनी धूप के बीच सैलानियों ने विश्वविख्यात नैनीझील में नौकायन व बारा पत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का आनंद लिया। सरियाताल, केप गार्डन, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू आदि पर्यटन क्षेत्रों से नगर की नैसर्गिक सुंदरता व हिमायल दर्शन क्षेत्र से त्रिशूल पर्वत, नंदा देवी, पंचाचूली के विहंगम दृश्यों को अपने कैमरों में कैद किया। पंत पार्क, फड़ बाजार, भोटिया मार्केट, माल रोड से जमकर खरीदारी की।

### भीमताल में भी दिनभर रेंगते दिखे वाहन

**भीमताल, अमृत विचार :** पूर्व अनुमान के तहत दिनभर भीमताल बाईपास मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लगती रही। पुलिस भी जाम से निजात दिलाने के लिए सवेरे से लेकर शाम तक जूझती रही। भीमताल में वैसे तो सारी जगह चौड़ी सड़कें हैं पर बाईपास मार्ग में स्थान-स्थान पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के चलते समस्या बनी हुई है। इतना ही नहीं वहां अतिक्रमण करने के बावजूद अपने गेट के आगे दीवार को बचाने के लिए बड़े बड़े पत्थर भी रख दिए हैं जिससे सड़क की चौड़ाई और कम हो गई है। स्थानीय प्रभावित वाहन चालकों के अनुसार गर्मी के सीजन में इस स्थान में अधिकतम यातायात जाम लगा रहता है। वहीं बताया कि मामले को लेकर शीघ्र ही लोगों का शिष्टमंडल प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात करेगा।

**रुद्र-बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., बिलासपुर (रामपुर)।**

**ई-टेण्डरिंग के माध्यम से क्रय/कार्य को कराने हेतु निविदा सूचना**

पत्रांक/35/प्र.प्र./ई-टेण्डर/2024-25 दिनांक 11.05.2024

इस मिल समिति द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से विभिन्न प्रकार की आवश्यक सामाग्रियों को क्रय/कार्य कराने हेतु ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। इन निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र रु. 500.00+जी.एस.टी. 90.00 अर्थात् कुल रुपया 590.00 प्रति निविदा तय उनके सामने अंकित निर्धारित धरोहर राशि आर.टी.जी.एस./नगद/बैंक ड्राफ्ट रुद्र-बिलास किसान सहकारी चीनी मिल लि., बिलासपुर रामपुर बैंक खाता नाम पंजाब नैशनल बैंक शाखा-रुद्रपुर खाता संख्या-0833000100123339 आई.एफ.एस.सी कोड PUNB0083300 के पक्ष में जमा कराया जाना अनिवार्य है। यदि आवश्यक हुआ तो निगोशियेशन भी कराया जायेगा। निविदा की शर्तें, निविदा फार्म तथा धरोहर धनराशि का पूर्ण विवरण आदि www.etender.up.nic.in से तथा www.upsugarfed.org डाउन लोड किये जा सकते हैं एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

| S.No. | Name of the Item | Technical bid opening at 11:15 am | Commercial Bid opening 03%00 PM | E.M.D. (in Rs.) | Starting date of loading of E-tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑक्सीजन गैस की आपूर्ति करना | 21.05.2024 | 21.05.2024 | 10,000.00 | 14.05.2024 |
| 2. | मिल के विभिन्न फेब्रिकेशन/इरेक्शन से सम्बन्धित कार्य करना। | 21.05.2024 | 21.05.2024 | 10,000.00 | 14.05.2024 |
| 3. | 1. शुगर बैग हैण्डलिंग का कार्य<br>2. गोदाम से चीनी के कट्टों को ट्रकों में लादने से सम्बन्धित कार्य | 21.05.2024 | 21.05.2024 | 50,000.00 | 14.05.2024 |
| 4. | 1. केन कैरियर से आर.बी.सी. तक समस्त मशीनों की रिपेयरिंग का कार्य<br>2. मिल एवं ब्वायलर ऑपरेशन का कार्य सीजन के दौरान मिल समिति द्वारा दिये गये पैरामीटर के अनुसार | 29.05.2024 | 29.05.2024 | 1,00,000.00 | 15.05.2024 |
| 5. | क्वाड कलेण्ड्रिया 440 मी.$^2$ की आपूर्ति करना। | 21.05.2024 | 21.05.2024 | 20,000.00 | 14.05.2024 |
| 6. | ब्वायलर रि-ट्यूनिंग कार्य। | 21.05.2024 | 22.05.2024 | 10,000.00 | 14.05.2024 |

प्रधान प्रबन्धक

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# सकारात्मक पहल

भारत-चीन संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण स्थिति में हैं। समय-समय पर चीन की तरफ से ऐसी गतिविधियां हुईं जिससे दोनों देशों के बीच शांति की गुंजाइश के इंतजार को और बढ़ाया ही है। चीन से तनावपूर्ण संबंधों की बात स्वयं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी स्वीकार्य की है। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं, क्योंकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग हो गई है। इसलिए वह उम्मीद जता रहे थे कि चीनी सरकार को यह महसूस करना चाहिए कि वर्तमान स्थिति उसके हित में नहीं है। गौरतलब है कि भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध चल रहा है और सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि दोनों पक्ष कई बिंदुओं से पीछे हट गए हैं। भारत लगातार यह कहता भी रहा है कि समग्र संबंधों को सामान्य बनाने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति महत्वपूर्ण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत सदैव से शांति का पक्षधर रहा है। चाहे पाकिस्तान हो या चीन भारत ने कभी उनको किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाने की पहल नहीं की। जब सीमा के उस पार से भारत विरोधी कोई हरकत या गतिविधि हुई तभी भारत ने विरोध स्वरूप कोई कार्रवाई की।

बीते दिनों पूर्वी लद्दाख सैन्य गतिरोध के पांचवें वर्ष में प्रवेश करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति से निर्भर करती है। यह बात सही है कि जब तक सीमा पर शरारत पूर्ण हरकतें बंद नहीं होंगी तब किसी भी देश के साथ शांति स्थापित कर मैत्रीपूर्ण संबंध की कल्पना करना दिवास्वपन जैसा ही है। इसके इतर बात की जाए तो हर देश अपने पड़ोसी देशों से शांति और मैत्रीपूर्ण संबंधों की अपेक्षा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब तब इस बात को दोहराते रहते हैं। भारतीय नेतृत्व के इस तरह के रूख को देखते हुए चीन भी भारत से पुनः मैत्रीपूर्ण संबंधों की चाह रख रहा है। शायद तभी भारत में 18 माह से खाली पड़े पद पर चीन ने अपना राजदूत नियुक्त कर भेजा है। बीते दिनों भारत में चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। चीन के इस रूख से दोनों देशों के बीच संबंधों में कितना सुधार होगा यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इसे संबंधों के सुधार की दिशा में एक सकारात्मक पहल जरूर कहा जा सकता है।

# सभी तबके के मुसलमानों को मिलता है आरक्षण


डॉ. फैयाज अहमद फैजी
चिकित्सक, लखनऊ

दक्षिण भारत के राज्यों विशेष रूप से तमिलनाडु और केरला में लगभग सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के आरक्षण में समाहित किया गया है, जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। यहां यह गौरतलब है कि इन्हीं राज्यों की केंद्रीय ओबीसी की लिस्ट में सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से मजबूत मुस्लिम जातियों को बाहर रखा गया है, जो कि न्याय संगत भी है।

लोकसभा के चुनाव के बीच एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा बहस के केंद्र में हैं। कोई सारे मुसलमानों को आरक्षण देने की बात करता है तो कोई सारे मुसलमानों के आरक्षण को खत्म करने की बात करता है। मुस्लिम आरक्षण सदैव से एक अबूझ पहली रही है। समाज से लेकर न्यायालायों तक में इस पर बहसें होती रहीं हैं।

सबसे पहले यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि ईडब्लूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) आरक्षण लागू होने के बाद ऐसा कोई मुस्लिम तबका नहीं है, जो आरक्षण की परिधि से बाहर हो अर्थात् लगभग सारे मुसलमान पहले से ही आरक्षण का लाभ लें रहें हैं। विदित रहे कि मजहबी पहचान के नाम पर आरक्षण संविधान के मूल भावना के विरुद्ध है। कोई भी मजहब पिछड़ा या दलित नहीं होता है, बल्कि उसके मानने वालों में गरीब, पिछड़े और दलित हो सकते हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए आरक्षण की ईडब्लूएस, ओबीसी और एसटी कैटेगरी में अन्य धर्मों के मानने वालों के साथ-साथ सारे मुसलमानों को भी समाहित किया गया। हालांकि एससी कैटेगरी के आरक्षण से अभी भी मजहबी पहचान के आधार पर ईसाई और मुस्लिम धर्मावलंबी दलित (इन्हें ओबीसी में रखा गया है) बाहर हैं। यह मामला सर्वोच्च न्यायलय में पिछले लगभग 23 वर्षों से विचाराधीन है और केंद्र सरकार ने दो वर्षीय कार्यकाल और तीन सदस्यीय आयोग गठित कर इस पूरे मुद्दे पर रिपोर्ट तलब किया है।

दक्षिण भारत के राज्यों विशेष रूप से तमिलनाडु और केरला में लगभग सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के आरक्षण में समाहित किया गया है, जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। यहां यह गौरतलब है कि इन्हीं राज्यों की केंद्रीय ओबीसी की लिस्ट में सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से मजबूत मुस्लिम जातियों को बाहर रखा गया है, जो कि न्याय संगत भी है। इन राज्यों के आरक्षण की लिस्ट से सशक्त मुस्लिम जातियों (अशराफ मुसलमान) को बाहर किया जाना चाहिए ताकि सामाजिक न्याय के आधार पर योग्य जातियों एवं समुदायों को ही आरक्षण का लाभ मिले। इसके लिए संबंधित

सबसे पहले यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि ईडब्लूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) आरक्षण लागू होने के बाद ऐसा कोई मुस्लिम तबका नहीं है, जो आरक्षण की परिधि से बाहर हो अर्थात् लगभग सारे मुसलमान पहले से ही आरक्षण का लाभ लें रहें हैं।

राज्यों के ओबीसी लिस्ट को केंद्रीय ओबीसी लिस्ट के तर्ज पर तैयार किया जा सकता है। पिछले वर्ष कर्नाटक राज्य की भाजपा सरकार ने कर्नाटक स्टेट कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लास की अनुशंसा पर ओबीसी आरक्षण के अंतर्गत केवल मुस्लिमों के लिए (विशेष रूप से मुस्लिम आरक्षण) आवंटित कैटेगरी 2 बी (4 प्रतिशत) को समाप्त कर इसमें आने वाले मुस्लिमों को ईडब्ल्यूएस (10 प्रतिशत) में शिफ्ट कर दिया और 2 बी के 4 प्रतिशत को दो बराबर भागों में विभाजित कर ओबीसी की अन्य कैटेगरी 3 ए (अब 2 सी) और 3 बी (अब 2 डी) को दे दिया। सरकार के इस फैसले को बाद में कोर्ट में चुनौती दी गई है।


यह आरक्षण शुद्ध रूप से धार्मिक पहचान पर आधारित था, यहां तक कि इस कैटेगरी के लिए बनने वाले सर्टिफिकेट पर भी कास्ट के आगे मुस्लिम लिखा रहता था, जो संविधान सम्मत नहीं था। यहां गौरतलब है कि सामाजिक न्याय के आरक्षण के लिए अर्ह मुस्लिमों की अधिकतर पसमांदा जातियों को पहले से ही ओबीसी के कैटिगरी 1 (4 प्रतिशत), 2 ए (15 प्रतिशत) और एसटी (7 प्रतिशत) में रखा गया है, जो अभी भी यथावत बरकरार है। यानी पसमांदा जातियों को पहले की तरह ओबीसी के 19 प्रतिशत और एसटी के 7 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। जहां तक तेलंगाना और आंध्रा के ओबीसी की केटेगरी बीसी-इ (4 प्रतिशत) की बात है तो वो मजहबी पहचान/धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि शैक्षिक और सामाजिक रूप से पिछड़े होने की पहचान के आधार पर चिन्हित मात्र 13 मुस्लिम पिछड़ी जातियों (पसमांदा) को ही सम्मिलित किया गया है। बीसी-ए और बीसी-बी में मुस्लिम समाज की जातियां यथा मेहतर, दूदेकुला, नूरबाश, पिंजारी अन्य धर्मों के पिछड़ी जातियों के साथ पहले से ही शामिल हैं। ठीक इसी प्रकार केटेगरी बीसी-सी में केवल ईसाई धर्म की वंचित जातियां दर्ज हैं। इन दोनों कैटेगरी में केवल मुस्लिम और केवल ईसाई धर्म विशेष की पिछड़ी जातियों के दर्ज होने से यह भ्रम उत्पन्न होता है कि यह आरक्षण धर्म के आधार पर है, जबकि यह पूरी तरह से संवैधानिक मंशा के अनुरूप शैक्षिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर है। इस भ्रम को दूर करने के लिए ओबीसी के वर्गीकरण पर पुनः विचार करते हुए धर्म निरपेक्ष वर्गीकरण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त देश के अन्य प्रदेशों में सारे मुसलमानों को नहीं, बल्कि मुस्लिम समाज के वंचित जातियों को ही ओबीसी और एसटी के आरक्षण में सम्मिलित किया गया।

सच्चर कमेटी के अनुसार ओबीसी आरक्षण के केन्द्र व राज्य सूची में असमानता अब भी मौजूद है। यह एक साधारण शिकायत है, जो केवल मुस्लिमों से ही जुड़ी हुई नहीं है। धार्मिक पहचान से परे ऐसे कई ओबीसी समूह हैं, जो राज्यसूची में हैं, लेकिन केन्द्र सूची में नहीं हैं। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा अनुशंसित 95 सामाजिक समूहों को ओबीसी सूची में सम्मिलित किया गया है, लेकिन इनमें से केवल 65 समूहों को ही केंद्र सूची में जगह मिल पाई है। उत्तर प्रदेश की ओबीसी सूची में 74 जातियां सम्मिलित हैं, लेकिन केन्द्र की सूची में केवल 65 जातियां शामिल हैं। ऐसी विभिन्नता मुस्लिम ओबीसी की स्थिति में भी पाई जाती है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश की राज्य सूची में 37 समुदाय, मुस्लिम समूहों के रूप में सम्मिलित हैं, लेकिन उनमें से केवल 27 ही केन्द्रीय सूची में हैं। बिहार में सूचियों के नवीनीकरण के बाद 17 ओबीसी समूह ऐसे हैं, जिन्हें केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। उत्तर प्रदेश में 2 मुस्लिम समूह- मिर्शिकार व नानबाई को केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। गुजरात में मुस्लिम समूह जैसे कि जिलाया, तरियातई, मंसूरी, बरब, सूमरा, तरक कलाल और नहवैया राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में हैं, लेकिन केन्द्रीय सूची में नहीं। इसी प्रकार महाराष्ट्र में कई मुस्लिम समूह जैसे कि मंसूरी, पान फरोश, अतार, मुस्लिम मदारी, मुस्लिम गावली, दरवेशी, हाशमी (डफाली), नालबंद ऐसे हैं, जिन्हें केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। राज्य सरकारों द्वारा बनाई गई ओबीसी सूचियों में भी कई ऐसी वंचित जातियां और समुदाय हैं, जिन्हें सूची में जगह नहीं मिली है। ऐसे कुछ मुस्लिम समूह है, जिन्हें केंद्र की सूची में जगह मिली है, परंतु जिन्हें अभी राज्य सूची में सम्मिलित किया जाना बाकी है।

बिहार में कलवार, राजस्थान में मुसूरी, उत्तर प्रदेश में आतिशबाज, पश्चिम बंगाल में राईन, कलवार, रंगबाज और चूड़ीहार ऐसे मुस्लिम समुदायों के उदाहरण हैं। अभी भी ऐसे कई समूह हैं, जिन्हें न तो केन्द्र और न ही राज्य की सूची में जगह मिल पाई है। यह बात न्याय संगत है कि मुस्लिम समाज के वंचित जातियों का उत्थान उनके मजहबी पहचान के इतर सामाजिक, शैक्षिक, राजनीतिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन के अनुरूप हो। इसीलिए यह उचित है कि अनुच्छेद 341 के पैरा 3 को हटाकर मुस्लिम धर्मावलंबी और ईसाई धर्मावलंबी दलित को भी एससी आरक्षण में सम्मिलित किया जाए और ओबीसी आरक्षण की तरह एससी आरक्षण में भी क्रीमी लेयर एवं वर्गीकरण किया जाए। दक्षिण भारत के प्रमुख राज्यों यथा कर्नाटका, तमिलनाडु और केरला के ओबीसी आरक्षण से शासक वर्गीय सशक्त अशराफ जातियों को बाहर निकाला जाए। साथ ही सच्चर कमेटी द्वारा दर्शायी गई केंद्रीय और राज्य सरकारों की जातिसूची की विसंगतियों को सुधारने का प्रयास हो। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी ईश्वरैया के मतानुसार केंद्र और राज्यों के अन्य पिछड़े वर्ग को तीन समूहों में विभाजित किया जाए ताकि मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हो और आरक्षण किसी भी स्तिथि में मुस्लिम सांप्रदायिकता का मुद्दा न बनने पाए।

## प्रसंगवश

# आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

आठवीं सदी से पहले भारत धार्मिक अव्यवस्था से ग्रस्त हो गया था जिसे अनुशासित और व्यवस्थित करने के लिए आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन को प्रतिष्ठित किया। श्रुतियों के भाष्यों में उन्होंने बताया की अनर्थ का मूल कारण भेद की भावना है, जो घृणा और भय उत्पन्न करती है। घृणा और भय ही जीवन और जगत के अशांति का कारण है। सर्वाहि घृणा तमनोन्यद दुष्टं पश्यतो भवति-अर्थात् जो नित्य अद्वैत आत्मा का अनुभव कर लेता है उसके लिए भय का कारण शेष नहीं रह जाता।

सर्वात्म भाव ही वेदांत दर्शन का मूलभाव है, जो परम कल्याण का साधन है। वैदिक युग के अंतिम चरण का द्योतक वेदांत दर्शन का मुख्य आधार प्रस्थान त्रयी-ब्रह्मसूत्र उपनिषद् और गीता है, जो आज के संकट को दूर करने का आचार, विचार और दर्शन प्रस्तुत करता है। वेदांत में उपनिषदों के तत्वदर्शन को विशेष रूप से ग्रहण करते हुए अन्यान्य समाजपरक तथ्यों को शंकराचार्य ने महत्व दिया। हिन्दू धर्म में नवाचार करते हुए सभी वर्णों के लोगों को संन्यास की दीक्षा को शंकर ने जायज करार दिया। मनुष्य पंचक में उन्होंने एक स्थान पर लिखा है-कोई भी तत्वदर्शी मनुष्य मेरा सच्चा गुरु है चाहे वह द्विज हो चाहे चांडाल।

वैष्णव और शैव आचार्यों ने अनेक स्थानों पर शंकर के मत का विरोध किया, पर वस्तुतः शंकर दिग्विजय ने ही सनातन धर्म में प्राण संचरण किया। अद्वैत दर्शन ही वस्तुतः एकमात्र ऐसा दर्शन है, जो परस्पर विरोधी मतों के अंतः में निहित सत्य है। शंकर ने स्थापित किया की धर्म जीवन के अंधकारमय संकटों का सामना करके केवल उसी अवस्था में जीवित रह सकता है, जब की वह विचार का उत्कृष्ट परिणाम हो। शंकर ने कहा की मनुष्य की आसुरी प्रवृत्ति उसकी भौतिक सत्ता का संयोग है उसकी आध्यात्मिक सत्ता का सत्य नहीं है। हमारी प्रवृत्तियों के अध्यात्मिककरण द्वारा मनुष्य जाति के आध्यात्मिक एकत्व में ही शांति और सुख के साम्राज्य की आशा निहित है। शंकर का वेदांत मनुष्य को उच्चतम आध्यात्मिक गौरव प्रदान करता है जिससे मनुष्य के हृदय में आत्मशक्ति दृढ़ होती है और वह लोभ, स्वार्थ, घृणा, द्वेष को अनुशासित कर पता है। सनातन संस्कृति के आद्य आचार्य को कोटि कोटि नमन।

# विराट और उदार, कुदरत जैसी मां


अशोक पांडे
हल्द्वानी

अन्ना कॉर्नेलिया वाटरकलर्स पर शौकिया काम करना जानती थीं और अपने बनाए फूल-पत्तियों के चित्रों से उन्होंने ढेरों नोटबुक्स भर रखी थीं।

मां अन्ना कॉर्नेलिया का एक पोर्ट्रेट विंसेंट ने 1888 के बरस एक ब्लैक-एंड-व्हाइट फोटो को देखकर बनाया था। उन दिनों एक तरफ तो वह अपनी कला के शिखर पर था, दूसरी तरफ उसकी दिमागी हालत भी लगातार बिगड़ रही थी। उस पर पागलपन के दौरे पड़ते थे, उसका हाल इस कदर खराब था कि एक दफा उसने अपने दोस्त पॉल गोगां पर चाकू से हमला किया तो एक दफा अपना बायां कान काट कर एक लड़की को दे दिया। जीवनभर साथ चली गरीबी तो थी ही, उसे अपने घर-परिवार और खास तौर पर मां की बहुत याद भी खूब आती थी। यह और बात थी कि लगातार पेन्टिंग करना उसने कभी नहीं छोड़ा।

मां का चित्र बनाते हुए उसने अपने छोटे भाई थियो को चिठ्ठी में लिखा, "मां का बेरंग फोटो मुझसे बर्दाश्त नहीं होता। मैं उसे रंगों के ठीक वैसे संयोजन में देखना चाहता हूं, जैसे वह मुझे हमेशा याद आती है।" यह इत्तेफाक नहीं था कि उसने मां के इस चित्र में हरे रंग को इतनी सारी जगह दी। प्रकृति की विपुल उदारता के प्रतीक इस हरे से मोहब्बत करना उसे मां ने ही सिखाया था। यही हरा जब पकता है तो पीला बन जाता है और विन्सेन्ट के यहां यही दो रंग सबसे ज्यादा हैं।

उस जमाने के हिसाब से अन्ना कॉर्नेलिया की शादी काफी देर में हुई थी। खुद से तीन बरस छोटे पादरी थियोडोरस वान गॉग से विवाह के वक्त वे बत्तीस की हो चुकी थीं। उनके छह बच्चे हुए- तीन बेटे, तीन बेटियां। एक पादरी के घर पर जैसा धार्मिक और नैतिक माहौल होना चाहिए था, अन्ना कॉर्नेलिया ने उसे वैसा ही बनाया और अपने बच्चों को परिवार का सम्मान करना सिखाया। उनका मानना था कि संसार में मनुष्य की प्रसन्नता का रहस्य परिवार के साथ रहने में निहित है। मां के बताए इन शुरुआती सबकों का असर रहा होगा कि विन्सेन्ट और उसके भाई-बहनों ने अपने जीवनकाल में एक-दूसरे को हजारों खत लिखे। ज्यादातर चिठ्ठियों में वे सब लगातार अपने बचपन को याद करते रहते हैं-गांव की पनचक्कियां, मां की बनाई डबलरोटी, बीमार घोड़े की आंख का आंसू, तकियों के गिलाफों पर मां की बनाई कशीदाकारियां।

अन्ना कॉर्नेलिया वाटरकलर्स पर शौकिया काम करना जानती थीं और अपने बनाए फूल-पत्तियों के चित्रों से उन्होंने ढेरों नोटबुक्स भर रखी थीं। एक तरह से उन्हें विन्सेन्ट का पहला कला-गुरु भी कहा जा सकता है। अन्ना कॉर्नेलिया ने अपने बच्चों को कुदरत से मोहब्बत करना भी सिखाया। वे दिन में कम से कम घंटे के लिए सारे बच्चों को लेकर टहलने जाती थीं। घर पर उनके लगाए बगीचे में हर बच्चे को कुछ न कुछ काम करना अनिवार्य था-मां की संगत में वान गॉग परिवार के सारे बच्चों ने मिट्टी, बीज, अंकुर, पत्तों, टहनियों और जड़ों वगैरह को परिवार के संबंधों के मजबूत रूपकों के तौर पर देखना सीखा। यही रूपक विन्सेन्ट की सारी कला के गर्भ में पाए जा सकते हैं। पैसे की कमी से जीवनभर जूझते विन्सेन्ट को उसके छोटे भाई थियो ने लगातार सहारा दिया-अपनी कमाई का एक-एक पैसा उसके साथ बराबर बांटा और उसे कभी अकेला नहीं रहने दिया। जब 1885 में उनके पिता थियोडोरस वान गॉग की मृत्यु हो गई तो दो बरस बाद सबसे छोटा भाई इक्कीस साल का कॉर्नेलियस ड्राफ्ट्समैन की नौकरी करने अफ्रीका चला गया।

थियो पेरिस में रहता था, जबकि विन्सेन्ट को कभी कोई पक्का पता हासिल नहीं हुआ। बच्चों से बेपनाह मोहब्बत करने अन्ना कॉर्नेलिया को बेटों की लगातार फिक्र रहती थी। तीनों उससे दूर रहते थे और वे उन्हें लगातार चिठ्ठियां लिखती थीं। इसके बावजूद उनके जीवन का आखिरी हिस्सा किस कदर मुश्किल बीता होगा इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। अपने जीते जी इस मां को अपन तीनों लाड़लों की असमय मौत देखनी पड़ी। लिख देने में कितना आसान लगता है कि बुढ़ापे में किसी मां के साथ ऐसा घटे। मानव सभ्यता के सबसे बड़े कलाकारों में से एक को जन्म देने वाली अन्ना कॉर्नेलिया अपने सबसे छोटे बेटे की मौत के सात साल बाद तक जीवित रहीं।

विन्सेंट की तीनों बहनें-एलिजाबेथ, अन्ना और विलेमिना-मां की देख-रेख में तत्पर रहीं और तीनों ने पिचहत्तर से ज्यादा बरस की उम्र पाई। हॉलैंड के बादशाह की लाइब्रेरी में किताबों के आधिकारिक बाइंडर रहे विलेम कारबेन्टस की इस बेटी अन्ना कॉर्नेलिया के इस हरे पोर्ट्रेट को देखना मुझे हमेशा भावुक बनाता है। दुनिया की हर मां की तरह विन्सेन्ट वान गॉग की मां भी अकल्पनीय रूप से विराट और उदार थीं- बिल्कुल मां कुदरत जैसी।

## सोशल फोरम

# सम्मान मांगने की चीज नहीं


तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मेरी मां मेरे बारे में एक बात अक्सर कहती है। "तुम्हारी रीढ़ की हड्डी में कुछ समस्या है ये जल्दी मुड़ती नहीं है" ये बात सच भी है। जब मैंने किसी के पैर छुए हों। ऐसा नहीं कि मैं लोगों का आदर नहीं करता, उन्हें इज्जत नहीं देता, लेकिन मेरा सम्मान केवल प्रणाम तक ही सिमटकर रह जाता है।

मेरे पिता भी मेरी इस आदत को अच्छी तरह जानते थे। इसलिए मेरी शादी की सारी रस्में समाप्त होने के बाद जब मैं सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने के लिए उनके चरण स्पर्श कर रहा था तो मेरे पिता ने मजाक में एक बात कही। बेटा और कही नहीं झुकना है तो मत झुको, लेकिन शादी के बाद एक जगह झुकने की आदत डाल लो तो सुखी रहोगे। नहीं झुकने की मेरी समस्या आज भी बरकरार है। आप मुझे संस्कारहीन, घमंडी वगैरह वगैरह कुछ भी कह सकते है, लेकिन मेरे कुछ अपने तर्क है। इज्जत, सम्मान, आदर मांगने की चीज नहीं है। ये कोई आपका अधिकार नहीं है। ये तो अपने व्यवहार, सोच, काम से हासिल किया जाता है। अगर आप सोचते है कि मैं आपके सामने केवल इसलिए झुकूं की आप मुझ से 10 या 15 साल पहले इस दुनिया में आए है तो ये कारण मुझे मंजूर नहीं। क्योंकि ये बुजुर्ग आज भी वैसे ही है, जैसा मैंने इन्हें आज से 30-35 साल पहले देखा था। अपनी सड़ चुकी मान्यताओं और पुरानी पड़ चुकी सोच के साथ ये आज भी वही के वही खड़े हैं। दुनिया तब से आज तक बहुत आगे निकल गई है, पर ये एक कदम भी चलने को तैयार नहीं।

आज तक मैंने ऐसा कोई बुजुर्ग नहीं देखा जो आपको समय से आगे निकलने के लिए प्रेरित करे। सभी ढेर सारे हिले-हवाले देकर आपको बस पीछे खींचने में लगे रहते हैं। बुजुर्ग नाराज होकर कहते है कि हमने बाल धुप में सफेद नहीं किए, तो मन में आता है कि कह दूं जनाब आपने शायद बाल धुप में ही सफेद किए हैं, लेकिन कह नहीं पाता। कही न कही संस्कार आड़े आ जाते हैं। ऐसा नहीं कि झुकना, चरण स्पर्श करना गलत है और मुझे इसमें आपति है, लेकिन इसके लिए सामने वाले में पात्रता भी होनी चाहिए। योग्यता भी होनी चाहिए। उसे इस काबिल भी होना चाहिए। केवल उम्र का आधार मेरे लिए काफी नहीं है।


**-फेसबुक वॉल से**

# डीके खापर्डे और दलित राजनीति


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

कांशीराम को बाबा साहब आंबेडकर और उनके आंदोलन के विषय में डीके खापर्डे जी ने ही विस्तृत ज्ञान दिया था। कांशीराम से खापर्डे जी को मिलवाने में मुख्य भूमिका महामना दीनाभना की थी। डीके खापर्डे ने ही डॉ आंबेडकर की लिखी प्रसिद्ध पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' मान्यवर कांशीराम को पढ़ने को दी। यहीं से साहब कांशीराम से बहुजन नायक बनने और बहुजन राजनीति की कहानी बनती है। अब सवाल यह है कि स्वतंत्र दलित नेतृत्व की राजनीति क्या हाशिए पर है? इस लोकतंत्र के पर्व में अपने दम पर कितना दम दिखा पाएगी? अभी भी जो दलितों की बड़ी संख्या बहुजन समाज पार्टी के हिस्से में है, उसका कारण अनुसूचित जातियों का भावनात्मक लगाव भी है।

मैं फिर कोड करना चाहता हूं डीके खापर्डे जी को, उनका मानना था कि सबसे पहले सामाजिक परिवर्तन उसके बाद राजनीतिक परिवर्तन और अंत में व्यवस्था परिवर्तन, व्यवस्था परिवर्तन का मतलब देश की सत्ता सरंचना में बदलाव। सत्ता सरंचना का स्वरूप नहीं बदलने से व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो रहा है। डीके खापर्डे, दीनाभाना, कांशीराम ने बहुजन महापुरुषों से प्रेरणा लेकर बंजर जमीन को राजनीतिक उपजाऊ जमीन तैयार की थी। खापर्डे व मान्यवर साहब ने अपने को आगे बढ़ाने के बजाय योग्य और सक्षम कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया। संगठन में व्यक्तिवाद के स्थान पर संस्थागत सामूहिक नेतृत्व में उनका विश्वास था, जो सामाजिक न्याय के आंदोलन कभी बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी के नाम थे। आज कांग्रेस के राहुल गांधी, अखिलेश यादव बहुत मजबूती के साथ जाति जनगणना, आरक्षण, संस्थाओं में हिस्सेदारी की बात सभाओं में रख बहुजनों को आकर्षित कर रहे हैं। तीनों साथियों ने और अन्य सामाजिक जागरूक लोगों को जोड़कर अनुसूचित जातियों/ जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग और धर्मान्तरित अल्पसंख्यक समाज का थिंकटैंक बनाया। फुले, आंबेडकरी विचारधारा के तहत गैर राजनीतिक जड़ें यानि सामाजिक जड़ें मजबूत करने के लिए काम किया। 6 दिसंबर 1978 को दिल्ली में इस वैचारिकी को मूर्त रूप देकर वामसेफ की दिल्ली में स्थापना की जिसका काम समाज को दिशा दिखाना था। यहीं से 1981 में डीएस 4 फिर 14 अप्रैल 1984 में बहुजन समाज पार्टी राजनीतिक दल की स्थापना हुई। मान्यवर कांशीराम अध्यक्ष बनें, डीके खापर्डे सामाजिक सोच को मजबूत करना चाहते थे जिनका जन्म 13 मई 1939 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था, जो कि व्यवस्था परिवर्तन में सहायक हो।



कांशीराम ने राजनीति को तरजीह दी जैसा कि डॉ आंबेडकर सोचते थे कि राजनीतिक सत्ता सामाजिक प्रगति की कुंजी है। बहुजन समाज पार्टी महापुरुषों की विचारधारा के मुताबिक जल्दी ही बहुजन समाज में जगह बनाने में कामयाब हुई और उत्तर प्रदेश में सत्ता तक पहुंची। अन्य कई राज्यों में भी सांसद व विधायक बनाने में कामयाब हुई। निश्चित ही अन्य राजनीतिक दलों को अपने एजेंडे बदलने पड़े, उन्होंने अपने दलों में पिछड़े व दलितों को राजनीति में तरजीह मिलने लगी। बाबा साहब आंबेडकर की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने भी उत्तर प्रदेश में एमपी बनाए थे। धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई, जो भी अस्तित्व बचा वो महाराष्ट्र में ही है। समाजवादी आंदोलन से निकलकर रामविलास पासवान ने भी लोकजन शक्ति पार्टी का गठन कर बिहार में राजनीति को प्रभावित किया। उनके न रहने पर उनके परिवार के झगड़े में पार्टी कमजोर हुई। अब नेतृत्व उनके बेटे चिराग पासवान के हाथ है और भाजपा के साथ गठबंधन में है। बहुजन समाज पार्टी अपने बल पर लोकसभा चुनाव के समर में अकेले हैं। किसी से गठबंधन नहीं है, 2007 में अकेले ही पूर्णरूप से उत्तर प्रदेश में सत्ता पर स्थापित हुई मुख्यमंत्री बहन मायावती बनीं। यह राजनीतिक अचंभा था, जो समाज सामाजिक व्यवस्था में निम्नतम था वो भी महिला अनुसूचित समाज की पिछड़े दलित के अलावा अन्य सवर्णों ने भी उनके नेतृत्व को स्वीकार किया। भरपूर वोट देकर पूर्णरूप से सत्ता तक पहुंचाया, उनके निर्णय, सत्ता चलाने की कार्यशैली अपराध पर नियंत्रण ने उनको आयरन लेडी बना दिया। उन्होंने अपनी सरकार के दौरान लखनऊ व नोएडा में परिवर्तन स्थल प्रेरणा स्थल में उन महापुरुषों को स्थापित किया, जो सामाजिक क्रांतिकारी थे। वे आज भी और कल भी लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे।

# मां से मोहब्बत


हफीज किदवई
लेखक

अब क्या मां पर भी लिखना होगा! कैसे लिखेंगे, क्या लिखेंगे? वह तकलीफ लिखें जो उनके पेट में रहकर, अंदर से शरारतन हमारे पहली बार टांग मारने से उन्हें हुई थी। उस दर्द को लिखें जो हमारे पैदा होने में उन्होंने सहा था। उस एहसास को कैसे लिखें जब वह पहली बार मुझे देख तमाम तकलीफ को दबाकर मुस्कुराई थीं। अपने बड़े से हाथ में मेरा पूरा बदन लेकर कहा था आज से मैं तेरा साया हूं। कैसे लिखूं उन उंगलियों पर जिन्होंने पूरे बदन पर ऐसे मालिश कि मैं आज भी सख्त पत्थरों से जूझने लायक बना। उस दूध पर लिखने की सलाहियत मुझमे नहीं। उन निवालों पर क्या लिखा जाए, जो बिना मेरे भूख-भूख पुकारे मेरे मुंह में अनगिनत बार डाल दिए गए। मैं या कोई भी मां पर कैसे लिखे? आप और हम सारे एहसास, जज्बात, मोहब्बत सब लिख सकते हैं, मगर मां पर कलम खुद बच्चा हो जाती है।

हां एक बात जो मैं हमेशा सोचता हूं, वह यह कि मेरी मां मेरे सामने दुनिया छोड़े न कि उसके सामने मैं। मरना सभी को है, मगर मैं नहीं चाहता एक मां अपने बेटे के मरने का दर्द सहे। यह पीड़ा उसके जीवन की सबसे दर्दनाक पीड़ा है। हां, मैं बेटा होकर उस दर्द को उठा लेना चाहता हूं। मैं कोई अच्छा बेटा नहीं हूं, फिर भी मैं जब उनके पैरों को दबा रहा होता हूं, तब ही दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर को छूने का एहसास होता है। तकलीफ तब होती है जब देखता हूं कोई नौजवान मां को नासमझ समझ कर उन्हें दुत्कारता है। मां का जिसके दिल में एहसास हो गया वह दूसरे को नुकसान तो नहीं ही पहुंचा सकता। मैं क्या कहूं यह उल्टा सीधा लिखते-लिखते दिल भरने लगता है। मां का एहसास लफ्ज से क्या लिखें? दिल खुद उसकी गवाही दे रहा होगा।

मदर्स डे पर मूसा की कैफियत को देखना। मूसा कोहेतूर (पहाड़) पर बेधड़क दौड़े चले जाते थे। एक रोज दौड़ते हुए पहाड़ पर जा रहे थे कि एक पत्थर पर ठोकर लगी और वह मुंह के बल गिर गए, तब आसमान की तरफ शिकायती अंदाज़ में देखा। उधर आसमान से आवाज आई "ऐ मूसा अब संभल कर चला करो। तुम्हारे लिए दुआ करने वाले अब हाथ नहीं रहे। वह मां खत्म हो गई, अब एहतियात रखना।" मूसा के आंसू आ गए। सोचिए वह तो पैगंबर थे तो हम और आप को उस मां की कितनी जरूरत है। उनकी दुआओं की कितनी दरकार है राम जी ने सौतेली मां के मान को रखकर, जंगल की पीड़ा चुनी, क्या तब भी हम यह नहीं समझे कि किसी भी मां की इज्जत करना ही हमारा धर्म है। मां के दिल में अगर किसी बेटे का खौफ आ गया तो वह बेटा जुल्मी है। मां से मोहब्बत तो जरूरी ही है उनकी इज्जत तो फर्ज है।

आज गिरह बांध लो मां की इज्जत की गिरह। उनके दिल को तकलीफ मत पहुंचाना वरना बिखर जाओगे। कई बार कुछ माएं गलत हो सकती हैं। बच्चों से हकतल्फी कर सकती हैं, मगर तभी राम जी जैसे किरदार उठ खड़े होकर बतलाते हैं, मां का कहना मानो। भले ही दर्द हो, भले ही दिल टुकड़े-टुकड़े हो जाएं, मगर मां पर गुस्सा मत पलटो। लोग कहेंगे, क्या सिर्फ एक दिन मां की इज्जत होगी, हम कहेंगे, जो पूरे साल इज्जत करते हैं, वही तो यह एक दिन मनाएंगे। आपने पूरे साल मां को आजिज किया है तो आज के एक दिन अगर दिखावटी प्यार उमेड़ोंगे, तो अनगिनत जोरदार तमाचे ही तो स्वागत करेंगे। यह एक दिन उनके लिए है, जो हमेशा इज्जत करते हैं और एक दिन व्यक्त कर देते हैं।


# भाजपा के सामने अपने ही चक्रव्यूह में उलझने का खतरा

## कुछ गांवों में जरूर नजर आ रही बदलाव की बयार, लेकिन शहरी इलाके में मोदी की गारंटी पर दिख रहा भरोसा

**हरियाणा का रणक्षेत्र**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** हरियाणा में लोकसभा की 10 सीटें हैं। भाजपा सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि इंडिया गठबंधन से कांग्रेस नौ सीटों पर तो एक सीट कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी मैदान में है। 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार कांग्रेस आधा दर्जन सीटों पर कड़ी चुनौती पेश कर रही है। यही वजह है कि चुनाव प्रचार का घमासान आगे बढ़ने के साथ भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़ी वर्चस्व की जंग दिलचस्प होती जा रही है। तीन निर्दलीय विधायकों की समर्थन वापसी से राज्य की भाजपा सरकार पर खतरे के बादल मंडराते देखकर कांग्रेस ने बढ़त बनाने के लिए स्थानीय मुद्दों को उछालकर आगामी विधानसभा चुनाव में किए जाने वाले वादों को भी जनता के सामने परोसना शुरू कर दिया है। राज्य में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसके मुकाबले भाजपा 400 पार के लक्ष्य को सफल बनाने के लिए एक बार फिर 2019 की तरह क्लीन स्वीप करके सभी 10 सीटों का तोहफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालना चाहती है। इसके लिए मोदी की गारंटी के साथ मतदाताओं के ध्रुवीकरण के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के लिए इस चुनाव में जहां सात सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है, वहीं कांग्रेस पर पिछली बार की तरह सीटों का सूखा खत्म करने की दबाव है। भाजपा ने दूसरी बार राज्य में क्लीन स्वीप करने के लिए इस बार गैर-जाट मतदाताओं पर दांव लगा रखा है। इस रणनीति में जाटलैंड मानी जाने वाली रोहतक और सोनीपत लोकसभा सीट पर भी पार्टी ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारे हैं। अन्य सीटों पर ओबीसी पर ज्यादा भरोसा किया है। राज्य में जाट मतदाता 22 प्रतिशत तो ओबीसी 21 प्रतिशत हैं। लेकिन जाट मतदाता कांग्रेस, जेजेपी और इनेलो के बीच बंटे हुए हैं और कुछ हद तक भाजपा से किसान आंदोलन के कारण नाराज भी हैं। ऐसा आकलन है कि भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 74 प्रतिशत सामान्य जाति, 72 प्रतिशत ओबीसी और करीब 58 प्रतिशत दलित समुदाय का वोट मिला था। पार्टी के अनुमान के अनुसार उसे जाट वोट 50 फीसदी के आसपास मिला था। भाजपा की रणनीति के मुकाबले कांग्रेस ने जाट समुदाय पर भरोसा जताते हुए अन्य वर्गों को भी साधने की बिसात बिछाई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा इस बार हरियाणा में कांग्रेस की जोरदार वापसी के लिए दिन-रात एक किए हैं। राज्य के इस चुनावी माहौल में फिलहाल आठ सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होती नजर आ रही है। कुरुक्षेत्र एकमात्र सीट है, जहां भाजपा के नवीन जिंदल, इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता और इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने में आ रहा है।




### राज्य का जातीय संतुलन अनुमानित

| | |
|---|---|
| जाट | 22% |
| दलित | 20 %, |
| ब्राह्मण | 10% |
| पंजाबी | 8% |
| वैश्य | 5% |
| राजपूत | 4% |
| गुर्जर | 3% |
| सैनी | 3% |
| विश्नोई | 2% |
| अन्य पिछड़ा | 18% |
| मुस्लिम | 4% |

**2014**
में मोदी लहर के दौरान भाजपा ने 41% वोट प्राप्त करके राज्य की 10 में से सात सीटें जीती थीं

### भाजपा पर पिछले चुनाव में हुई थी रिकार्ड तोड़ वोटों की बरसात

- 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य की सभी 10 सीटें जीती थीं। उसे प्रदेश में पहली बार रिकॉर्ड 58 .21% वोट मिले थे। वर्ष 2014 की मोदी लहर के दौरान भाजपा ने 41% वोट प्राप्त करके राज्य की 10 में से सात सीटें जीती थीं, तब इनेलो ने दो सीटें हिसार और सिरसा तथा कांग्रेस अकेली रोहतक लोकसभा सीट ही जीत पाई थी। 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने राज्य में बड़ी जीत दर्ज करते हुए 10 में से नौ सीटों पर विजय हासिल की थी, तब एक सीट कुलदीप बिश्नोई की पार्टी हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) को मिली थी। अब वोट शेयर के लिहाज से कांग्रेस का प्रदर्शन देखें तो 2009 में पार्टी के 42% वोट मिले थे जो 2019 में गिरकर 28% पर आ गए।

### 2019 चुनाव में किसको कितने वोट

| | |
|---|---|
| भाजपा | 58 .02% |
| कांग्रेस | 28 .42% |
| जेजेपी | 4 .9% |
| इनेलो | 1 .89% |

### कांग्रेस का तीन बार सूपड़ा साफ, सिर्फ एक बार किया क्लीन स्वीप

- कांग्रेस ने हरियाणा में सिर्फ एक बार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद साल 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटों पर विजय पताका फहरायी है, जबकि तीन बार पार्टी को शून्य हासिल हुआ है। 2019 के अलावा इमरजेंसी हटने के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हरियाणा में एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। इसी तरह 1999 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का राज्य में खाता नहीं खुला था। इस चुनाव में भाजपा और इनेलो गठबंधन ने पांच-पांच लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी।

### भाजपा से आधे वोट और सीट एक भी नहीं

2019 के चुनाव में भाजपा को हरियाणा में कुल 73,57,347 मत प्राप्त हुए थे। इसके मुकाबले कांग्रेस ने करीब आधे 36,04,106 वोट हासिल किए थे, लेकिन पार्टी को एक भी सीट पर सफलता नहीं मिली थी, जबकि भाजपा ने सभी 10 सीटें जीत ली थीं। 2019 मैं जेजेपी को 6,19,970 तथा इनेलो को 2,40,258 वोट मिले थे।

**वोट शेयर में बदलाव**

2009 — 12% भाजपा
2009 — 42% कांग्रेस
2019 — 58% भाजपा
2019 — 28% कांग्रेस


### जाट बाहुल्य फरीदाबाद में गुर्जर नेताओं का मुकाबला

फरीदाबाद में जातीय समीकरणों के लिहाज से जाट मतदाता सबसे ज्यादा हैं, लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जाट उम्मीदवार नहीं उतारकर गुर्जर बिरादरी पर दांव लगाया हैं। यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह और भाजपा के सांसद केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के बीच विधानसभा चुनाव में कई मुकाबले हुए हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में दोनों पहली बार भिड़ रहे हैं। इससे पहले 2004 के विधानसभा चुनाव में दोनों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें महेंद्र प्रताप सिंह विजयी हुए थे। वह पांच बार के विधायक तथा चौधरी भजनलाल और भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। इस सीट पर इनेलो ने सुनील तेवतिया और जेजेपी ने नलिन हुड्डा को मैदान में उतारा है। दोनों ही जाट समुदाय से आते हैं। जाट लैंड कही जाने वाली सोनीपत लोकसभा सीट पर भी इस बार भाजपा और कांग्रेस ने जाट नेताओं को चुनाव मैदान में नहीं उतारा है। इस लोकसभा सीट पर 35 प्रतिशत तक जाट मतदाता हैं और यहां अब तक हुए 12 लोकसभा चुनावों में नौ बार जाट नेता ही जीते हैं। सोनीपत में भाजपा ने दो बार के ब्राह्मण सांसद रमेशचंद्र कौशिक की जगह राई के विधायक मोहन लाल बडोली को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने जींद जिले के रहने वाले सतपाल ब्रह्मचारी पर दांव लगाया है। ब्रह्मचारी के हरिद्वार में आश्रम हैं। यहां इन्हीं दोनों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को यहां तगड़ा झटका लगा था। पार्टी के दिग्गज क्षत्रप और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा इस सीट पर डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव हार गए थे। हुड्डा को भाजपा के रमेश चंद्र कौशिक ने हराया था। कौशिक यहां से 2014 में भी चुनाव जीते थे। इस सीट पर इनेलो ने अनूप दहिया, जेजेपी ने भूपेंद्र मलिक और बसपा ने उमेश गहलावत को मैदान में उतारा है। तीनों ही जाट समुदाय से आते हैं।

### भिवानी-महेंद्रगढ़ में भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए कांग्रेस ने बदला प्रत्याशी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर भी भाजपा-कांग्रेस में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां से धर्मबीर सिंह सांसद हैं। भाजपा ने उन्हें तीसरी बार मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी का टिकट काटकर गैर जाट राव दान सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। इससे किरण चौधरी नाराज हैं। जेजेपी ने अहीरवाल इलाके से ताल्लुक रखने वाले राव बहादुर सिंह को और इनेलो ने शेर सिंह राणा की राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के सुभाष परमार को समर्थन दिया है। बसपा से कंमाडर सुनील शर्मा मैदान में हैं। इस सीट पर ग्रामीण मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है। कांग्रेस की स्थिति जातीय समीकरण के अलावा ग्रामीण वोट बैंक में मजबूत दिख रही है। लेकिन शहरी मतदाताओं पर भाजपा की मजबूत पकड़ है। लोकसभा में क्षेत्र में जाट मतदाता तीन लाख से ज्यादा हैं। दूसरे नंबर पर यादव (अहीर) मतदाता हैं, जिनकी संख्या पौने तीन लाख तक गिनी जाती है। 2019 में भाजपा के धर्मबीर सिंह ने 7,36,699 वोट पाए थे। कांग्रेस की श्रुति चौधरी को 2,92,236 और जेजेपी की स्वाति यादव को 84,956 वोट मिले थे। इससे पहले 2014 में भाजपा के धर्मबीर सिंह ने इनेलो के बहादुर सिंह को 1,29,394 वोटों से हराया था। कांग्रेस प्रत्याशी श्रुति चौधरी 2,68,115 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं। अंबाला में राजनीतिक विरासत वाले नए चेहरों पर दांव अंबाला सुरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने इस बार यहां नए चेहरों पर दांव लगाया है। भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतनलाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया को चुनावी मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने मुलाना से विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रहे और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष फूलचंद मुलाना के बेटे वरुण मुलाना पर दांव खेला है। भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया भाजपा संगठन की मजबूती, मोदी की गारंटी और पति रतन लाल कटारिया के नाम पर सहानुभूति के आधार पर वोट मांग रही हैं। लेकिन बंतो कटारिया को कई स्थानों पर किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उधर, कांग्रेस उम्मीदवार वरुण मुलाना भी पिता के राजनीतिक अनुभव का लाभ उठाने में लगे हैं। इनेलो ने इस सीट पर सिख उम्मीदवार एडवोकेट गुरप्रीत सिंह सहोटा को टिकट दिया है। 2019 के चुनाव में दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया को 7,46,508 (57 .06) प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस की प्रत्याशी कुमारी शैलजा को 4,04,163 (30 .89) प्रतिशत वोट हासिल हुए थे।


### करनाल में अनुभव और युवा जोश की टक्कर पूर्व सीएम खट्टर के सामने कांग्रेस से बुद्धिराजा


मनोहर लाल खट्टर


दिव्यांशु बुद्धिराजा।

करनाल लोकसभा सीट पर अनुभव और युवा जोश के बीच रोचक चुनावी भिड़ंत हो रही है। यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को मैदान में उतारा है। मनोहर लाल के विरुद्ध पंचकूला में दो साल पहले पोस्टर लगाने के आरोप में पंचकूला की अदालत ने बुद्धिराजा को भगोड़ा घोषित कर दिया था। हालांकि पिछले हफ्ते उन्हें जमानत मिल गई है। यहां खट्टर के सामने दोहरी चुनौती है। उन्हें करनाल लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत की हैट्रिक बनाने के लिए अपना पहला लोकसभा चुनाव तो जीतना ही है, करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव में अपने उत्तराधिकारी मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी की जीत भी सुनिश्चित करनी है। दो माह पहले मुख्यमंत्री पद से खट्टर के इस्तीफे के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में करनाल में संजय भाटिया ने बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने कांग्रेस के कुलदीप शर्मा को 6,54,269 लाख वोटों से हराया था। संजय भाटिया को 9,09,432 (70 फीसदी) वोट मिले थे, जबकि कुलदीप शर्मा 2,55,163 लाख (20 फीसदी) वोट ही पा सके थे। तीसरे नंबर पर बसपा के पंकज थे, जिन्हें 67,091 (5 फीसदी) वोट मिले थे।

### बाहरी का प्रचार और कमजोर संगठन राज बब्बर की बढ़ा रहा मुसीबत


राज बब्बर।


राव इंद्रजीत सिंह।

गुड़गांव लोकसभा सीट पर भाजपा के सांसद राव इंद्रजीत सिंह फिर से मैदान में हैं, उनके सामने कांग्रेस ने पूर्व फिल्म अभिनेता राज बब्बर को उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) से राहुल यादव फाजिलपुरिया ताल ठोंक रहे हैं। गुरुग्राम सीट पर 23 प्रत्याशी होने के कारण हर बूथ पर दो ईवीएम मशीन लगेंगी। राव इंद्रजीत सिंह गुड़गांव से लगातार तीन बार सांसद चुने जा चुके हैं। 2009 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था। 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के कैप्टन अजय सिंह को 4,95,290 वोटों से हराया था। इंद्रजीत सिंह को 8,81,546 लाख वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में वह पहली बार भाजपा से चुनाव लड़े थे और भारतीय राष्ट्रीय लोकदल (इनेलो) के जाकिर हुसैन को हराया था। इस बार उनके मुकाबले में उतरे राज बब्बर तीन बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। लेकिन गुड़गांव में राज बब्बर को कांग्रेस का संगठन नहीं होने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका और नूंह में मुस्लिम वोटर चार लाख माना जाता है, जबकि गुड़गांव पंजाबियों का गढ़ है। पंजाबी समाज में भाजपा का मजबूत प्रभाव है। राज बब्बर खुद के पंजाबी होने के चलते अपनी दम पर पंजाबी समाज में पकड़ बनाने में जुटे हैं।

### रोहतक में हुड्डा परिवार के सामने इस बार साख बचाने का सवाल


दीपेंद्र हुड्डा।


डॉ. अरविंद शर्मा।

जाटलैंड रोहतक में इस बार का लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी बनाम हुड्डा परिवार की साख का सवाल बन गया है। कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा चौथी बार मैदान में हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर जनता के बीच हैं, तो दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस सरकार के समय में हुए विकास कार्यों के नाम पर वोट मांग रहे हैं। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने तीन बार 2005 का उपचुनाव, 2009 और 2014 में रोहतक से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2019 में भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने दीपेंद्र हुड्डा को 7500 हजार वोटों के अंतर से हरा दिया था। ऐसे में कांग्रेस की कोशिश फिर से रोहतक सीट जीतकर इस इलाके में अपनी चौधराहट वापस लाने की है। रोहतक सीट कांग्रेस के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां से चार बार भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी चुनाव जीत चुके हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पिता रणबीर सिंह हुड्डा भी यहां से दो बार जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के अरविंद कुमार शर्मा को 5,73,845 और कांग्रेस के दीपेंद्र सिंह हुड्डा 5,66,342 वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में दीपेंदर सिंह हुड्डा ने भाजपा को ओपी धनखड़ को 1,70,627 लाख वोटों से हराया था। 2009 में दीपेंदर सिंह हुड्डा ने इनेलो के नफे सिंह को साढ़े चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी।

### कुरुक्षेत्र के दंगल में फंसते नजर आ रहे हैं भाजपा से उतरे नवीन जिंदल


नवीन जिंदल।


डॉ. सुशील गुप्ता।

कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट हरियाणा का सबसे बड़ा चुनावी कुरुक्षेत्र बनने के साथ ही हॉट सीट बनी है। यहां पर सभी पार्टियों के बड़े दिग्गज नेता चुनावी मैदान में एक-दूसरे को मात देने के लिए जोर लगाए हैं। कुरुक्षेत्र सीट पर भाजपा ने पिछले दो चुनाव में दोनों बार प्रत्याशी बदला है और जीत हासिल की है। इस बार भी भाजपा ने प्रत्याशी बदलते हुए कांग्रेस से आए उद्योगपति और पूर्व सांसद नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से उतारा है। इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अगले एक-दो दिन में प्रचार के लिए आने वाले हैं। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला पहले ही यहां जमे हैं। ऐसे में इस सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष होता नजर आ रहा है। अब नए घटनाक्रम में कुरुक्षेत्र से दो बार की पूर्व सांसद कैलाशो सैनी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने तोड़कर कांग्रेस में शामिल कर लिया है। कैलाशो को कुरुक्षेत्र में प्रमुख ओबीसी नेता माना जाता है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता के लिए प्रचार करने की बात कही है। पिछले 2019 के चुनाव में मौजूदा सीएम भाजपा के नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस के निर्मल सिंह को करीब चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी। नायाब सिंह को 56 फीसदी वोट, जबकि निर्मल सिंह को 25 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे। यहां जाट मतदाता भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं, जबकि गांवों में इनेलो मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है।

### सिरसा के मैदान में कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैं आमने-सामने


कुमारी सैलजा।


अशोक तंवर।

सिरसा लोकसभा सीट पर भी इस बार चुनावी मुकाबला काफी रोचक है। यहां कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमने-सामने हैं। कुमारी सैलजा कांग्रेस से चुनाव लड़ रही हैं तो अशोक तंवर भाजपा की तरफ से मैदान में उतरे हैं। हालांकि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस से ही सांसद रह चुके अशोक तंवर ने 2019 के बाद से तीन पार्टियां बदलकर अपने राजनीतिक समीकरण थोड़े बिगाड़ लिए हैं। अशोक तंवर ने 2019 में समर्थकों का टिकट कटने से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी बनाई, लेकिन कुछ ही दिन में टीएमसी में शामिल हो गए, लेकिन साल भर बाद ही उन्होंने टीएमसी भी छोड़ दी और आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया, लेकिन इसी साल चुनाव से पहले उन्होंने आम आदमी पार्टी को छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गए। उधर, कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा दो बार सांसद रह चुकी हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा की सुनीता दुग्गल ने सिरसा में 7,14,351 वोट पाए थे, कांग्रेस से चुनाव लड़े अशोक तंवर 4,04,433 वोट पाकर दूसरे तो जेजेपी के निर्मल सिंह मलरी 95,914 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। सिरसा सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। यहां से कांग्रेस नौ बार जीत चुकी है। 1991 से 2014 तक तो कांग्रेस लगातार यहां से चुनाव जीती थी। लेकिन 2014 में इनेलो के उम्मीदवार चरणजीत सिंह रोड़ी के बाद 2019 में भाजपा की सुनीता दुग्गल को सिरसा से जीत मिली थी। सिरसा से 2004 के बाद से कोई नेता लगातार दो बार संसद नहीं जा पाया है। भाजपा यहां सिर्फ एक बार 2019 में ही जीत हासिल कर पायी थी।




**जीत की हुंकार** भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने दिल्ली के चांदनी चौक सीट से उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल के लिए रोड शो किया और मोदी की गारंटी पर वोट मांगे।



**मांगे वोट** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ दिल्ली के मोती नगर में रोड शो कर इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

# भाजपा पर प्रदर्शन दोहराने का दबाव, सपा की साख का सवाल

## हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा के योद्धा दिख रहे हैं व्यग्र, गठबंधन गढ़ छीनने को तैयार



दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार। प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों पर सोमवार को वोट पड़ेंगे। अवध, सेंट्रल यूपी और तराई क्षेत्र में आने वाली इन सीटों पर मुख्य संघर्ष भाजपा और सपा-कांग्रेस के बीच ही नजर आ रहा है। हालांकि कुछ सीटों पर बसपा प्रत्याशी जातीय समीकरण के बूते मुकाबला त्रिकोणीय बनाते नजर आ रहे हैं। मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के सामने पिछले लोकसभा चुनाव की तरह सभी 13 सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, तो विपक्षी इंडिया गठबंधन इस बार कुछ सीटें भाजपा से छीनने की कोशिश करता नजर आ रहा है। हालांकि भाजपा ने 2019 के चुनाव में इन 13 सीटों में 09 सीटों पर बड़े अंतर से चुनाव जीता था। इसके साथही इस बार पिछले चुनाव की तरह सपा का बसपा से गठबंधन भी नहीं है।**

### कानपुर में भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर दोनों प्रत्याशियों की जीत के तीन बड़े फैक्टर

- ब्राह्मण बाहुल्य मानी जाने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर पिछले चुनावों की ही तरह भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। इस संघर्ष में दोनों प्रत्याशियों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाने पर ही जीत का रास्ता आसान होता नजर आ रहा है। भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी की जगह चुनावी समर में उतरे रमेश अवस्थी को मजबूत संगठन और मोदी के चेहरे के नाम पर जीत का भरोसा है। लेकिन जानकारों के मुताबिक उनकी राह में सबसे बड़ी तीन चुनौतियां बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा, कहीं-कहीं भितरघात का खतरा और ध्रुवीकरण की आशंका है। इसी तरह इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी आलोक मिश्रा की भी जीत की उम्मीद तीन फैक्टर समाजवादी पार्टी की बूथ पर मेहनत, ब्राह्मण वोटों में हिस्सेदारी के साथ मुस्लिम मतों के एकमुश्त समर्थन पर टिकी है। दरअसल, कुछ कांग्रेस नेताओं के चुनाव से पहले पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस प्रत्याशी को कमजोर संगठन की चुनौती से जूझना पड़ा है, जबकि सपा के लोकसभा क्षेत्र में तीन विधायक हैं।

#### बसपा कमजोर पर बन सकती सहारे की डोर

- भाजपा-कांग्रेस की चुनावी लड़ाई में बसपा से कुलदीप भदौरिया भी हैं। माना जा रहा है कि वह क्षत्रिय वोटों का बड़ा हिस्सा हासिल कर पाते हैं, तो भाजपा के लिए थोड़ी परेशानी का सबब बन सकते हैं। इसी के साथ जिस तरह पूर्व में बसपा का कॉडर वोट श्रीप्रकाश जायसवाल की जीत में मददगार साबित होता था, वैसे ही अगर इस बार भी संविधान और आरक्षण बचाने के मुद्दे पर दलित मतदाता कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन करता है, तो मुकाबला रोचक हो सकता है।

### कन्नौज में कांटे की टक्कर में किसका इत्र महकेगा

- कन्नौज लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के बीच कांटे की टक्कर हो रही है। हालांकि यहां बसपा के इमरान बिन जफर भी मैदान में हैं, लेकिन वह सीधी लड़ाई में पीछे छूटते नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि सपा अध्यक्ष यहां 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से अपनी पत्नी डिंपल यादव की करीबी हार का बदला लेने आए हैं। 2019 के चुनाव में डिंपल यादव को रसूलाबाद क्षेत्र में सबसे बड़ी हार मिली थी, इसलिए अखिलेश ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत रसूलाबाद में ही रोड शो करके की थी। इस दौरान दलित मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने रथ पर एक बालक को भीमराव आंबेडकर की वेशभूषा में सवार करके भाजपा द्वारा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने का डर भी दिखाया था। भाजपा ने भी मतदान से पहले इस सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाओं के अलावा गृह मंत्री अमित शाह भी मतदाताओं को खास संदेश दे गए हैं। ऐसे में सारा दारोमदार अब मतदान पर टिक गया है। जिसके समर्थक घरों से निकल कर ज्यादा वोट ज्यादा करेंगे, उसकी जीत की संभावनाएं उतनी ही बढ़ जाएंगी।



**09**

सीटें 32 फीसदी तक वोटों के अंतर से 2019 में भाजपा ने जीती थीं

### अपनों के कदमताल पर टिकी भोले की बड़े अंतर से तीसरी जीत

- अकबरपुर संसदीय सीट पर लगातार दो बार से जीत रहे भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले और सपा के राजाराम पाल में मुकाबला तो कांटे का है। लेकिन यहां तीन ऐसे बड़े समीकरण ऐसे हैं जो भोले की हैट्रिक की राह आसान बना सकते हैं। इनमें सबसे प्रमुख है अपनों की कदमताल। रनिया की विधायक एवं मंत्री प्रतिभा शुक्ला वारसी और बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा पिछले कुछ दिनों से जिस तरह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं, वैसी ही मेहनत वोट डलवाने में भी दिखानी होगी। हालांकि भोले के समर्थकों को कुछ स्थानों पर भितरघात का डर भी सता रहा है। ब्राह्मण मतदाताओं में बसपा के राजेश द्विवेदी की सेंधमारी रोकने की रणनीति भी भोले की बड़े अंतर से जीत का सिलसिला कायम रखने में अहम भूमिका अदा करेगी। हालांकि बारा टोल प्लाजा बंद कराने की उनकी घोषणा पूरी न होने से इलाके में कुछ नाराजगी दिखती है, लेकिन यह किसी नुकसान का कारण बनेगी, ऐसा नहीं लगता। सपा के राजाराम पाल सजातीय वोटों के साथ ही पिछड़ी जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने का दावा कर रहे हैं पर उन्हें कांग्रेस का भरपूर समर्थन जरूरी है। पाल बसपा में रहे हैं, वे बसपा के काडर वोट को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए लगातार जुटे रहे हैं। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक रूप से कमजोर होने का खामियाजा भी उन्हें उठाना पड़ रहा है।

### खीरी में टेनी की तीसरी जीत रोकने के प्रयास


- किसान आंदोलन के दौरान चर्चा में आयी खीरी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार जीत हासिल करना चाहते हैं। सपा ने यहां जातीय समीकरण देखकर कुर्मी समाज के उत्कर्ष वर्मा को उतारा है। लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी और अन्य ओबीसी के वोटर छह लाख से ज्यादा हैं। बसपा ने सिख समुदाय से आने वाले युवा अंशय कालरा को उम्मीदवार बनाकर तिकुनिया कांड से नाराज सिखों और दलित बिरादरी के करीब ढाई लाख वोट साधने का दांव खेला है।

### सीतापुर में जीत की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस

- सीतापुर लोकसभा सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद राजेश वर्मा फिर मैदान में हैं। वह यहां से चार बार सांसद रह चुके हैं। इस बार हैट्रिक लगाने की कोशिश में हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने बसपा के नकुल दुबे पर एक लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। यहां इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने राकेश राठौड़ को उनके मुकाबले में उतारा है। 2019 में कांग्रेस की कैसर जहान ने लगभग एक लाख वोट पाए थे। बसपा ने भाजपा छोड़कर आए महेंद्र यादव को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।

### अन्नू से लड़ाई में साक्षी महाराज को सजातीय वोट का सहारा

- उन्नाव लोकसभा सीट पर भाजपा सासंद साक्षी महाराज लगातार तीसरी बार जीतेंगे या नहीं यह सोमवार को तय होना है। उन्हें विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ ही सजातीय (लोध जाति) मतदाताओं के पूर्ण समर्थन का भरोसा है। हालांकि कुछ जनप्रतिनिधियों की नाराजगी का डर उनके समर्थकों को सता रहा है। ये जनप्रतिनिधि नेतृत्व के दबाव में साथ तो दिख रहे हैं पर उनका साथ वोट में कितना तब्दील होगा यह तो समय बताएगा। हालांकि संगठन और आरएसएस व उसके अनुसांगिक संगठनों के मिल रहे सहयोग से उनकी हैट्रिक लग सकती है। यहां बसपा से ब्राह्मण उम्मीवार अशोक पांडेय भाजपा के साथ जा चुके काडर वोट को साथ लाने की कोशिश कर तो रहे हैं। ब्राह्मण वोटों के बंटवारे में सपा की अन्नू टंडन अपनी जीत का आधार देख रही हैं पर ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में भाजपा से छिटकेंगे ऐसा दिख नहीं रहा है। अन्नू टंडन के समर्थन में हुईं अखिलेश यादव की सभाओं में भीड़ तो खूब जुटी है पर यह भीड़ में कितना तब्दील हुई तो अन्नू की बल्ले- बल्ले होगी। यह सपा और कांग्रेस के रणनीतिकार भी मान रहे हैं। कांग्रेस का थोड़ा परेशानी का कारण तो है पर बूथ स्तर पर युवाओं मजबूत टोली जीत का रोडमैप तैयार करने में जुटी है।



### इटावा में नजर आ सकता है नजदीकी मुकाबला

- इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद राम शंकर कठेरिया पर भरोसा जताते हुए जीत की हैट्रिक लगाने का ताना-बाना बुना है। सपा की तरफ से यादव लैंड से जुड़ी इस सीट पर जितेंद्र दोहरे ने कड़ी मेहनत की है। बसपा से पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल हैं। लेकिन वह त्रिकोणीय संघर्ष में पिछड़ रही हैं। भाजपा ने पिछला चुनाव करीब 65 हजार मतों से जीता था। भाजपा से सीधी लड़ाई में सपा ने साइकिल दौड़ाने के लिए ताकत लगाई है।

### बहराइच में भाजपा को तीसरी जीत का भरोसा

- बहराइच लोकसभा सीट पर भाजपा ने तीसरी जीत के लिए इस बार भी नए चेहरे मौजूदा सांसद अक्षयवरलाल गोंड के बेटे अरविंद गोंड को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व विधायक रमेश गौतम को उतारकर चुनौती दी है। बसपा से बृजेश कुमार सोनकर उम्मीदवार हैं। पिछली बार भाजपा यहां सपा से करीब सवा लाख मतों से जीती थी। इस बार भी दोनों दलों में मुकाबला माना जा रहा है।

### मिश्रिख में बसपा बना रही लड़ाई त्रिकोणीय

- कानपुर, हरदोई और सीतापुर जिले में फैली मिश्रिख लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां भाजपा से सांसद डॉ. अशोक रावत ने जीत के लिए व्यूह रचना की है। इंडिया गठबंधन में सपा से संगीता राजवंशी उन्हें चुनौती दे रही हैं, जो रिश्ते में सांसद रावत की सलहज लगती हैं। बसपा से पूर्व अधिकारी डॉ. बीआर अहिरवार भाजपा-सपा के बीच सिमटते मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में सफल होते नजर आ रहे हैं।

### धौरहरा में जातीय समीकरणों की लड़ाई

- धौरहरा सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद रेखा वर्मा फिर मैदान में हैं। पिछले 10 साल से सांसद रेखा वर्मा ने बसपा के अरशद इलियास को डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। कांग्रेस के जितिन प्रसाद 1.63 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर थे। इस बार सपा ने यहां आनंद भदौरिया पर दांव लगाया है, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए श्याम किशोर अवस्थी को उम्मीदवार बनाया है। यहां ओबीसी और सवर्ण वोट निर्णायक हैं।

### हरदोई में फिर दिख रहा पुराना मुकाबला

- हरदोई लोकसभा सीट पर भी पिछले दो चुनाव से भाजपा का कब्जा है। इस बार पार्टी ने मौजूदा सांसद जयप्रकाश रावत फिर कमल खिलाने उतरे हैं। सपा ने भी दोबारा पूर्व सांसद उषा वर्मा को उतार कर मुकाबला कड़ा कर दिया है। बसपा ने यहां भीमराव अंबेडकर को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार जयप्रकाश ने सपा की उषा वर्मा को 1.30 लाख मतों से हरा दिया था। हरदोई सीट पर आज तक बसपा का खाता नहीं खुला है।

### फर्रुखाबाद में जातीय समीकरण की चुनौती

- फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर साल 2014 से भाजपा का कब्जा है। सांसद मुकेश राजपूत इस बार जीत की हैट्रिक के लिए प्रयासरत हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा ने डॉ. नवल किशोर शाक्य को इतार कर जातीय समीकरण में उन्हें उलझाने का प्रयास किया है। नवल किशोर पहले बसपा में थे और पेशे से कैंसर सर्जन हैं। बसपा के क्रांति पांडे प्यवसायी हैं और भाजपा के लिए यहां परेशानी बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

### शाहजहांपुर में बसपा ने फंसाया खेल

- शाहजहांपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अरुण कुमार सागर को मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में अरुण कुमार ने ढाई लाखों से ज्यादा वोटों से बसपा प्रत्याशी पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस तीसरे नंबर पर थी। इस बार इंडिया गठबंधन से सपा ने यहां ज्योत्सना गोंड को मैदान में उतारा है। पार्टी ने पहले राजेश कश्यप को टिकट दिया था। बसपा ने दोदराम वर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

### कहां क्या था 2019 में भाजपा की जीत का आंकड़ा

- कन्नौज 1.1%
- इटावा 6.3%
- मिश्रिख 9.8%
- सीतापुर 9.5%
- अकबरपुर 26.8%
- बहराइच 13.0%
- खीरी 19.2%
- धौरहरा 15.2%
- हरदोई 12.6%
- उन्नाव 32.4%
- फर्रुखाबाद 22.1%
- शहजहांपुर 22.6%
- कानपुर 18.5%

### सहानुभूति और सपा के बीच ददरौली में फंसा है चुनाव

**अमृत विचार।** 13 मई को शहजहांपुर की ददरौली विधान सभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह को जहां पिता के निधन से मिलने वाली सहानुभूति और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का भरोसा है, वहीं सपा से पूर्व मंत्री और दो बार के विधायक अवधेश कुमार वर्मा इस सीट पर साइकिल दौड़ाने में लगे हैं। ददरौली विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने मानवेंद्र सिंह के बेटे अरविंद सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा की जीत रोकने के लिए सपा ने पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा और बसपा ने सर्वेश चंद्र मिश्रा उर्फ धांधू पर दांव लगाया है। ददरौली विधानसभा सीट पर 2017 में भाजपा को पहली बार जीत मिली थी। 2022 में भी भाजपा जीती।

# बागी बिगाड़ पाएगा समीकरण या तीसरी बार जीतेंगी अनुप्रिया पटेल

**मिर्जापुर संसदीय सीट**

अनंत कृष्णन

**मऊ।** विंध्य क्षेत्र की लोकसभा सीटों पर भाजपा के लिए चुनौती बढ़ती जा रही है। यहां भाजपा को अपने बागियों से ही खतरा हो गया है। पहले पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार ने बगावत कर सपा का दामन थामा। सपा ने उन्हें राबर्ट्सगंज से उम्मीदवार बनाया तो अब भदोही के सांसद रमेश बिंद सपा से मिर्जापुर सीट पर उम्मीदवार बन गए। ये दोनों सीटें भाजपा की सहयोगी अपना दल के खाते में हैं, लेकिन पार्टी के चार सौ पार लक्ष्य की पूर्ति में इन दोनों सीटों पर जीत भी बहुत ही जरूरी है। अब भाजपा के रणनीतिकार इन सीटों पर जीत के लिए नए सिरे से रणनीति बना रहे हैं। अब भाजपा के रणनीतिकार इन सीटों पर जीत के लिए नए सिरे से रणनीति बना रहे हैं। जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विंध्य क्षेत्र में रैलियां कराने की तैयारी है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृह मंत्री अमित शाह की ज्यादा से ज्यादा जनसभाओं का आयोजन कराने पर विचार किया जा रहा है।

**इसलिए नाराज हुए रमेश बिंद**

रमेश बिंद ने 2019 में बसपा के रंगनाथ मिश्र से 43 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। भाजपा के आंतरिक सर्वे में यह बात सामने आई थी कि इस बार उनकी स्थिति कमजोर रहेगी। यही वजह है कि पार्टी ने उनका टिकट काटकर मंझवा सीट से निषाद पार्टी के विधायक डॉ. विनोद कुमार बिंद को प्रत्याशी बना दिया। इसी बात से रमेश बिंद नाराज चल रहे थे।

**राबर्ट्सगंज में भी कांटे का मुकाबला** : राबर्ट्सगंज सीट भी अपना दल एस के कब्जे में है। यहां से पिछले चुनाव में पार्टी पकौड़ी लाल कोल जीते थे, जबकि 2014 में भाजपा के छोटेलाल खरवार यहां से सांसद बने थे।

पकौड़ी लाल कोल का टिकट काटकर उनकी विधायक बहू रिंकी कोल को अनुप्रिया पटेल ने टिकट दिया है। जबकि भाजपा से त्यागपत्र देने वाले छोटेलाल खरवार उन्हें चुनौती दे रहे हैं। छोटेलाल यहां ब्राह्मण मतदाताओं की नाराजगी को भुनाना चाहते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की नाराजगी के कारण पकौड़ी लाल कोल का टिकट कटा था। हालांकि भाजपा और अपना दल के नेता इस नाराजगी को दूर करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। यहां कांटे के मुकाबले में फंसी राजग गठबंधन की हैट्रिक पूरी हो इसके लिए मध्य प्रदेश के कोल जाति के बड़े नेताओं को भी प्रचार में लगाया गया है। बसपा ने यहां से धनेश्वर गौतम को उतारा है। वे मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। यहां बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्र और मायावती की सभा कराने की तैयारी है। ताकि परंपरागत मतदाता साथ आ जाएं।



अनुप्रिया पटेल।

- विंध्य क्षेत्र में भाजपा के वर्तमान और पूर्व सांसद को सपा ने बनाया उम्मीदवार
- मिर्जापुर में अनुप्रिया तो राबट्र्सगंज में रिंकी कोल से होना है मुख्य मुकाबला

### अनुप्रिया और रमेश बिंद के बीच मुख्य मुकाबला

- समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र एस बिंद को उम्मीदवार बनाया था। राजेंद्र ने प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन पार्टी के रणनीतिकार उन्हें प्रचार में कमजोर मान रहे थे। ऐसे में भदोही सीट से टिकट न मिलने से नाराज चल रहे सांसद रमेश बिंद पर सपा नेताओं ने डेरा डाला और उनकी मुलाकात तीन दिन पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव से कराई गई। अब टिकट फाइनल हो गया तो रमेश ने प्रचार भी तेज कर दिया है। वे निषाद, बिंद, मझवार समाज के मतदाताओं को एकजुट करने में लग गए हैं। इस सीट पर बसपा ने मनीष तिवारी को उतारा है लेकिन यहां मुख्य मुकाबला अपना दल एस की उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और रमेश बिंद के बीच होना है। बसपा यहां मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास कर रही है। उधर भाजपा और अपना दल नेताओं ने टिकट कटने से नाराज राजेंद्र एस बिंद पर डोरे डालने शुरू कर दिए हैं। हालांकि इसमें उन्हें कितनी सफलता मिलती है यह वक्त बताएगा। फिलहाल हैट्रिक की तैयारी कर रहीं अनुप्रिया पटेल के पक्ष में निषाद मतदाता बनें रहें इसके लिए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और उनकी टीम भी यहां डेरा डालेगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें



**उठाया मुद्दा** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में पश्चिम बंगाल के हुगली में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने संदेशखालि में महिलाओं के उत्पीड़न का मुद्दा उठाया।



**आरक्षण बचाओ** राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और विकासशील इंसाफा पार्टी के अध्यक्ष मुकेश साहनी के साथ मुजफ्फरपुर में जनसभा को संबोधित किया।

## मणिपुर में शांति बहाली की रामलला से प्रार्थना

**अयोध्या, अमृत विचार :** मणिपुर की राज्यपाल अनसुइया रविवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने सायंकालीन सरयू मां की आरती भी की। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार अयोध्या आई हूं। मेरी बहुत इच्छा थी कि मैं एक बार अयोध्या जरूर जाऊं और भगवान राम के साक्षात दर्शन करूं। आज मुझे यह सौभाग्य मिल ही गया। मैं रामलला से यही प्रार्थना करती हूं कि देश में सुख शांति व सद्भावना बनी रहे। उन्होंने कहा कि मणिपुर में अब काफी शांति हुई है। रामलला से प्रार्थना करती हूं कि मणिपुर में फिर से भाईचारा स्थापित हो और प्रदेश विकास की ओर आगे बढ़े। मणिपुर और पूरा नॉर्थ ईस्ट बहुत खूबसूरत है।

### 29 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले, सपा के रविदास पर सबसे ज्यादा 18 मुकदमें

# 5वें चरण में 53 प्रत्याशी करोड़पति, भाजपा के अनुराग सबसे अमीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पांचवे चरण में 14 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

**अमृत विचार :** पांचवें चरण में 14 सीटों पर होने वाले चुनाव में 53 प्रत्याशी करोड़पति हैं, इनमें झांसी से भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा सबसे ज्यादा अमीर हैं, उनके पास लगभग 2,012 करोड़ की संपत्ति है। वहीं आपराधिक मामलों की बात करें तो 29 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं, सबसे ज्यादा लखनऊ से सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा पर डेढ़ दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।


अनुराग शर्मा।

उप्र. इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 144 प्रत्याशी मैदान में हैं और टिकट देने में सभी बड़ी पार्टियों ने धनबलियों को ही तवज्जो दी है। भाजपा के 13 उम्मीदवार करोड़पतियों में भाजपा के कैसरगंज प्रत्याशी करण भूषण सिंह 49 करोड़ की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर है। गोंडा के भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह के पास लगभग 37 करोड हैं। इसके अलावा सपा के सभी 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसतन संपत्ति चार करोड़ की है। वहीं बसपा के 14 में 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसतन संपत्ति पांच करोड़ है, कांग्रेस के भी सभी चार प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसत संपत्ति लगभग नौ करोड़ है।

**असाक्षर भी लड़ रहे चुनाव :** आधुनिक युग में पांचवे चरण में दो उम्मीदवार असाक्षर हैं और तीन प्रत्याशी केवल साक्षर है। इसके अलावा आधा दर्जन प्रत्याशी डिप्लोमा धारक हैं। पांचवी से 12 वीं के बीच तक पढ़ाई करने वाले 44 प्रत्याशी हैं, वहीं 89 उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा की हैं।

**13 महिलाएं लड़ रहीं चुनाव :** पांचवे चरण में लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बाँदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा में मतदान होगा। इन 14 सीटों पर 144 प्रत्याशियों में मात्र 13 महिला चुनाव लड़ रही है।

#### 29 प्रत्याशियों पर अपराधिक मुकदमें

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पांचवें चरण में 29 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। सपा के 50 फीसदी यानि पांच प्रत्याशियों पर मुकदमें दर्ज हैं, वहीं बसपा के भी पांच प्रत्याशियों पर दर्ज हैं। भाजपा और कांग्रेस के चार-चार प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा अपना दल (कमेरावादी) के एक उम्मीदवार पर दर्ज हैं। आपराधिक मामलों में रविदास के बाद दूसरे नम्बर पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप जैन आदित्य हैं, आधा दर्जन मामले दर्ज हैं, वही तीसरे नंबर पर कैसरगंज सीट पर सपा के भगत राम है।

#### 20 हजार रुपये लेकर लड़ रहे लोकसभा चुनाव

एडीआर के राज्य संयोजक ने बताया कि सबसे कम संपति वाले उम्मीदवारों में हमीरपुर से अल हिन्द पार्टी के धर्मराज हैं, इनके पास कुल 20 हज़ार रुपये हैं। दूसरे नंबर पर इसी पार्टी के 22 हजार की संपति के स्वामी दीपक कुमार वर्मा है। तीसरे नंबर पर फैजाबाद से भारत महापरिवार पार्टी से चुनाव लड़ने वाले अम्बरीश देव गुप्ता ने 32 हज़ार रूपए बताई हैं।

## 2.47 करोड़, 47 हजार 27 मतदाता तय करेंगे प्रत्याशियों का भविष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौथे चरण में 2.47 करोड़, 47 हजार 27 मतदाता प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे। इनमें एक करोड़ 31 लाख 82 हजार 341 पुरुष, एक करोड़ 15 लाख 63 हजार 739 महिला व 947 थर्ड जेंडर शामिल हैं, जबकि ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में तीन लाख 73 हजार 751 मतदाता हैं, जिसमें दो लाख 263 पुरुष, एक लाख 73 हजार 436 महिला मतदाता व 52 थर्ड जेंडर हैं।

इस चरण कुल 130 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिसमें 16 महिला व 114 पुरुष प्रत्याशी हैं। ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में कुल 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदाता मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत प्रदेश स्तर पर 1800-180-1950 व जिले स्तर पर 1950 टॉल-फ्री नम्बर पर कॉल करके दर्ज करायी जा सकती है। इस चरण के चुनाव में कुल 26,588 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं, जिनमें से 4,715 संवेदनशील हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, 13 सामान्य प्रेक्षक, नौ पुलिस प्रेक्षक व 17 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं।

#### सबसे ज्यादा मतदाता उन्नाव में

इस चरण में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता उन्नाव लोकसभा सीट व सबसे कम मतदाता कानपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं। सबसे अधिक 15 प्रत्याशी कन्नौज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम सात प्रत्याशी इटावा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

# जाली दस्तावेज पर मदरसों में नियुक्ति के मामले में की गई पहली गिरफ्तारी

### पुलिस ने बलरामपुर से बहराइच के फय्याज को पकड़ा, ठगी व गबन का भी आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका ने पिछले साल अगस्त में रिपोर्ट लिखाई थी

**अमृत विचार :** मदरसा फर्जी नियुक्ति के मामले में हजरतगंज पुलिस ने रविवार को बलरामपुर से पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी फय्याज अहमद मिस्बाही ने जाली दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल की थी। इस मामले में पिछले साल अगस्त माह में मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में प्रबंधक, शिक्षक, क्लर्क नामजद आरोपी है। पुलिस की जांच में कुछ और नाम सामने आए हैं। जिनकी कुंडली खंगाली जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी फय्याज बहराइच के कटरा बाजार थानाक्षेत्र स्थित मिसरौलया का रहने वाला है। आरोपी ने जाली शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र के आधार पर मदरसा अहने सुन्नत नुरुल उलूम अनीकिन्या, महाराजगंज तराई, जनपद बलरामपुर में शिक्षक की नौकरी हासिल की। उसके दस्तावेजों को मदरसा के प्रबंधक सुबराती, प्रधानाचार्य और लिपिक अब्दुल कदीर की सांठगांठ से तैयार कराया था। उसका वेतन भी मदरसा बोर्ड से पास करा लिया। फय्याज ने अपने अलावा कई लोगों को फर्जी तरीके से नौकरी दिलाई। फय्याज ने प्रबंधक, प्रधानाचार्य और लिपिक की मदद से शहादत अली की नियुक्ति पत्रावली व वेतन बिल तैयार किया। मदरसा बोर्ड के बाबू श्रवण के पास शहादत अली और अहमद रजा की नियुक्ति से संबंधित पत्रावलियां पाई गई। इसे बोर्ड से अनुमोदित कराने के लिए फय्याज ने श्रवण की मिली भगत से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब करा दिए। फय्याज पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी धन के गबन और ठगी का आरोप है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में कई साक्ष्य मिले हैं।

**प्रॉपर्टी और नया मदरसा खोलने में करते है रकम का प्रयोग :** पुलिस के मुताबिक मदरसा फर्जीवाड़ा करने वाला गिरोह काफी बड़ा है। इसमें कई बड़े अधिकारी और नेता भी शामिल है। इनकी कुंडली भी पुलिस खंगाल रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अब तक की जांच में सामने आया कि मदरसों में फर्जी नियुक्ति कराने वाला गिरोह वसूली की रकम का प्रयोग दूसरे कारोबार में करता है। वसूली की रकम को गिरोह के ज्यादातर सदस्य प्रॉपर्टी खरीद-फरोख्त और नये मदरसे खोलने में करते है। वहीं जिनकी नियुक्ति नहीं हो पाती और वह रकम वापसी का दबाव बनाते हैं। उनको गिरोह के सदस्य किस्तों में रुपये वापस करते हैं। उनसे समझौता पत्र भी लिखवाते हैं। ताकि बाद में कोई विवाद न खड़ा हो।

#### नियुक्ति के नाम पर करोड़ों का किया बंदरबांट

पुलिस के मुताबिक फर्जी नियुक्तियों के नाम पर ठगी करने का गिरोह काफी दिनों से सक्रिय है। इस गिरोह का नेटवर्क लखनऊ से लेकर बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, अयोध्या, वाराणसी और आजमगढ़ तक फैला है। इसी गिरोह में आरोपी फय्याज अहमद मिस्बाही मदरसों में फर्जी नियुक्ति कराने का एक महत्वपूर्ण जरिया है। इसके माध्यम से कई शिक्षकों ने मदरसे में नियुक्ति पाई है। इसके बदले करोड़ों रुपये वसूले गए। इसका बंदरबांट प्रबंधक, प्रधानाचार्य से लेकर बिचौलिये और बोर्ड के बाबू व अधिकारियों के बीच हुआ। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े हर एक व्यक्ति की कुंडली खंगाल रही है।

## छह मंदिरों का होगा निर्माण, परकोटे का काम भी लगभग पूरा

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर के परकोटे के अंदर निर्माणाधीन छह मंदिरों में स्थापित होने वाले देवी-देवताओं की मूर्तियों के निर्माण को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मूर्तिकारों से संपर्क कर रहा है। ट्रस्ट के मुताबिक परकोटे में लगने वाली भी सभी मूर्तियां अद्भुत होंगी और एक निश्चित मानक में तैयार होंगी।

दिसम्बर 2024 तक राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा। मंदिर के परकोटे का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका होगा। परकोटा मंदिरके चारों ओर की परिधि में लगभग 800 मीटर लंबा है, जिसके चारों कोने और उत्तर में एक व दक्षिण दिशा में एक मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें हनुमान जी, भगवान शिव, भगवान गणेश, भगवान सूर्य, मां दुर्गा और माता अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। जिसके लिए ट्रस्ट पत्थरों पर मूर्तियों को तराशी को लेकर मंथन कर रहा है। बीते वर्ष अगस्त माह में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सदस्य का छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में मूर्तिकारों से संपर्क करने के लिए रवाना हुआ था।

## एक ठगी के रुपये 20 खातों में करते हैं ट्रांसफर

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

- साइबर जालसाज रकम को छह बार इधर से उधर करते हैं

**अमृत विचार :** साइबर जालसाज पांच लाख से अधिक की रकम ठगने के बाद 20 खातों में ट्रांसफर करते हैं। यह रकम छह बार में ट्रांसफर की जाती है। ताकि जालसाजों को निकालने में आसानी होती है। वहीं, इनके गिरोह का नेटवर्क भी चार स्तरीय होता है। सभी के लिए अलग-अलग शुल्क तय किया जाता है। उनको हिस्सा ईमानदारी से दे दिया जाता है। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम बृजेश यादव ने बताया कि कई बड़े मामलों की जांच में पता चला कि साइबर जालसाजों का नेटवर्क चार स्तरीय होता है।

पहला स्तर प्री-एक्टिवेटेड सिम मुहैया कराने वाले का होता है। वह बल्क (थोक) में इस तरह के सिम उपलब्ध कराता है। इसके बाद बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले सदस्यों का काम शुरू होता है। यह फर्जी दस्तावेज के आधार पर खाते खुलवाकर उपलब्ध कराते हैं। इसके बाद कॉलर का काम शुरू होता है, जो नंबर पर कॉल कर लोगों को अपने जाल में फंसाता है। खातों में रकम पड़ने के बाद उसे ठिकाने लगाने वाले सदस्यों का काम सबसे आखिर में आता है। ये सदस्य रुपये बैंक जाकर या एटीएम कार्ड से निकालकर तय ठिकाने पर पहुंचाते हैं।

साइबर एक्सपर्ट के मुताबिक पांच लाख से अधिक की रकम ठिकाने लगाने में जालसाज काफी सतर्कता बरतते हैं। पहले ठगी की रकम को चार से छह खातों में मंगाते हैं। सभी खातों से एक-एक बार में 50-50 हजार की रकम निकालते हैं। इसके बाद उपलब्ध खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर करते हैं। एक बार में पांच से छह खातों में रकम भेजी जाती है। उन खातों से छह-आठ अन्य खातों में रकम ट्रांसफर की जाती है। पहले खाते से अंतिम खाते तक पहुंचने तक रकम ट्रांसफर होती रहती है। अंतिम खाताधारक को सारी रकम निकालने के बाद अपना सिम तोड़ना होता है।

#### कई राज्यों के खातों का करते हैं प्रयोग

साइबर जालसाज ठगी की रकम मंगाने के लिए सैकड़ों खातों का प्रयोग करते हैं। सतर्कता बरतते हुए काम करते हैं। साइबर क्राइम थाने में दर्ज एफआईआर की जांच के दौरान सामने आया कि जालसाज यूपी, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, प. बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, केरला, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, जम्मू, हरियाणा, पंजाब, हैदराबाद, बंग्लूरू में खाते खुलवाते हैं।

## 7वें चरण में सातवें आसमान पर होगा जनता का गुस्साः अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव संविधान और देश बचाने को लेकर है। अगर जान और संविधान दोनों बचाना है तो हर हाल में भाजपा का सफाया करना होगा। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए अखिलेश ने कहा जैसे-जैसे चरणों का चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे जनता का भाजपा के खिलाफ गुस्सा भी बढ़ता जा रहा है। सातवें चरण में जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर दिखाई पड़ेगा।

उन्होंने केंद्र सरकार पर हमलावर होते हुए उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर किसानों को बर्बाद करने का आरोप लगाया। अखिलेश यादव रविवार को बाराबंकी मौरंग मंडी मैदान में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक चुनाव है। चुनाव को समुद्र मंथन की तरह संविधान मंथन बताया और कहा कि आपको और हमको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बचाना है तो हर हाल में भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के डबल इंजन की होर्डिंग देखी होगी। लखनऊ का इंजन तो उसमें पहले से ही गायब है। उन्होंने बाराबंकी के लोकसभा चुनाव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां तो भाजपा को पहले ही अपना इंजन बदलना पड़ा। उनका इशारा भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत की बजाय राजरानी रावत को टिकट देने को लेकर था।

## वसीयत के पंजीकरण की अनिवार्यता खत्म

विधि संवाददाता,, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने कहा-प्रावधान मनमाना और अमानवीय




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश द्वारा प्रदेश में वसीयत के पंजीकरण की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए अगस्त 2004 के संशोधित कानून और उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धारा 169 की उपधारा 3 को रद कर दिया है।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि वसीयत प्राकृतिक और कानूनी उत्तराधिकारियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति, निकाय या ट्रस्ट को इच्छानुसार वसीयतकर्ता की संपत्ति को हस्तांतरित कर सकती है, लेकिन कानून में कभी भी इसे पंजीकृत करने की आवश्यकता नहीं होती है, चाहे संपत्ति कृषि भूमि हो या अन्य संपत्ति।

कोर्ट ने पाया की वसीयत के पंजीकरण का औचित्य मुख्यतः भूमिधारी अधिकार रखने वाले एक गरीब किसान के लिए उपयोगी है, क्योंकि उसे आसानी से गुमराह कर प्राकृतिक उत्तराधिकारियों को छोड़कर किसी तीसरे के पक्ष में उसकी वसीयत निष्पादित की जा सकती है।

इस धोखाधड़ी को कम करने के उद्देश्य से वसीयत के अनिवार्य पंजीकरण हेतु कानून 23 अगस्त 2004 लाया गया था। लेकिन अब कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि वसीयत पंजीकृत नहीं है तो वह अमान्य नहीं होगी, भले ही इसका निष्पादन वर्ष 2004 से पहले हुआ हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अजीत कुमार की खंडपीठ ने प्रमिला तिवारी नामक महिला द्वारा दाखिल याचिका पर मुख्य न्यायाधीश द्वारा भेजे गए मामले को निस्तारित करते हुए 10 मई को पारित किया। गौरतलब है कि इस न्यायालय की समन्वय पीठों द्वारा पारित विरोधाभासी विचारों पर भ्रम की स्थिति स्पष्ट करने के लिए मुख्य न्यायाधीश ने उक्त खंडपीठ को यह मामला भेजा था। वसीयत केवल वसीयतकर्ता की मृत्यु पर ही प्रभावी होती है। अतः उसका पंजीकरण अनिवार्य रूप से आवश्यक है। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि कई मामलों में यह संभव है कि एक व्यक्ति अपने जीवन के अंतिम चरणों में अपनी वसीयत बदलना चाहे तो पंजीकरण की अनिवार्यता उसे वसीयत बनाने के मौलिक अधिकार से वंचित कर देती है, जो पूर्णतः मनमाना और अमानवीय दृष्टिकोण है। कोर्ट ने टिप्पणियों के साथ मामले की योग्यता के आधार पर निर्णय के लिए संबंधित पीठ के समक्ष याचिका को वापस भेज दिया।

### वर्ग पहेली-68

**बाएं से दाएं**

4.1. सेंधा नमक 2. कांस नामक घास 3. जलबेंत 4. सुरमा।

5. हित या कल्याणकामना, शुभकामना, बधाई, दुआ।

6.1. पैसे रखने की छोटी थैली 2. चमड़े आदि से बनी कई खानों वाली एक प्रकार की छोटी थैली।

7.1. मगध का निवासी 2. पीपल 3. मगह देश, मगध 4. शाक द्वीप का भाग।


**ऊपर से नीचे**

1.1. अड़ियल होने की अवस्था या भाव 2. घमंड, अक्खड़ता, अकड़ूपन, झक्कीपन।

2. उचित, मुनासिब, विहित, जो नियम या विधान से सही हो, ठीक, वाज़िब, वैध, मानने लायक, मान्य, अधिकृत।

3. मस्त, मदमस्त, मयमत्त।

4.1. जो कामयाब न हुआ हो नाकाम, असफल मनोरथ 2. अनुत्तीर्ण, (फ़ेल)।



### वर्ग पहेली -67 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | ह | 2 वा | र | | 3 रो | 4 ब |
| | | ई | | | | धा |
| 5 मो | | फ़ा | | | | ई |
| 6 ह | वा | ई | ज | 7 हा | ज़ | |
| ति | | | | थी | | 8 ध |
| मि | | | | ना | | रु |
| म | | 9 खं | ड | ल | व | ण |

### सुडोकू-147

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 | | | |
| | | | | | | 4 | | 3 |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 3 | | | 6 | | 1 | | | |
| 4 | 2 | | | | | | | 1 |
| | | | 4 | | 8 | | | |
| | | | | 7 | 9 | 2 | | |
| 8 | | 3 | | | | | | |
| | | | 8 | | 5 | | | |

### सुडोकू -146 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 5 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 14 मई 02.50 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 11.24 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। कड़ी धूप से आपको एलर्जी की शिकायत हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण बैठक में आम सम्मिलित हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज धन को लेकर आ रही समस्याओं का निपटारा होगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को घर पर भी बहुत कुछ काम करना पड़ेगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ बौद्धिक लोगों से परामर्श ले सकते हैं।

**मिथुन** — आज अपने किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति नकारात्मक हो सकता है। शांतिपूर्वक सभी मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल नहीं है।

**कर्क** — आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। भविष्य को लेकर आप काफी सावधान होकर योजना बनाएंगे। व्यापार में स्थितियां सम्भलती हुई प्रतीत होंगी। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

**सिंह** — आज ज्यादा आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। किसी के भी सामने अपनी प्रशंसा स्वयं अपने मुख से न करें। कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। पार्टनरशिप से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या** — आज महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर सकते हैं। निजी रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आप करियर को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे।

**तुला** — आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। सलाहकर्ता सेवाओं से जुड़े लोगों की पदोन्नति भी हो सकती है। आपको शरीर में सुस्ती महसूस हो सकती है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज ऐसे मुद्दों से दूर रहें जिसके विषय में आपके पास कम जानकारी है। दूसरे लोगों की काफी मदद करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। कारोबारी अपने कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं। घर पर कुछ मरम्मत जैसा कार्य करवाने की योजना बनेगी।

**धनु** — आज दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है। अनजानी जगहों पर अकेले यात्रा करने से बचें। हमेशा अपने दिमाग का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा नहीं है। धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**मकर** — आज अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

**कुंभ** — आज संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर का माहौल सुखद रहेगा। नए वस्त्र और आभूषण खरीद सकते हैं। प्रेम संबंध काफी रोमांटिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करने की प्रवृत्ति के कारण आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**मीन** — आज कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें। व्यापारी वर्ग के लोगों को उधार करने से बचना चाहिए। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। आंखों में कुछ समस्या रहेगी। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा — सुबह : 10.53
फर्ज — रात : 07.00

&pictures
रोबोट — सुबह : 10.50
जाने तू या जाने न — रात : 08.00

SONY PIX
एज ऑफ टूमारो — सुबह : 10.09
द शौशैंक रिडेम्शन — रात : 08.38

ZEE CINEMA
जानवर — सुबह : 10.55
सहर — रात : 07.55

colors CINEPLEX
येवडु — दोपहर : 01.00
फिर हेरा फेरी — शाम : 06.31

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति- पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे।
पति – जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली – और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है?
पति – कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत...

पुलिस- घर में मालिक होते हुए तूने चोरी कैसे की?
चोर- साहिब आपकी नौकरी भी अच्छी है, सैलरी भी अच्छी है, फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे?
चोर की बात सुनकर पुलिस की हैरान रह गई।

# जांच सीबीआई को सौंपने से सिद्धरमैया का इनकार

## बोले- हमें एसआईटी पर भरोसा, लोगों में भ्रम पैदा करने वाला बयान देने का भाजपा पर लगाया आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित मामले की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें प्रकरण की जांच कर रहे राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) पर भरोसा है। उन्होंने ऐसी मांग करने के लिए भाजपा से पूछा कि उसे पुलिस पर भरोसा क्यों नहीं है। उन्होंने भाजपा पर एसआईटी के बारे में लोगों के मन में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया।

सिद्धरमैया ने सीबीआई जांच की भाजपा की मांग पर कहा, हम एसआईटी से जांच करा रहे हैं, हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक बार सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो कहा था और सत्ता में रहते हुए पार्टी ने कांग्रेस की बार-बार मांग के बावजूद कभी भी केंद्रीय एजेंसी को एक भी मामला नहीं सौंपा। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है, जिन मामलों को सौंपने की जरूरत है, उन्हें दिया जाएगा। जब मैं पहले मुख्यमंत्री था, तो मैंने सात मामले सीबीआई को दिए थे, लेकिन एक भी मामले में दोष सिद्धि नहीं हुई। इसका मतलब यह नहीं कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है। जद (स) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल महिलाओं के यौन शोषण के आरोप का सामना कर रहे हैं। इस मामले को लेकर राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है और सत्तारूढ़ कांग्रेस तथा भाजपा-जद(एस) आमने-सामने है।

### यौन उत्पीड़न मामला



● भाजपा कर रही सीबीआई से मामले की जांच कराने की मांग

### एसआईटी ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** प्रज्ज्वल पर लगे आरोपों की जांच कर रहे एसआईटी के अधिकारियों ने रविवार को कथित अश्लील वीडियो को प्रसारित करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार चेतन और लिकित गौड़ा को हासन से गिरफ्तार किया गया और वे भाजपा से कथित तौर पर जुड़े हैं। अधिकारियों ने दोनों के बयान दर्ज किए हैं।

### एसआईटी रेवन्ना को लाने नहीं जाएगी विदेश : परमेश्वर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि मामले की जांच कर रहा एसआईटी प्रज्ज्वल को वापस लाने के लिए विदेश नहीं जाएगा। उन्होंने नेताओं को मामले में बयान देने या ऐसी जानकारी साझा करने के प्रति भी आगाह किया, जो संवेदनशील है। ऐसा कहा जा रहा है कि प्रज्ज्वल कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे। परमेश्वर ने कहा कि ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया गया है और इंटरपोल जानकारी साझा करेगा।

### प्रज्ज्वल मामले की जांच पटरी से उतरी: बोम्मई


**बेंगलुरु।** कनार्टक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले में चल रही एसआईटी जांच के संबंध में रविवार को गंभीर आशंकाएं व्यक्त कीं और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई के हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया। बोम्मई ने हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े मामले में मुखबिरों की गिरफ्तारी और आरोपियों को पकड़ने में हो रही देरी का हवाला देते हुये एसआईटी के प्रबंधन की खुले तौर पर आलोचना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच की वर्तमान दिशा पटरी से उतर गई है और इसे तत्काल सीबीआई के अधिकार क्षेत्र में पुनर्निर्देशित करने की आवश्यकता है।

### विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहा निर्वाचन आयोग : कांग्रेस

# खरगे के हेलीकॉप्टर की ली गई तलाशी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को चुनाव अधिकारी निशाना बना रहे हैं और दावा किया कि बिहार के समस्तीपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की इजाजत दी जा रही है।



● चुनावी रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लगाए आरोप

● बोले- राजग नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की दी है इजाजत

खरगे ने शनिवार को बिहार के समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक वीडियो संदेश में दावा किया, केरल में राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई और अब बिहार के समस्तीपुर में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई है। पार्टी की बिहार इकाई के मुख्य प्रवक्ता राठौड़ ने कहा कि बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने खुद समस्तीपुर में खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। वीडियो में एक हेलीकॉप्टर के चारों ओर पुलिसकर्मी और अधिकारी दिखाई देते हैं। राठौड़ ने अपने वीडियो संदेश में कहा, निर्वाचन आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या कांग्रेस नेताओं के हेलीकॉप्टरों की ऐसी जांच नियमित है और अगर नियमित है तो क्या राजग के शीर्ष नेताओं की भी इसी तरह की जांच की गई है।

### विपक्ष के पत्र पर आयोग की प्रतिक्रिया अनुचित

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को लिखे गए पत्र पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया को अनुचित एवं अनचाही करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि खड़गे द्वारा उठाए गए सवालों पर आए चुनाव आयोग के इस पत्र की भाषा एक संवैधानिक संस्था से ज्यादा राजनीतिक दल की लग रही है।


## एक नजर

### रियासी में हथियार व गोला बारूद बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) सहित हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और विशेष अभियान समूह की संयुक्त टीम ने माहौर के कोट बुधन वन क्षेत्र में तलाशी शुरू की। सूत्रों ने बताया कि तलाशी के दौरान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के अलावा नौ आईईडी, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन, पिस्तौल की 20 गोलियां, एक किलो पाउडर विस्फोटक, एके-47 की 15 गोलियां, एके-47 के छह खोखे व अन्य सामान बरामद किया। उन्होंने कहा, इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### बांदीपोरा में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने बांदीपोरा में संयुक्त रूप से तलाश अभियान चलाया और इस दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पिस्तौल, पिस्तौल मैगजीन और राउंड सहित कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए है। इस सिलसिले में पेठकोटे थाना में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



वाराणसी में रविवार को गंगा सप्तमी उत्सव से पहले श्री काशी विश्वनाथ धाम को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। इस दौरान बाबा का स्वर्ण शिखर एक अलग ही आभा बिखेर रहा था। ● एजेंसी

## पीडीपी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर मुफ्ती ने की आयोग से हस्तक्षेप की मांग

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में मतदान से एक दिन पहले अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के कथित उत्पीड़न और गिरफ्तारी को रोकने के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप की मांग की।

श्रीनगर सीट से पीडीपी उम्मीदवार वहीद परा ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पर उन क्षेत्रों में कम मतदान के लिए निर्देश देने का आरोप लगाया है जहां पार्टी का मजबूत जनाधार है। मुफ्ती ने आयोग को लिखे पत्र में कहा कि, यह मेरे ध्यान में आया है कि केंद्र सरकार के नियंत्रण में राज्य प्रशासन, पीडीपी के मतदाताओं और समर्थकों को डराने-धमकाने की गतिविधियों में लगा हुआ है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में 1987 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दुखद है कि इतिहास खुद को दोहरा रहा है, जब धांधली के कारण इस क्षेत्र को गहरा नुकसान झेलना पड़ा था।

# दिल्ली के दो अस्पतालों और जयपुर हवाई अड्डे को फिर मिली बम विस्फोट की धमकी

नई दिल्ली/ जयपुर, एजेंसी

● पुलिस ने ई-मेल मिलने के बाद चलाया तलाशी अभियान

दिल्ली के दो अस्पतालों को ई-मेल के जरिये धमकी मिली है, जिसमें उनको बम विस्फोट से उड़ाने की बात कही गयी है। वहीं जयपुर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की रविवार को फिर धमकी मिली है।

उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त एम के मीणा ने कहा, बुराड़ी अस्पताल में बम की धमकी को लेकर ई-मेल मिला था। पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते की टीम अस्पताल की जांच कर रही हैं। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, संजय गांधी अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और अस्पताल की जांच शुरू कर दी है। वहीं जयपुर हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की रविवार को फिर धमकी मिली है। अपराह्न साढ़े तीन बजे ई-मेल से धमकी दी गई। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई और हवाई अड्डे पर तलाशी शुरू किया गया लेकिन हवाई अड्डे पर किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# अश्लील हरकतों से तंग आकर छह बच्चों ने की थी मौलाना की हत्या

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में रामगंज थाना क्षेत्र के कंचननगर दौराई स्थित मोहम्मदी मस्जिद के मौलाना माहिर हत्याकांड के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया। एसपी देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि इसमें 6 नाबालिग बच्चों की संलिप्तता सामने आई है जोकि मौलाना की अश्लील हरकतों से तंग आकर उनसे छुटकारा पाना चाहते थे। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की रिपोर्ट पर मदरसे के बच्चों ने पूछताछ में सच्चाई उगल दी। बच्चों ने बताया कि उन्होंने नींद की गोलियों को पीस कर रायते में मिलाया। 27 अप्रैल की रात को जब मौलाना सोने आया तो उनके सिर पर डंडा मारकर बेहोश कर दिया और फिर रस्सी से गला घोट दिया। इन्हीं बच्चों ने बाइक सवारों के मस्जिद में घुसने की झूठी कहानी गढ़ी। उनकी निशाना देही पर मौलाना का मोबाइल तथा रस्सी को भी बरामद की गई है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने संदेशखालि पुलिस स्टेशन पर किया प्रदर्शन

**संदेशखालि (प. बंगाल)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को संदेशखालि पुलिस थाने के समक्ष प्रदर्शन किया और डकैती के झूठे मामले में गिरफ्तार एक कार्यकर्ता की रिहाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए वीडियो जारी किये जाने का भी विरोध किया।

भाजपा की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार रेखा पात्रा ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कथित गुंडों की गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए प्रसारित किए जा रहे कई वीडियो को लेकर पुलिस सक्रियता नहीं दिखा रही है।

# 50 फीसद से ज्यादा वोट हासिल करने पर ही नोटा असरदार: पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

● कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापसी के बाद नोटा को लेकर छिड़ी बहस

मौजूदा हालात में नोटा को प्रतीकात्मक करार देते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा है कि किसी सीट पर नोटा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने के बाद ही मतदान के इस विकल्प को चुनाव परिणाम पर कानूनी रूप से असरदार बनाने के बारे में सोचा जा सकता है।

इंदौर लोकसभा सीट पर 13 मई (सोमवार) को होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा मतदाताओं से नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) को वोट देने की अपील के बाद मतदान के इस विकल्प को लेकर फिर बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 29 अप्रैल को अपना पर्चा वापस ले लिया और वह इसके तुरंत बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। नतीजतन इस सीट के 72 साल के इतिहास में कांग्रेस पहली बार चुनावी दौड़ में नहीं है।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त रावत ने रविवार को कहा, वर्तमान स्थिति में नोटा एक प्रतीक की तरह है और यह किसी सीट के चुनाव परिणाम पर कोई भी असर नहीं डाल सकता। उन्होंने इसे विस्तार से समझाते हुए कहा, अगर किसी चुनाव में 100 में 99 वोट नोटा को मिल जाएं और किसी अन्य उम्मीदवार को महज एक वोट मिल जाए, तब भी नोटा नहीं, बल्कि यह उम्मीदवार ही विजेता घोषित किया जाएगा। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, एक बार मतदाताओं को किसी सीट पर नोटा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट देकर राजनीतिक जमात को दिखाना पड़ेगा कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों या अन्य अप्रिय प्रत्याशियों को अपने मत के लायक नहीं समझते हैं। इसके बाद ही संसद व चुनाव आयोग पर दबाव बढ़ेगा और उन्हें सोचना पड़ेगा कि नोटा को चुनाव परिणाम पर प्रभावकारी बनाने के लिए कानूनों में बदलाव किया जाए।

## राजस्थान में 107 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन मुंबई पुलिस ने की जब्त

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने रविवार को राजस्थान के जोधपुर में मादक पदार्थ बनाने वाली इकाई का भंडाफोड़ कर 107 करोड़ की मेफेड्रोन जब्त की।

पुलिस के अनुसार उन्होंने पिछले साल दिसंबर में मुंबई में तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सिंथेटिक उत्तेजक मेफेड्रोन के साथ दो लोगों को पकड़ा था। जांच में पता चला कि दोनों को जोधपुर में दवा निर्माण इकाई चलाने वाले व्यक्ति से यह मादक पदार्थ मिला था। पुलिस ने जोधपुर में उस व्यक्ति के परिसर पर छापा मारा। फैक्ट्री से 107 करोड़ की मेफेड्रोन के अलावा उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाला माल भी जब्त किया। सभी तीन व्यक्तियों पर कड़े स्वापक औषधि एवं एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कारोबार/कृषि

## एफपीआई ने शेयरों से 17,000 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने चालू माह मई के पहले 10 दिन में भारतीय शेयर बाजारों से 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच ऊंचे मूल्यांकन और मुनाफा काटने के लिए विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों से निकासी कर रहे हैं।

पिछले अप्रैल महीने मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से एफपीआई ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। आम चुनाव के बाद भारतीय कंपनियों के मजबूत वित्तीय नतीजों की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में निवेश बढ़ाएंगे।

# देश का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़ा

## गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने और ढुलाई की लागत कम होने से आया आयात में इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतें घटने और गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना के चलते बीते वित्त वर्ष (2023-24) में भारत का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन पर पहुंच गया है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 24.90 करोड़ टन कोयला का आयात था। मार्च, 2024 में भी भारत का कोयला आयात बढ़ा है। यह पिछले साल के समान महीने के 2.11 करोड़ टन से बढ़कर 2.39 करोड़ टन पर पहुंच गया है। मार्च में आयातित कुल कोयले में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.53 करोड़ टन रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में यह 1.38 करोड़ टन था। मार्च में कोकिंग कोयले का आयात 53.4 लाख टन रहा, जो इससे पिछले साल के समान महीने में 39.6 लाख टन था। बीते वित्त वर्ष में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 17.59 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 16.24 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 2023-24 में 5.72 करोड़ टन रहा, जबकि 2022-23 में 5.44 करोड़ टन रहा था।



● गत वित्त वर्ष में 24.90 करोड़ टन कोयले का किया गया था आयात

एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा, समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में नरमी और गर्मियों के सीजन में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना से देश का कोयला आयात बढ़ा है। हालांकि, घरेलू बाजार में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए यह देखने वाली बात होगी कि आगामी महीनों में कोयले का आयात मजबूत रहता है या नहीं।

### कपड़ा निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही सरकार



**नई दिल्ली।** सरकार कपड़ा निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। बीते वित्त वर्ष (2023-24) में लगातार दूसरे साल कपड़ा निर्यात में गिरावट आई है। इसके बाद सरकार ने निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का फैसला किया है। कपड़ा सचिव रचना शाह ने यह बात कही है। सरकार ने 2030 तक कपड़ा उत्पादों के निर्यात को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के बीच भारत का कुल कपड़ा और परिधान निर्यात 3 .24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34 .4 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 35 .5 अरब डॉलर का था। वित्त वर्ष 2021-22 में कपड़ा और परिधान निर्यात 41 अरब डॉलर से अधिक रहा था। कपड़ा सचिव शाह ने कहा, 2023-24 में भारत के कपड़ा निर्यात में गिरावट की एक बड़ी वजह लाल सागर संकट था। हालांकि, भू-राजनीतिक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। कपड़ा सचिव ने कहा कि कुछ निर्यातकों ने पहली तिमाही में अपनी ऑर्डर बुक में सुधार की सूचना दी है और आने वाले महीनों में निर्यात में सुधार होने की संभावना है। शाह ने बताया, हम उन उत्पादों पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे जिनमें निर्यात की अधिक संभावना है और हमारी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना वैश्विक स्तर पर कारोबार वाले उत्पादों पर केंद्रित है।

# बड़ी कंपनियों ने अप्रैल में 50,200 करोड़ का किया पूंजीगत व्यय

नई दिल्ली, एजेंसी

● पूंजीगत व्यय में रेलवे, सड़क, तेल और गैस क्षेत्रों का रहा प्रमुख योगदान

सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने यानी अप्रैल में अकेले 50,200 करोड़ रुपये से कुछ अधिक का पूंजीगत व्यय किया है। यह 2024-25 के 7.77 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 6.46 प्रतिशत है। हालांकि, यह पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में खर्च की गई 54,177 करोड़ रुपये की राशि से कम है। पिछले वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 7.42 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह अप्रैल में सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों का पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 7.3 प्रतिशत रहा था। एक अधिकारी ने कहा, अप्रैल के आंकड़े अभी अस्थायी हैं और संशोधित अंतिम आंकड़ों में यह बढ़ जाएगा।

वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने के दौरान पूंजीगत व्यय में प्रमुख योगदान रेलवे, सड़क, तेल और गैस क्षेत्रों का रहा है। भारतीय रेलवे और क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने अप्रैल में 26,641 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 6,645 करोड़ रुपये खर्च किए। तेल और गैस क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में, ओएनजीसी ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में 2,318 करोड़ रुपये, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 2,423 करोड़ रुपये खर्च किए। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने अप्रैल में क्रमशः 1,155 करोड़ रुपये और 417 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया। बिजली क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी ने 2,083 करोड़ रुपये खर्च किये। वित्त मंत्रालय उन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के पूंजीगत व्यय पर नजर रखता है जिनका वार्षिक निवेश लक्ष्य 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

# बीपीसीएल, एचपीसीएल और आईओसी ने कमाया 81,000 करोड़ का रिकॉर्ड मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि.(एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) ने बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 81,000 करोड़ का बंपर मुनाफा दर्ज किया है। यह तेल-संकट के पूर्व के वर्षों की उनकी सालाना कमाई से कहीं अधिक है।



● तेल-संकट के पहले के वर्षों की सालाना कमाई से कहीं अधिक

अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के दौरान आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल का सामूहिक रूप से एकल शुद्ध लाभ तेल संकट से पहले के वर्षों में उनकी 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर रहा है। तीनों कंपनियों ने 2023-24 में एकल और एकीकृत आधार पर अपना सबसे ऊंचा मुनाफा कमाया है। आईओसी ने 2023-24 में 39,618.84 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है। इसकी तुलना में 2022-23 में उसका एकल शुद्ध लाभ 8,241.82 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी यह दलील दे सकती है कि 2022-23 का उसका नतीजा तेल संकट से प्रभावित हुआ था। लेकिन संकट से पहले के वर्षों से तुलना की जाए, तो भी कंपनी का मुनाफा बेहतर रहा है। शेयर बाजारों को दी गई सूचना के अनुसार, एचपीसीएल का 2023-24 में शुद्ध मुनाफा 14,693.83 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 8,974.03 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

## सीएनजी कारों की बिक्री 30 % बढ़ाएगी मारुति

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी सीएनजी कारों की बिक्री 30% से अधिक बढ़कर छह लाख इकाई पर पहुंच जाएगी। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में तीन लाख इकाई निर्यात करने का लक्ष्य तय किया है।

मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा कि सीएनजी में इस साल हमने यात्री वाहनों की 4.5 लाख इकाइयां बनाईं। 2024-25 में ये आंकड़ा छह लाख वाहनों का होगा। हरियाणा स्थित मानेसर संयंत्र में सालाना एक लाख इकाई के क्षमता विस्तार से काफी हद तक अर्टिगा की आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 449 परियोजनाओं की लागत 5.01 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ या इससे अधिक के खर्च वाली 449 परियोजनाओं की लागत मार्च, 2024 में तय अनुमान से 5.01 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से परियोजनाओं की लागत बढ़ी है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मार्च, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,873 परियोजनाओं में से 449 की लागत बढ़ गई है, जबकि 779 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,873 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 26,87,535.69 करोड़ थी लेकिन अब इसके बढ़कर 31,88,859.02 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 18.65 प्रतिशत यानी 5,01,323.33 करोड़ रुपये बढ़ गई है। इन परियोजनाओं पर 17,11,648.99 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 53.68 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समय सीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रहीं परियोजनाओं की संख्या कम होकर 567 पर आ जाएगी।



● देर और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत में आया इजाफा : सांख्यिकी मंत्रालय

## नए संयंत्र में 4,500 करोड़ का निवेश करेगी कुबोटा

**नई दिल्ली।** कृषि और निर्माण उपकरण विनिर्माता एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने अगले तीन से चार साल में नए संयंत्र में 4,500 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना बनाई है।

कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी भरत मदान ने बताया कि नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए यह निवेश किया जाएगा। कंपनी इस समय घिलोठ में एक जगह के लिए राजस्थान सरकार के साथ बातचीत कर रही है। यहां वह अपनी घरेलू ट्रैक्टर उत्पादन क्षमता को सालाना 3.4 लाख इकाई तक दोगुना करने के लिए एक अत्याधुनिक संयंत्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाश रही है।

IPL
मुरादाबाद, सोमवार, 13 मई 2024
www.amritvichar.com
# आईपीएल
अमृत विचार




## आज का मुकाबला
गुजरात टाइटंस
बनाम
कोलकाता नाइटराइडर्स
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## अदिति ने 71 का कार्ड खेला, 39वें स्थान पर



**क्लिफ्टन (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर कोग्निजांट फाउंडर्स कप के तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 39वें स्थान पर बनी हुई हैं। अदिति ने तीसरे दौर में पांच बर्डी लगायी जबकि चार बोगी कर बैठीं। इससे पहले उन्होंने दो दौर में 75 और 76 के कार्ड खेले थे। इससे 54 होल में उनका कुल एक अंडर 215 का है।

# प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके

## राजस्थान को पांच विकेट से हराया, ऋतुराज ने खेली 42 रन की नाबाद पारी

चेन्नई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (42) रनों की धैर्यपूर्ण पारी और सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांड की शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 61वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ही चेन्नई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में आर अश्विन ने अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर रचिन रविंद्र 18 गेंदों में (27) को आउटकर राजस्थान को पहली सफलता दिलाई। आठवें ओवर में युजवेंद्र चहल ने डैरिल मिचेल 13 गेंदों में (22) रन को पगबाधा कर आउट किया। मोईन अली (10), शिवम दुबे (18) बनाकर आउट हुये। 16वें ओवर में रवींद्र जडेजा (5) को क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने पर आउट करार दिया गया। ऋतुराज गायकवाड़ कप्तानी पारी खेलते हुए 41 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (42) रन बनाये। समीर रिजवी आठ गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। राजस्थान की ओर से रवि अश्विन ने दो विकेट लिये। नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग नाबाद (47) और ध्रुव जुरेल (28) रनों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 142 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी जयसवाल और जॉस बटलर की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। सातवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों यशस्वी जयसवाल को कैच आउट कराकर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। इसके बाद नौवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने जॉस बटलर को भी पवेलियन भेज दिया। बटलर ने 25 गेंदों में 21 रन बनाये। कप्तान संजू सैमसन (15) और ध्रुव जुरेल (28) रन बनाकर आउट हुये। जुरेल ने अपनी पारी में एक चौका और दो छक्के लगाये। रियान पराग ने 35 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद सर्वाधिक (47) रनों की पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 141 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने तीन विकेट लिये। तुषार देशपांडे को दो विकेट मिले।



पारी के दौरान कप्तान ऋतुराज और डिरेल मिचेल। ● एजेंसी

### ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड से आउट हुए जडेजा

आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई के मैच में चेन्नई के बल्लेबाज रवींद्र जडेदा को ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड का नियम के तहत आउट दे दिया गया। इसके बाद जडेजा काफी गुस्से में मैदान से बाहर गए। 16वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जडेजा ने आवेश खान की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को थर्ड मैन की तरफ खेला। जडेजा ने एक रन ले लिया था और वह दूसरा रन लेना चाहते थे, लेकिन गायकवाड़ ने उन्हें वापस भेज दिया। इसी बीच राजस्थान के फील्डर ने विकेटकीपर संजू सैमसन को गेंद दी और संजू ने नॉन स्ट्राइकर छोर पर थ्रो किया। लेकिन तभी जडेजा वापस क्रीज पर जाने को पलटे और थ्रो के बीच में आ गए। राजस्थान ने ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड का नियम की अपील की और थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

**राजस्थान 141/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त: 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का गायकवाड़ बो सिमरजीत | 24 | 21 | 3/1 |
| जोस बटलर का देशपांडे बो सिमरजीत | 21 | 25 | 2/0 |
| संजू सैमसन का गायकवाड बो सिमरजीत | 15 | 19 | 0/0 |
| रियान पराग नाबाद | 47 | 35 | 1/3 |
| ध्रुव जुरेल का ठाकुर बो देशपांडे | 28 | 18 | 1/2 |
| शुभम दुबे का शिवम दुबे बो देशपांडे | 0 | 1 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषार देशपांडे 4-0-30-2, महीश तीक्ष्णा 4-0-28-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-32-0, सिमरजीत सिंह 4-0-26-3, रविंद्र जडेजा 4-0-24-0

**चेन्नई 145/5** — 18.2 ओवर, अतिरिक्त: 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का एवं अश्विन | 27 | 18 | 1/2 |
| रूतुराज गायकवाड नाबाद | 42 | 41 | 1/2 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा बो चहल | 22 | 13 | 4/0 |
| मोईन अली का आवेश खान बो बर्गर | 10 | 13 | 0/0 |
| शिवम दुबे का पराग बो अश्विन | 18 | 11 | 2/1 |
| जडेजा (क्षेत्ररक्षण में बाधा के लिए आउट) | 5 | 7 | 0/0 |
| समीर रिज्वी नाबाद | 15 | 8 | 3/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 2.2-0-24-0, संदीप शर्मा 3-0-30-0, आर अश्विन 4-0-35-2, नांद्रे बर्गर 3-0-21-1, युजवेंद्र चहल 4-0-22-1, आवेश खान 2-0-12-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 12 | 9 | 3 | 18 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | +0.387 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 | -0.482 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |

## खेल डायरी

### 1500 मीटर दौड़ में दीक्षा ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि अविनाश साबले पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। दीक्षा ने शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। दीक्षा ने हरमिलन बैंस का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2021 में वारंगल में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 5.39 सेकंड के समय के साथ रिकॉर्ड बनाया था। उत्तर प्रदेश के अमरोहा की रहने वाली दीक्षा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 मिनट 6.07 सेकंड था जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर में एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हासिल किया था।

### प्रणवी संयुक्त सातवें स्थान पर रही

**सियोल।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स बैक नाइन में तीन बर्डी लगाकर 69 के कार्ड से अरामको टीम सीरीज कोरिया में शीर्ष 10 में शामिल रही। प्रणवी ने 69, 77 और 69 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक अंडर 215 का रहा। वह संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं। मैसुरु की इस गोल्कर का यह इस सत्र में छह शुरूआत में दूसरा शीर्ष 10 का प्रदर्शन रहा। अन्य दो भारतीयों में ओलंपिक जाने वाली टीम में शामिल दीक्षा डागर (79-72-71) छह ओवर के कुल स्कोर से संयुक्त 37वें स्थान और वाणी कपूर (77-74-77) संयुक्त 60वें स्थान पर रहीं।

### आचार संहिता उल्लंघन में रमनदीप पर जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर रमनदीप सिंह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया। उन्होंने अपना अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

### कॉलेजिएट दौड़ में परवेज खान ने जीता खिताब



**लुइसियाना।** भारत के परवेज खान ने कॉलेजिएट एथलेटिक्स प्रतियोगिता एसईसी आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 1500 मीटर का खिताब अपने नाम किया। अमेरिका के लुइसियाना प्रांत में साउथईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में परवेज खान ने अंतिम चरण में बढ़त बनाई और बैटन रूज के एलएसयू बर्नी मूर स्टेडियम में दौड़ जीतने के लिए तीन मिनट और 42.73 सेकेंड का समय लिया। इस दौरान अमेरिका के मैक्स हार्डिन (3:43.39) दूसरे स्थान तथा डाल्टन हेंगस्ट ने (3:43.51) समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। परवेज फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप पर अमेरिका में हैं। इसके बाद दिन में, 19 वर्षीय परवेज खान ने 800 मीटर में प्रतिस्पर्धा की और 1:46.80 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सैम व्हिटमर्श ने 800 मीटर की दौड़ 1:45.27 के समय के साथ जीती, वह अनास एस्साई से आगे रहे, जिन्होंने 1:46.06 का समय निकाला।

### हार के बाद भी तीसरे स्थान पर बरकरार प्रज्ञाननंदा

**वारसॉ।** भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर एक और जीत दर्ज की लेकिन वह सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अब भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है। इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है। भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं, जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज्सटोफ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव 12.5 के साथ छठे स्थान पर हैं। वहीं, विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह 1,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में 9.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।



## चोट के बावजूद पूरे मैच में खेले लियोनेल मेसी

**मॉन्ट्रियल।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पहले हाफ में चोटिल होने के बावजूद इंटर मियामी की तरफ से मेजर सॉकर लीग के पूरे मैच में खेले जिसमें उनकी टीम ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इंटर मियामी की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मेजर सॉकर लीग के इस सत्र में नौ मैच में यह पहला अवसर है जबकि मेसी ने कोई गोल नहीं किया या गोल करने में मदद नहीं की। कनाडा में पहली बार खेल रहे मेसी का बायें घुटने में पहले हाफ में खेल के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने जमीन पर लेटकर अपना घुटना पकड़ रखा था। इसके बाद मेडिकल स्टाफ ने 2 मिनट तक उनका उपचार किया। वह कुछ समय के लिए मैदान से बाहर निकले लेकिन दर्द के बावजूद जल्द ही वापस मैदान पर लौट आए। मॉन्ट्रियल ने जूल्स एंथनी विल्सेंट और ब्राइस ड्यूक के गोल की मदद से एक समय 2-0 की बढ़त बना रखी थी। इंटर मियामी ने इसके बाद शानदार वापसी की। उसकी तरफ से बेंजामिन क्रेमास्ची, लुई सुआरेज और मैटियास रोजास ने गोल किए।

# गुजरात के सामने केकेआर की चुनौती

अहमदाबाद, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आज आईपीएल मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह आईपीएल में उनका चौथा शतक था। उनके अलावा साईं सुदर्शन ने भी शतक लगाया। प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम केकेआर के खिलाफ इन दोनों का प्रदर्शन टाइटंस के लिए काफी मायने रखेगा। अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं। राजस्थान रॉयल्स (16) और सनराइजर्स हैदराबाद (14) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल और लखनऊ सुपरजाइंट्स के समान 12 अंक हैं। टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 10 अंक हैं और वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। टाइटंस का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और ऐसे में अगर टीम अंतिम चार में जगह बनाती है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा।

जहां तक केकेआर का सवाल है तो वह शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगी। उसे चोटी की दो टीम में बने रहने के लिए बाकी बचे दो मैच में केवल एक जीत की जरूरत है। टाइटंस ने केकेआर के खिलाफ पिछले तीन मुकाबलों में से दो में जीती है लेकिन वह किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता है क्योंकि पिछले साल रिंकू ने अंतिम ओवर में यश पर लगातार पांच छक्के जड़कर केकेआर को जीत दिलाई थी।




## ओलंपिक चयन ट्रायल में ईशा और अनीष को मिली दूसरी जीत

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने रविवार को यहां क्रमशः महिला 25 मीटर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल के ट्रायल जीतकर ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की। अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी।

मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में 43 अंक जुटाए। उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है। मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि रिद्धम सांगवान ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत कौर बरार और अभिदन्या पाटिल ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। पुरुष रेपिड फायर पिस्टल फाइनल में अनीष ने दबदबा बनाया। उन्होंने पांच निशानों की शुरुआती तीन सीरीज में सभी सटीक निशाने लगाए। उन्होंने 36 अंक के साथ खिताब जीता। विजयवीर सिद्धू 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अंकुर गोयल ने 19 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। आदर्श सिंह और भावेश शेखावत क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।





## जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

**मीरपुर।** ब्रायन बेनेट (70) के हरफनमौला प्रदर्शन और सिकंदर रजा के नाबाद 72 रन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने एकतरफा अंदाज में बांग्लादेश को पांचवें टी-20 मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया है। टी-20 विश्वकप 2024 के शुरु होने से पहले सभी टीमों द्वारा की जा रही अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के मद्देजनर बांग्लादेश पहुंची जिम्बाब्वे की टीम पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के शुरुआती चार मुकाबलों में मिली हार के साथ श्रृंखला भी गवां चुकी थी।

ऐसे में आज खेले गए सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को उलटफेर का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रनों का स्कोर बनाया था। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट और कप्तान सिकंदर रजा ने दूसरे विकेट के लिए 75 रनों की। ब्रायन बेनेट ने 70 सिकंदर रजा ने नाबाद 72 रनों की पारी खेलकर मुकाबला जीत लिया।

## ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना होगा: सिंह

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सभी मैच गंवाने के बावजूद उनकी टीम उन क्षेत्रों की पहचान करने में सफल रही जिनमें सुधार की जरूरत है तथा वह प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए तैयार है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था जिससे इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उसकी तैयारी पर सवाल उठने लगे थे, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि टीम ने काफी कड़ी मेहनत की है और टीम का मनोबल काफी ऊंचा है। हॉकी इंडिया के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा हम कड़ा अभ्यास कर रहे हैं और अभी इसके अंतिम चरण में है। ऑस्ट्रेलिया के दौरे के बाद टीम ने उन क्षेत्रों पर काम किया जिनमें उसे लगा कि सुधार करने की जरूरत है। हम जल्द ही प्रो लीग के कुछ महत्वपूर्ण मैच खेलने के लिए यूरोप जाएंगे जहां हमारा सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन जैसी मजबूत टीमों से होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए 75 दिन ही बचे हुए हैं तब हम अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहने पर काम कर रहे हैं।



**75** दिन ही बचे हुए हैं पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारियों में जुटी हॉकी इंडिया की टीम

## द. अफ्रीका के खिलाफ कई संयोजन आजमाने का मिला मौका : सलीमा



**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम की नवनियुक्त कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की श्रृंखला में टीम को कई संयोजन आजमाने और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली जिनमें सुधार की जरूरत है। पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम की सदस्य रही 22 वर्षीय सलीमा को इस महीने के शुरू में सविता पूनिया की जगह टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। टीम ने उनकी अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला 4-2 से जीती। हॉकी इंडिया के अनुसार सलीमा ने कहा इस श्रृंखला से हमें कई संयोजन आजमाने का मौका मिला। इसमें हमने प्रो लीग के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों को आजमाया। इस सामूहिक प्रयास से हमें न सिर्फ अपने समन्वय को मजबूत करने में मदद मिली इससे हमें टीम के सभी पहलुओं को समझने का मौका भी मिला। सलीमा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिलाड़ियों को भी सीखने का मौका मिला।

# आरसीबी ने दिल्ली को 47 रन से हराया



अक्षर पटेल का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते विराट और यश दयाल। ● एजेंसी



बेंगलुरु, एजेंसी

- **आरसीबी को मिली लगातार पांचवीं जीत दिल्ली पर जीत से मजबूत हुई प्ले आफ की आस**
- **रजत ने लगाया अर्द्धशतक, यश दयाल ने चटकाए तीन विकेट**

रजत पाटीदार (52), विल जैक्स (41) और कैमरन ग्रीन नाबाद (32) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को आईपीएल के 62वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से हरा दिया है।

आरसीबी ने लगातार पांचवीं जीत हासिल करते हुए अपने को प्लेऑफ की दौड़ में बनाये रखा है। 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर (1) का विकेट गवां दिया। इसके बाद तीसरे ही ओवर में अभिषेक पोरेल (2) रनआउट होकर पवेलियन लौट गये। जेक फ्रेजर-मक्गार्क और शे होप ने पारी को संभालने का प्रयास किया। तीसरे ही ओवर में जेक फ्रेजर भी आउट हो गए। उन्होंने आठ गेंदों में 21 रन बनाये। कुमार कुशाग्र (2), ट्रिस्टन स्टब्स (3), रसिख सलाम (10) और मुकेश कुमार (3) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान अक्षर पटेल ने 39 गेंदों में सर्वाधिक (57) रनों की पारी खेली। आखिरी विकेट के रूप में कुलदीप यादव छह रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली की पूरी टीम 19.1 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। बेंगलुरु की ओर से यश दयाल को तीन विकेट मिले। लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और मोहम्मद सिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 188 रनों का लक्ष्य दिया था। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में अक्षर पटेल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंआरसीबी की शुरुआत खबरा रही और उसने तीसरे ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी (6) का विकेट गवां दिया। उन्हें मुकेश कुमार ने आउट किया। चौथे ओवर में विराट कोहली भी पेवलियन लौट गये। विराट कोहली ने 13 गेंदों में 27 रनों की पारी खेली। इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार के बीच तीसरे विकेट लिए 88 रनों की साझेदारी हुई। विल जैस ने 41 रन बनाए। रजत पाटीदार ने 52 रनों की पारी खेली कैमरन ग्रीन ने 24 गेंदों में नाबाद (32) रनों की पारी खेली।

**बेंगलुरू 187/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त: 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का पोरेल बो इशांत | 27 | 13 | 1/3 |
| डु प्लेसी का फ्रेजर मैकगर्क बो मुकेश | 6 | 7 | 1/0 |
| विल जैक्स का अक्षर बो कुलदीप | 4 | 29 | 3/2 |
| रजत पाटीदार का अक्षर बो रसिख | 52 | 32 | 3/3 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 32 | 24 | 1/2 |
| महिपाल लोमरोर का पोरेल बो खलील | 13 | 8 | 0/1 |
| दिनेश कार्तिक का कुलदीप बो खलील | 0 | 2 | 0/0 |
| स्वप्निल सिंह का कुशाग्र बो रसिख | 0 | 1 | 0/0 |
| कर्ण शर्मा रन आउट | 6 | 4 | 1/0 |
| मोहम्मद सिराज रन आउट | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** इशांत 3-0-31-1, खलील 4-0-31-2, मुकेश 3-023-1, अक्षर 3-0-24-0, कुलदीप 4-0-52-1, रसिख 3-0-23-2

**दिल्ली 140/10** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त: 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वार्नर का जैक्स बो स्वप्निल | 1 | 2 | 0/0 |
| जेक फ्रेजर मैकगर्क रन आउट | 21 | 8 | 2/2 |
| अभिषेक पोरेल का फर्ग्युसन बो दयाल | 2 | 3 | 0/0 |
| शाई होप का कर्ण बो फर्ग्युसन | 29 | 23 | 4/0 |
| कुमार कुशाग्र पगबाधा बो सिराज | 2 | 3 | 0/0 |
| अक्षर पटेल का डु प्लेसी बो दयाल | 57 | 39 | 5/3 |
| ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट | 3 | 4 | 0/0 |
| रसिख सलाम का जैक्स बो ग्रीन | 10 | 12 | 1/0 |
| कुलदीप यादव बो दयाल | 6 | 10 | 0/0 |
| मुकेश कुमार का लोमरोर बो फर्ग्युसन | 3 | 7 | 0/0 |
| इशांत शर्मा नाबाद | 0 | 4 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल 1-0-9-1, सिराज 4-0-33-1, दयाल 3.1-0-20-3, कर्ण 2-0-19-0, फर्ग्युसन 4-0-23-2, ग्रीन 4-0-19-1, जैक्स 1-0-16-0

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



अमृतसर में मदर्स डे पर हिंदू देवी महा मरियम्मन (शीतला माता) के सम्मान में निकाले गए जुलूस के दौरान एक भक्त अपनी नंगी पीठ पर रस्सियों से बंधी कार खींचता हुआ। • एजेंसी

## सुअर की किडनी लगवाने वाले व्यक्ति की दो माह बाद मौत

**बोस्टन।** आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर की किडनी शरीर में लगवाने वाले पहले व्यक्ति की मौत हो गई है। ऑपरेशन के लगभग दो महीने बाद उसकी मौत हुई है। सर्जरी करने वाले अस्पताल का कहना है कि इस बात का संकेत नहीं मिला है कि सुअर की किडनी लगवाने से व्यक्ति की मौत हुई है।

62 साल के रिचर्ड रिक स्लेमैन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था। सर्जनों ने कहा कि उनका मानना है कि सुअर की किडनी कम से कम दो साल तक चलेगी। ट्रांसप्लांट करने वाली टीम ने एक बयान में कहा कि स्लेमैन के निधन से वे बहुत दुखी हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते है। रिचर्ड रिक स्लेमैन इस प्रक्रिया को अपनाने वाले पहले जीवित व्यक्ति थे।

# केवाईसी अपडेशन के नाम पर बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी से रहें सावधान

भारतीय रिजर्व बैंक ने बार-बार लोगों को केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी दी है। केवाईसी अपडेट की आड़ में ग्राहकों को धोखा देने की लगातार घटनाओं को देखते हुए, आरबीआई ने सतर्कता और सावधानी के महत्व पर जोर दिया है। हाल ही में, आरबीआई ने लोगों से आग्रह किया कि वे सावधानी बरतें और नुकसान से बचने और खुद को ऐसी धोखाधड़ी से बचाने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें।




### क्या है केवाईसी अपडेट धोखाधड़ी

आमतौर पर, इस तरह की धोखाधड़ी में लोगों को अनजान नंबरों से फोन कॉल, एसएमएस या ईमेल आते हैं जिनमें उनसे उनकी व्यक्तिगत जानकारी, खाते या लॉगिन की जानकारी देने के लिए कहा जाता है। कभी-कभी उन्हें लिंक देकर कोई ऐप डाउनलोड करने के लिए भी मजबूर किया जाता है। धोखेबाज अक्सर जल्दबाजी में फैसला करवाने की कोशिश करते हैं। वे यह कहते हैं कि अगर आप तुरंत जानकारी नहीं देते हैं तो आपका खाता बंद कर दिया जाएगा या रोक दिया जाएगा। अगर आप गलती से अपनी जानकारी दे देते हैं तो धोखेबाज आपके खाते तक पहुंच सकते हैं।

### क्या करें:

- केवाईसी अपडेट के लिए किसी भी अनुरोध को प्राप्त करने पर, सीधे अपने बैंक या वित्तीय संस्थान से सत्यापन या सहायता के लिए संपर्क करें।
- बैंक या वित्तीय संस्थान का संपर्क नंबर या ग्राहक सेवा फोन नंबर केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट या स्रोतों से प्राप्त करें।
- किसी भी साइबर धोखाधड़ी की घटना में तुरंत अपने बैंक या वित्तीय संस्थान को सूचित करें।
- विवरण अपडेट करने के लिए उपलब्ध मोड या विकल्पों के बारे में अपनी बैंक शाखा से पूछें।

### क्या न करें:

- खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड या ओटीपी किसी के साथ शेयर न करें।
- किसी अनजान व्यक्ति या संस्था को अपने केवाईसी दस्तावेजों की कॉपी देने से बचें।
- किसी भी असत्यापित या अनधिकृत वेबसाइट या ऐप पर अपनी कोई भी संवेदनशील डेटा या जानकारी न दें।
- मोबाइल संदेशों या ईमेल में प्राप्त संदिग्ध या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें।

## एक नजर

### मेक्सिको-ग्वाटेमाला सीमा पर आया 6.4 तीव्रता का भूकंप

**तापचूला।** मेक्सिको और ग्वाटेमाला की सीमा पर रविवार तड़के भूकंप का जबरदस्त झटका महसूस किया गया, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गये। मेक्सिको के सीमावर्ती शहर सुचियाटे के निकट सुबह लगभग छह बजे भूकंप का झटका महसूस किये गये। समाचार लिखे जाने तक भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन सीमा के निकट पहाड़ी और दूरदराज के हिस्सों में भूस्खलन का खतरा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.4 थी और केंद्र जमीन से 47 मील की (75 किलोमीटर) गहराई में स्थित था।

### 29वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर अपना रिकॉर्ड तोड़ा

**काठमांडू।** नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 29वीं बार चढ़ाई की। इस तरह उन्होंने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया। पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग के अनुसार अनुभवी पर्वतारोही शेरपा (54) रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। नेपाल के सेवन समिट ट्रेक्स के एक वरिष्ठ अधिकारी थानी गुरगैन ने बताया कि सेवन समिट ट्रेक्स ने इस पर्वतारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया था और इसमें 20 पर्वतारोही शामिल हुए थे।

### रूस में इमारत ढहने से सात की मौत, 12 से अधिक घायल

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोड शहर में रविवार को एक अपार्टमेंट की इमारत ढहने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी और 12 से अधिक लोग घायल हो गये। मैश टेलीग्राम चैनल ने यह जानकारी दी। हादसे में घायल लोगों में से कुछ की हालत गंभीर है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। स्पूतनिक समाचार एजेंसी ने आपातकालीन सेवाओं के एक प्रतिनिधि के हवाले से बताया कि आपातकालीन सेवा कर्मियों को राहत एवं बचाव के लिए हादसे वाली जगह पर भेजा गया है। रूस ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन की गोलाबारी की वजह से यह इमारत ढह गयी, यूक्रेनी अधिकारियों ने हालांकि इस पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

# निज्जर हत्या मामले में कनाडा में चौथा भारतीय नागरिक गिरफ्तार

## खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

- अमनदीप सिंह (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप
- अलगाववादी समूहों की मौजूदगी पर भारत जताता रहा है आपत्ति

वाशिंगटन/ओटावा, एजेंसी

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के अधिकारियों ने एक और भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। दोनों देशों के संबंधों में तनाव की वजह बने इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों की संख्या चार हो गई है। कनाडा के सरे निवासी अमनदीप सिंह (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं। निज्जर (45) की 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी।

कनाडाई पुलिस की इंटीग्रेटेड होमिसाइड इंवेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने बताया कि निज्जर की हत्या में सिंह की भूमिका के लिए उसे 11 मई को गिरफ्तार किया गया। वह एक अन्य मामले में पील क्षेत्रीय पुलिस की हिरासत में था। आईएचआईटी के प्रभारी अधिकारी मनदीप मूकर ने कहा कि यह गिरफ्तारी निज्जर की हत्या में भूमिका निभाने वालों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जारी हमारी जांच की प्रकृति को दर्शाती है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि आईएचआईटी ने सबूत एकत्रित किए और अमनदीप सिंह पर हत्या और हत्या की साजिश के आरोपों के समर्थन में पर्याप्त सूचना प्राप्त की। जांचकर्ताओं ने कहा कि जांच जारी रहने और अदालती प्रक्रियाओं के कारण इस मामले में गिरफ्तारी की और कोई जानकारी नहीं दी जा सकती है।

### निज्जर की हत्या में पहले ही तीन लोग हो चुके गिरफ्तार

आईएचआईटी के जांचकर्ताओं ने इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों – करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) को तीन मई को गिरफ्तार किया था। ये तीनों आरोपी एडमॉन्टन के रहने वाले हैं और उन पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पिछले साल सितंबर में निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए थे जिसके बाद से भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में तनाव है। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज किया है। कनाडा में सिख अलगाववादी समूहों की मौजूदगी पर भारत लंबे समय से आपत्ति जताता रहा है। उसने निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा था कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है।



### गोली चलाने वाले दो लोगों में से एक अमनदीप

मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र के हवाले से ग्लोबल न्यूज ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि निज्जर पर गोली चलाने वाले दो हथियारबंद लोगों में से एक अमनदीप सिंह था। इसके बाद हमलावरों को एक कार से फरार होते हुए देखा गया। सूत्र ने बताया कि अपने सह-आरोपी की तरह सिंह अस्थायी वीजा पर कनाडा पहुंचा और वह हिंसक अपराध में कथित तौर पर शामिल रहा। उसने बताया कि चारों हमलावर का बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का संदेह है। सिंह उन पांच लोगों में से एक है जिन पर तीन नवंबर, 2023 को पील पुलिस स्पेशलाइज्ड एन्फोर्समेंट ब्यूरो द्वारा ब्रैम्पटन में हथियारों और नशीली दवाओं के अपराध का आरोप लगाया गया था।

## चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद : जयशंकर

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख सैन्य गतिरोध के पांचवें वर्ष में प्रवेश करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत, चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करता है।



इस बात पर जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति पर निर्भर करती है। जयशंकर ने कहा कि बाकी मुद्दे मुख्य रूप से गश्ती अधिकार और गश्ती क्षमता से संबंधित हैं।

विशेष रूप से यह पूछे जाने पर कि न्यूजवीक पत्रिका को पिछले माह दिये साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में विवाद के समाधान की उम्मीद कब तक की जा सकती है, जयशंकर ने कहा कि उन्होंने (मोदी ने) इस मामले पर केवल एक व्यापक दृष्टिकोण साझा किया है। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि बचे हुए मुद्दों का समाधान हो जाएगा। ये मुद्दे मुख्य रूप से वहां गश्त करने के अधिकार और गश्त करने की क्षमताओं से संबंधित हैं।

उन्होंने कहा मैं इसे प्रधानमंत्री के साक्षात्कार से नहीं जोड़ूंगा। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री एक बड़ी तस्वीर वाला दृष्टिकोण पेश कर रहे थे और उनका यह दृष्टिकोण बहुत ही उचित था।

# पीओके में झड़प, डीएसपी की मौत, 100 लोग घायल



पीओके में प्रदर्शन करते लोग। • एजेंसी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, विवादित क्षेत्र में शनिवार को पुलिस एवं अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं और पूरे इलाके में चक्का जाम कर दिया गया और दुकानें बंद रखी गयी। मीरपुर के एसएसपी कामरान अली ने डॉन डॉट कॉम को बताया कि पुलिस उप निरीक्षक अदनान कुरैशी की इस्लामगढ़ शहर में सीने में गोली लगने से मौत हो गयी। कुरैशी वहां अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कोटली और पुंछ जिला होते हुए मुजफ्फराबाद जा रही एक रैली को रोकने के लिए तैनात थे। उन्होंने बताया कि यह रैली जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के बैनर तले निकाली गयी थी।

हड़ताल के बीच पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि मुजफ्फराबाद एवं पुंछ संभाग पूरी तरह बंद रहा। स्थानीय सरकार ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को बुलाया है। एसएसपी यासीन बेग ने कहा कि कम से कम एक पुलिस अधिकारी और एक युवा लड़का घायल हो गए।


# डल झील का पीने लायक पानी आज मुंह धोने लायक तक नहीं बचा : एनजीटी

- एनजीटी ने डल झील की बिगड़ती स्थिति पर मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

एनजीटी ने कश्मीर में डल झील की बिगड़ती स्थिति पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जम्मू-कश्मीर प्रदूषण नियंत्रण समिति सहित कई प्राधिकारों से जवाब मांगा है। एनजीटी एक मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया।

इस रिपोर्ट में कहा गया था, नगरपालिका के सीवेज, प्रदूषण और शहरीकरण के कारण कश्मीर में डल झील की स्थिति खराब हो रही है और इसका प्रभाव हांजी लोगों (हाउसबोट में रहने वाले) के जीवन पर भी पड़ रहा है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीवेज के कारण झील में मछलियों के जीवन पर संकट पैदा हो गया है। एक समय लोग इस झील का पानी पीते थे, लेकिन आज इसका उपयोग मुंह धोने के लिए भी नहीं किया जा सकता है। 8 मई को पारित एक आदेश में, अधिकरण ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट में पर्यावरण नियमों के अनुपालन के संबंध में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है। इसने कहा कि प्रतिवादी सुनवाई की अगली तारीख यानी 21 अगस्त से पहले अपना जवाब दाखिल करें।



## बरी होने के बाद जुलूस निकालने पर 36 लोगों पर मामला दर्ज

**ठाणे।** जिले में निषेधाज्ञा के बीच एक मामले में अपनी रिहाई का जश्न मनाने के लिए जुलूस निकालने पर पुलिस ने एक व्यक्ति सहित 36 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। व्यक्ति के खिलाफ मकोका के तहत मामला दर्ज था।

एक विशेष अदालत ने 7 मई को पर्याप्त सबूतों के अभाव में उस व्यक्ति को बरी कर दिया। भिवंडी शहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 8 मई को इस व्यक्ति के जेल से बाहर आने के बाद उसके समर्थकों ने ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में नवी वस्ती में एक जुलूस निकाला।

# भारत के कई राज्यों में 16 तक हो सकती बारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चलेंगी तेज हवाएं

पूर्वी, मध्य, दक्षिण प्रायद्वीपीय और उत्तर पश्चिम भारत में अगले तीन से चार दिनों तक आंधी, तूफान और तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में 16 मई से पुनः लू चल सकती है। अगले तीन से चार दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत में व्यापक रूप से छिटपुट हल्की बारिश होने का अनुमान है।

विभाग ने कहा कि जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गरज, बिजली और हवाओं के साथ व्यापक रूप से वर्षा होने का अनुमान है। इसके बाद 13 और 14 मई को अलग-अलग गतिविधि के साथ इसमें कमी आएगी। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश में और राजस्थान में 13 से 16 मई, के दौरान गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश और दक्षिण राजस्थान के मैदानी इलाकों में तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है।



बारिश में जाता व्यक्ति। • एजेंसी


# 16 मिनट का ट्रीटमेंट और सुनने लगी 18 माह की बच्ची

लंदन, एजेंसी

- दुनिया में पहली बार जीन थेरेपी ने बदला इतिहास, अब आसान होगा बेहरेपन का इलाज

ब्रिटेन की 18 महीने की बच्ची ओपाल सैंडी ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, जीन थेरेपी के जरिए बच्ची का बहरापन हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो गया है। वो दुनिया की पहली बच्ची है, जो इस थेरेपी के जरिए एक बार फिर सुन सकती है। डॉक्टरों ने कहा कि इस ऐतिहासिक सफलता से बहरेपन का इलाज अब आसानी से हो जाएगा। ये थेरेपी एक मील का पत्थर साबित हुआ है।

ओपाल को न्यूरोपैथी समस्या थी, जिसके कारण बचपन से ही वह सुन नहीं सकती थी। यह समस्या तब होती है जब दिमाग तक जाने वाली कान की भीतरी हिस्से की नस काम नहीं करती है। ओपाल की मां जो सैंडी ने बताया कि इस ऑपरेशन में महज 16 मिनट ही लगे। इलाज के बाद हमें महसूस हुआ कि वह सुन सकती है, तो हमारी खुशी का ठिकाना नहीं था।



### भारतीय मूल के डॉक्टर ने की सर्जरी

बच्चे का इलाज एक भारतीय मूल के ईयर सर्जन प्रोफेसर मनोहर बैंस ने की हैं। इस ट्रायल में ब्रिटेन, स्पेन और अमेरिका के कुछ बच्चों का जीन थेरेपी के जरिए कान का इलाज किया गया था। यह सफल ट्रायल कैंब्रिज यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया।

## दिल्ली में पीयूसीसी उल्लंघन के एक लाख मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस ने रविवार को कहा कि 2024 के पहले चार महीनों में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) उल्लंघन के कुल 101,164 मामले दर्ज किए गए। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि यह पिछले साल दर्ज किए गए मामलों की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है।

पिछले साल एक जनवरी से 30 अप्रैल के बीच इसी अवधि के दौरान 78,169 चालान किए गए थे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने मॉडल टाउन, करोल बाग, नजफगढ़, द्वारका, पंजाबी बाग और तिलक नगर समेत शीर्ष दस ट्रैफिक सर्किल का व्यापक विश्लेषण किया है, जहां 2024 में सबसे ज्यादा चालान जारी किए गए। अधिकारी ने कहा कि पीयूसीसी उल्लंघन में बढ़ोतरी से शहर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण की लगातार चुनौती का पता चलता है।

## बॉलीवुड हलचल

### संजय दत्त पर फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त पर आधारित फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी हो गयी है। द वर्जिन ट्री की शूटिंग मुंबई और पुणे में हुई है। सिद्धांत कुमार सचदेव द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है।फिल्म में काम करने के अनुभव के बारे में नवनीत मलिक ने कहा, संजय दत्त के जवानी के दिनों को पर्दे पर उतारना मेरे लिए अविश्वसनीय यात्रा रही है। रणबीर कपूर के बाद संजय दत्त की भूमिका को निभाना मेरे लिए बड़ा सम्मान है। नवनीत मलिक ने कहा कि संजय के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। वह न सिर्फ एक अद्भुत अभिनेता हैं, बल्कि एक अद्भुत इंसान भी हैं। शूटिंग का अनुभव शानदार था।





### प्रियंका चोपड़ा ने भंसाली की वेबसीरीज की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार की तारीफ की है। वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमन जैसे कलाकार शामिल हैं।

### विक्की कौशल ने छावा की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी आने वाली फिल्म छावा की शूटिंग पूरी कर ली है। छावा का रैपअप हो गया है, जिसकी जानकारी विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर दी है। विक्की ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप शेयर किया है, जिसमें झमाझम बारिश होती दिखाई दे रही है। बारिश वाले क्लिप के साथ विक्की कौशल ने एक इमोशनल पोस्ट भी लिखा है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा कि छावा की शूटिंग अविश्वसनीय रूप से भावुक और ड्रामाटिक जर्नी बिना कुछ ड्रामा के खत्म नहीं हो सकती थी।

## यमन में हौती विद्रोहियों व सरकारी सेना के बीच संघर्ष में 10 की मौत

**अदन।** यमन के मध्य प्रांत मारिब में अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार से जुड़ी संयुक्त यमनी सेना और हौती लड़ाकों के बीच हुई भीषण झड़प में 10 लोग मारे गए। यह जानकारी शिन्हुआ ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से रविवार को दी।

सैन्य सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि तेल समृद्ध शाबवा प्रांत से सटे रणनीतिक शहर मारिब के दक्षिण में हरीब मोर्चे पर रविवार रात जायंट्स ब्रिगेड, संयुक्त सरकार समर्थक बल और हौती लड़ाकों के बीच भीषण टकराव हुआ। मारिब लंबे समय तक यमनी संघर्ष में प्राथमिक युद्ध मैदान रहा है क्योंकि हौती विद्रोहियों ने 2021 की शुरुआत में ऊर्जा संपन्न मारिब प्रांत पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करने के उद्देश्य से बड़ा आक्रमण शुरू किया था। सरकार द्वारा नियंत्रित मारिब शहर महान राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक महत्व रखता है।